हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



भोपाल शाहपुरा का दृश्य

प्रदेश में औसतन डेढ़ डिग्री की गिरावट, प्रदेशभर में तापमान औसतन 41 डिग्री दर्ज, गुना में पारा 43.7 डिग्री तक,10 शहरों में 42 डिग्री पर गर्मी

# भोपाल सहित प्रदेश के 18 शहरों में 'अचानक झमाझम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के मौसम में बदलाव जारी है। बुधवार को भोपाल सहित 18 से अधिक शहरों में बारिश के बाद गर्मी में कुछ राहत महसूस की गई। लेकिन उमस बढ़ गई। कई जिलों में दिन का तापमान 42 से 44 डिग्री के करीब पहुंचते ही बारिश के कारण पारे ने यू-टर्न ले लिया। प्रदेश में बारिश, बौछारों के बाद उमस बढ़ने से लोगों को असहजता रही।

◆ बारिश ने कम की गर्मी, उमस ने किया बेहाल, पारे का यू-टर्न, अभी लू के आसार नहीं

### दोपहर बाद यहां धूलभरी आंधी-बौछारें



बुधवार को दोपहर बाद उज्जैन, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर, देवास, रायसेन, बड़वानी, खरगौन, भोपाल, खंडवा, बुरहानपुर, गुना, अशोकनगर, ग्वालियर, छतरपुर, जबलपुर, सिवनी, सिंगरौली, मंडला, सतना, अनूपपुर, डिंडौरी, कटनी, रीवा और सीहोर में धूलभरी तेज हवाओं के साथ बारिश के बाद गर्मी से राहत मिली है। यहां भी उमस ने लोगों को बेहाल किया।

### आज भी एक दर्जन से अधिक जिलों में बारिश का अलर्ट





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 30 गांवों की नींद उड़ी कर रहे हैं पहरेदारी

**अल्मोड़ा।** जंगल की आग ने 30 गांवों के ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। आदर्श जंगल के रूप में पहचाने जाने वाले स्याहीदेवी-शीतलाखेत जंगल के साथ ही अपने खेत-खलिहानों को बचाने के लिए गांव की महिलाएं, बुजुर्ग, युवा रात-दिन बारी-बारी से जंगल में पहरेदारी कर रहे हैं। खाने-पीने की व्यवस्था भी जंगल में ही हो रही है।

### ईवीएम में छेड़छाड़ के लिए मांगे थे 2.5 करोड़

**मुंबई।** ईवीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपए मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। दानवे ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी मारुती धाकने ने एक चिप के जरिए मशीन में छेड़छाड़ करने का दावा करके कथित तौर पर पैसे मांगे थे।

### सीबीआई ने दो डॉक्टरों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में देश के नामी-गिरामी आरएमएल हॉस्पिटल के दो डॉक्टर्स को गिरफ्तार किया है। इन डाक्टर्स में से एक प्रोफेसर और एक असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। जानकारी के मुताबिक, इन पर गरीब मरीजों से इलाज के नाम पर पैसे लेने और इक्यूपमेंट्स सप्लाई के नाम पर पैसा लेने के आरोप हैं।

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने फिर 'मुंह' खोला, की नस्लीय टिप्पणी-पूर्वी भारतीय चीनी लगते हैं तो दक्षिण के अफ्रीकी

कांग्रेस ने सैम के बयान से फिर किनारा किया, जयराम रमेश ने कहा-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पूरी तरह से इन टिप्पणियों से अलग है

# पित्रोदा ने कांग्रेस को फिर 'पानी' पिलाया



### पीएम मोदी ने कहा

*मैं बहुत गुस्से में हूं। वे चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों को गाली दे रहे है। 'शहजादे' को जवाब देना होगा*

*मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे हैं। चौथे चरण में कांग्रेस का सामान्य मैग्नीफाइंग ग्लास से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को अपनी सीटें खोजने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता पड़ेगी।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मणिशंकर अय्यर के बाद माना जा रहा है कि सैम पित्रोदा ऐसे शख्स हैं, जो कांग्रेस की किसी भी बनती संभावनाओं पर पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। विरासत टैक्स के विवादास्पद मुद्दे के बाद फिर सैम ने मुंह खोल दिया है। सैम ने ऐसे वक्त में मुंह खोल दिया है कि जब कांग्रेस यह मानकर चल रही है कि वह उत्तर-पूर्व और दक्षिण भारत में स्कोर कर रही है। इस समय सैम ने कांग्रेस का बैंड बजा दिया है।

ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रोदा ने भारत की विविधता पर कहा कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। पित्रोदा ने कहा कि भारत में अलग-अलग क्षेत्र के लोगों के रीति-रिवाज, खान-पान, धर्म, भाषा अलग-अलग हैं, लेकिन भारत के लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। विवाद के बाद खबर आई कि सैम पित्रोदा ने ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।

### यह लोग रंगभेदी खेल, खेल रहे हैं

राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में यह लोग राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को हराना चाहते थे, क्योंकि उनकी 'त्वचा का रंग काला है।' पीएम मोदी ने पूछा, क्या मेरे देश में लोगों की क्षमता त्वचा के रंग के आधार पर तय की जाएगी? 'शहजादा' को त्वचा के रंग के इस खेल की अनुमति किसने दी?'

◆ मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह बोले- कानूनी कार्रवाई पर विचार करूंगा



### सैम पित्रोदा ने क्या कहा?

1. भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे
2. दक्षिण में लोग अफ्रीकी
3. पश्चिम में लोग अरबी
4. और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं

## सैम भाई, मैं उत्तर पूर्व से हूं और भारतीय जैसा ही लगता हूं...

सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा नेताओं ने निशाना साधना भी शुरू कर दिया है। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पित्रोदा के बयान पर निशाना साधते हुए लिखा कि सैम भाई, मैं उत्तर पूर्व से हूं और मैं भारतीय जैसा ही लगता हूं। हम एक विविधता भरा देश हैं, हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन हम सब एक हैं। हमारे देश के बारे में थोड़ा तो समझ लो। मणिपुर के सीएम एन बिरेन सिंह ने कहा कि वे कानूनी कार्रवाई करेंगे।



हिमंता बिस्व

उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के करीमनगर के बाद वारंगल में पित्रोदा के भारतीयों की चीनी-अफ्रीकियों से तुलना करने को लेकरराहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज मैं बहुत गुस्से में हूं। चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों को गाली दे रहे हैं। चमड़ी को लेकर देश अपमान सहन नहीं करेगा। शहजादे को इसका जवाब देना होगा। कांग्रेस के जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस इन टिप्पणियों से खुद को अलग करती है।

### भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा

## कांग्रेस की सोच साफ है कि भारत को अंदर से तोड़ो... बाहर से जोड़ो

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सैम पित्रोदा के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कह रहे हैं कि राम मंदिर, राम नवमी और भारत के पीएम के राम मंदिर जाने से भारत की विविधता और लोकतंत्र कमजोर हुआ है। मैं ये कहना चाहता हूं कि जो इन विदेशी सलाहकारों के विचारों से प्रभावित हैं, वो ये बात नहीं समझ सकते कि भारत लोकतंत्र की जननी है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये कांग्रेस का नेतृत्व विदेशी मूल का क्यों हो गया, आप सारे भारतीयों का मूल विदेशियों में ढूंढने लगे। अब कांग्रेस ने भारतीयों में भी विदेशी देखने शुरू कर दिए हैं। यह भारत के विचार और भारत की पहचान पर सवाल खड़े करने वालों के बीच की लड़ाई है। यह विदेशी सोच है, जिसे हमारे दिमागों में मुगलों, अंग्रेजों ने भरा। कांग्रेस की सोच साफ है कि भारत को अंदर से तोड़ो, बाहर से जोड़ो।

### शहजादे के चाचा खोल रहे रहस्य

पीएम मोदी ने सैम पित्रोदा के स्पष्ट संदर्भ में कहा कि मुझे आज पता चला कि 'शहजादे' के एक चाचा अमेरिका में रहते हैं। चाचा उनके दार्शनिक और मार्गदर्शक हैं। शहजादे के दार्शनिक और मार्गदर्शक चाचा ने एक बड़ा रहस्य खोला है। उन्होंने कहा कि जिनकी त्वचा का रंग काला है, वे सभी अफ्रीका से हैं। मोदी ने कहा कि त्वचा का रंग चाहे जो भी हो, देशवासी भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करते हैं जिनकी त्वचा का रंग हम सभी की तरह था।

### मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सैम पित्रोदा के बयान पर कहा कि यह हैरान करने वाला और भद्दा बयान है। वह राहुल गांधी के मेंटोर हैं। यह राहुल गांधी की शब्दावली और विचारधारा है। पहले उन्होंने जाति, धर्म और भाषा के आधार पर बांटा और अब भारतीयों को भारतीयों से बांट रहे हैं।

## नरसिंहपुर में सगे भाई-बहन की नर्मदा में डूबने से मौत

सोकलपुर घाट पर लोगों ने तीन बच्चों को बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहपुर



नरसिंहपुर में दो सगे भाई-बहन की नर्मदा नदी में डूबने से मौत गई। उनके साथ 3 बच्चे और थे, वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बचा लिया। घटना सुबह करीब 7 बजे जिले के साईंखेड़ा में नर्मदा नदी के तट पर बने सोकलपुर घाट की है। जानकारी के अनुसार ग्राम खुरसीपार के ग्रामीण वैशाख माह की अमावस्या पर ट्रैक्टर ट्राली से सोकलपुर घाट स्नान करने गए थे। इस दौरान 5 बच्चे घाट पर स्नान करने लगे। पांचों गहरे पानी में चले गए। इसके बाद हर्षिता गुर्जर (12) और हर्षित गुर्जर (10) की डूबने से मौत हो गई।

### पैनल ने की 65 साल की स्टडी

## भारत की आबादी में 6 प्रतिशत घट गए हिंदू, मुस्लिमों की बढ़ी संख्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत में 1950 से 2015 तक 65 सालों के अंतराल में बहुसंख्यक हिंदुओं की आबादी में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस अवधि में देश की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी में 6 पर्सेंट की गिरावट आ गई। यही नहीं पाकिस्तान, बांग्लादेश जैसे दूसरे देशों की तुलना करें तो वहां बहुसंख्यक मुस्लिमों की आबादी में हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। स्टडी के अनुसार एक तरफ भारत में हिंदुओं की हिस्सेदारी घट गई है तो वहीं अल्पसंख्यक मुस्लिमों ईसाई, बौद्ध और सिखों की आबादी में इजाफा हुआ।

### भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किए आदेश

## मुलताई विस के चार मतदान केंद्रों में पुनर्मतदान के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




भारत निर्वाचन आयोग ने बैतूल लोकसभा क्षेत्र में आने वाले मुलताई के चार मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराने का निर्णय लिया है। एक दिन पहले मतदान के दिन वाहन में आग लगने की वजह से 6 में से चार मतदान केंद्रों का ईवीएम व वीवीपैट मशीनें जलकर खाक हो गई थी। इसकी रिपोर्ट कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल ने मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजी थी। इस रिपोर्ट को चुनाव आयोग के पास भेजा गया था।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

## मुसलमान 'लिव इन' में रहने का अधिकार नहीं मांग सकता

एजेंसी ⏭ इलाहाबाद

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मुसलमान समाज को लेकर एक अहम टिप्पणी की है, उस टिप्पणी में कहा गया है कि कोई भी मुस्लिम लिव इन में रहने का अधिकार नहीं मांग सकता।



■ कपल ने कोर्ट से मांगी थी सुरक्षा भी

असल में एक मुस्लिम शख्स हिंदू महिला के साथ लिव इन में रह रहा है, लेकिन उसकी शादी एक मुस्लिम महिला से पहले ही हो चुकी थी। एक पांच साल की बेटी भी थी, इसी वजह से अब कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि एक शख्स जो इस्लाम को मानता है, उसके पास लिव इन में रहने का कोई अधिकार नहीं है, वो अधिकार तब तो बिल्कुल भी नहीं दिया जा सकता अगर उसकी पत्नी पहले से हो। अब जानकारी के लिए बता दें कि जो कपल कोर्ट गया था कुछ महीने पहले भी सुरक्षा को लेकर उसकी तरफ से एक याचिका दायर की गई थी।

### 'सुरक्षित टीके' को लेकर उठे थे सवाल

## एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से कोरोना वैक्सीन वापस मंगाई

एजेंसी ⏭ लंदन

दुनियाभर में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि



■ भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं


वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है। गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। भारत में लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन भी उसी फार्मूले पर बनी है, जिस पर वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनी है। भारत में कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया था, लेकिन अभी तक भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं हुआ है।

### कोर्ट ने लिखित समझौते को माना आधार

## शादीशुदा व्यक्ति ने लिव-इन पार्टनर से किया दुष्कर्म, बरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

इंदौर जिला अदालत ने 34 वर्षीय एक विवाहित व्यक्ति को अपनी लिव-इन पार्टनर के साथ दुष्कर्म करने, गर्भपात के लिए मजबूर करने और जान से मारने की धमकी देने के



■ आरोपी ने 200 दिन जेल में भी बिताए

आरोपी को बरी कर दिया है। एक अभियोजन अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस फैसले में, अदालत ने कहा कि एक समझौता था जिसके तहत 29 वर्षीय महिला ने एक ऐसी व्यवस्था के लिए सहमति दी थी जिसमें 29 वर्षीय महिला ने इस बात पर सहमति जताई थी कि पुरुष सात दिन उसके साथ और सात दिन अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा। महिला ने इस व्यक्ति के खिलाफ शहर के भंवरकुआं पुलिस थाने में 27 जुलाई 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म किया।









# अंबानी-अडाणी की माला जपने वाले 'कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया', खरगे का पलटवार-अब दोस्त- दोस्त न रहा

प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल का नाम लिए बगैर 'दाल में कुछ काला' होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टैंपो भर-भर के 'आपने पाया है' और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा।



## पीएम मोदी ने तेलंगाना में कांग्रेस पर किया बड़ा हमला

एजेंसी ⏭ करीमनगर

पीएम नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही 'अंबानी और अदाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया' है। राहुल का नाम लिए बगैर 'दाल में कुछ काला' होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टेम्पो भर-भर के 'आपने पाया है' और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। 5साल से एक ही माला जपते थे।

5 उद्योगपति... फिर धीरे-धीरे कहने लगे... अंबानी, अदाणी... पांच साल से... लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है इन्होंने अंबानी अदाणी को गाली देना बंद कर दिया। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली में मोदी ने यह दावा भी किया कि तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों का तीसरा 'फ्यूज' उड़ गया है।उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जीत की ओर बढ़ रहा है।

### भाजपा का 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत में यकीन

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत में यकीन करती है जबकि कांग्रेस और बीआरएस के लिए 'परिवार प्रथम' है। उन्होंने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस ने भ्रष्टाचार पर एक-दूसरे की खुलकर आलोचना की है लेकिन अब इन दोनों दलों के बीच भ्रष्टाचार एक सामान्य कारक है।

### काले धन के कितने बोरे भरे

उन्होंने कहा कि जरा ये शहजादे घोषित करें कि काले धन के कितने बोरे भर के रुपए मारे हैं? क्या टेंपो भर के नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं क्या? क्या सौदा हुआ है? मोदी सरकार पर हमला करने के लिए कांग्रेस, प्रधानमंत्री मोदी पर व्यवसायी गौतम अदाणी और मुकेश अंबानी सहित देश के शीर्ष पांच उद्योगपतियों का पक्ष लेने का आरोप लगाती रही है।

**पीएम ने पूछा- रातों-रात गाली देना क्यों बंद?**

### कांग्रेस और इंडी गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ा

उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि तीसरे फेज में कांग्रेस और इंडी गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ गया है। अभी चार चरण का चुनाव बाकी है। जनता के आशीर्वाद से भाजपा और एनडीए तेजी से विजय रथ को आगे ले जा रही है। बीआरएस का यहां कोई अता-पता ही नहीं है।

### लोगों ने पिछले 10 सालों में मेरे काम को देखा

उन्होंने कहा कि तलोगों ने पिछले 10 सालों में मेरे काम को देखा है। आपके एक वोट ने भारत को दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया। अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ। आपके एक वोट ने भारत को रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक बना दिया। कांग्रेस पार्टी ने अपने पूरे शासनकाल में हमारे लोगों की क्षमता को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया।

## खरगे का पीएम मोदी पर हमला | अब दोस्त दोस्त न रहा डगमगा रही है कुर्सी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जनता को अब असलियत का पता चल चुका है। खडरगे ने दावा किया किया कि पीएम मंच से जिस जनता को मित्र कहते थे, वे अब उन्हीं पर हमलावर हो रहे हैं। साहब, बीबी और गैंगस्टर का दौर बिहार में फिर शुरू होगा? उन्होंने पर एक पोस्ट में कहा, वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा...तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद आज प्रधानमंत्री जी अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं, इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी अब उद्योगपति मुकेश अंबानी और अडाणी का साथ छोड़ रहे हैं। खरगे ने दावा किया कि खुद की छवि को बचाने के लिए पीएम ऐसा कर रहे हैं। जयराम रमेश ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि जिस व्यक्ति ने अपनी पार्टी के लिए 8,200 करोड़ का चंदा इकट्ठा किया।

## प्रियंका ने रायबरेली में की रैली
# पीएम मोदी ने मदद करने की जगह लोगों को राशन का बोरा पकड़ा दिया



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाई राहुल गांधी के लिए बुधवार से प्रचार शुरू कर दिया। बछरावां विधानसभा क्षेत्र के फुलवासा में नुक्कड़ सभा में प्रियंका ने पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला।उन्होंने कहा कि पीएम ने आपकी जरूरतें और मदद करने की बजाय 5 किलो राशन का बोरा थमा दिया। इससे क्या होने वाला है? 103 साल पहले किसान आंदोलन के दौरान नेहरू जी ने यहीं गिरफ्तारी दी थी।भाजपा बेरोजगारी और महंगाई जैसे जनता से जुड़े मुद्दों पर बात नहीं करती। कांग्रेस आई तो नौजवानों को रोजगार मिलेगा और ग्रेजुएट को एक लाख रुपए दिए जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान सपा के बयान पर भड़के गृहमंत्री शाह
# जरा भी गलती की तो ये राममंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देंगे

**लखीमपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लखीमपुर में चुनावी जनसभा में सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान पर कहा कि ये राम मंदिर को बेकार बताते हैं। जरा भी गलती की तो ये राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देंगे। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी। गुंडई चलती थी। जमीनों पर कब्जे होते थे। होली दिवाली के दिन बिजली नहीं आती थी और रमजान में 24 घंटे बिजली रहती थी। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा वाले झूठा प्रचार कर भाजपा और मोदी को बदनाम कर रहे हैं।



### कांग्रेस के पास नेता, नीयत और नीति ही नहीं

गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। आपकी दादी ने एक झटके आपातकाल लगाया। पिताजी ने एक झटके में तीन तलाक इंट्रोड्यूज किया। आपकी पार्टी ने झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया। गृहमंत्री ने अपने संबोधन में सीएए का जिक्र कर कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि हम सीएए हटा देंगे। इनके पास न नेता है, न नियत है और न नीति है।

### ये चुनाव करोड़ों गरीबों को घर देगा

शाह ने कहा कि ये चुनाव और 3 करोड़ गरीबों को उनका खुद का घर देने का चुनाव है। ये चुनाव 3 लाख गांवों में डेयरी बनाकर पशुपालन के साथ जुड़े हुए भाई-बहनों को समृद्ध बनाने का चुनाव है। जबकि कांग्रेस गरीबों का आरक्षण छीन रही है।

## हिमाचल में अनुराग के समर्थन में किया प्रचार, विपक्ष पर बरसे भाजपाध्यक्ष नड्डा
# सोनिया के लिए श्रीराम काल्पनिक, कांग्रेस सनातन विरोधी

**बिलासपुर।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कर्मभूमि बिलासपुर दौरे पर थे। यहां से उन्होंने पन्ना प्रमुख सम्मेलन के में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। नड्डा ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को ज्यादा से ज्यादा बढ़त दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चुनाव में विजय का शंखनाद किया। नड्डा ने कहा कि सबसे पहले मां नयना देवी जी को प्रणाम करता हूं। चुनाव की बेला में पूरी मेहनत से हमारे कार्यकर्ता काम कर रहे हैं।



### कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी

प्रदेश की सुक्खू सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने हिम केयर का 50 करोड़ भी नही दिया है। कांग्रेस ने यहां एक भी विकास का पत्थर नहीं लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राम और सनातन विरोधी तथा राष्ट्रद्रोही पार्टी है।

### ट्रिपल तलाक को खत्म किया

भाजपा वही पार्टी है जिसने अनुच्छेद 370 हटाया, राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करवाई, ट्रिपल तलाक जो कांग्रेस ने भारत में चला रखा था, खत्म किया।

### नड्डा को समन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने विवादित पोस्ट के मामले में नड्डा को समन भेजा है। पुलिस ने आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय को समन भेजा है।

## खबर संक्षेप

### एचडी रेवन्ना को 14 तक न्यायिक हिरासत में भेजा


**बेंगलुरु।** अपहरण के आरोप का सामना कर रहे कर्नाटक जद(एस) विधायक और पूर्व मंत्री एचडी



रेवन्ना को बुधवार को बेंगलुरु की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी जमानत याचिका गुरुवार के लिए पोस्ट की गई है। उनकी गिरफ्तारी तीन बच्चों की मां एक महिला के अपहरण और अवैध रूप से बंधक बनाने से संबंधित मामले में हुई है।

### गैंगरेप के बाद तलवार से अंगुलियां काटी


**बांसवाड़ा।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में गैंगरेप का एक सनसनीखेज मामला सामने आया



है। सेकंड ईयर में पढ़ने वाली छात्रा के साथ दो दरिंदों ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने पहले गैंगरेप किया, फिर तलवार से अंगुलियों को काट डाला। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी ने उसे जान से मारने की कोशिश की थी।

### शहरों के नाम बदले, कोर्ट -नाम में क्या रखा है?

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि नाम में क्या रखा है? कोर्ट ने यह टिप्पणी इसलिए की है क्योंकि



महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजी नगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव करने का फैसला लिया है। इसके खिलाफ कई याचिकाएं दी गई हैं। सभी को खारिज करने के साथ कोर्ट ने कहा कि नाम में क्या रखा है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल से जुड़ी याचिका की खारिज, साथ ही लगाया जुर्माना
# आपातकाल या मार्शल लॉ लगा देना चाहिए ? मीडिया की खबरों पर रोक नहीं लगा सकते

एजेंसी ⏭ दिल्ली

हाईकोर्ट में केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने देने के लिए विशेष व्यवस्था की एक



जनहित याचिका श्रीकांत प्रसाद नाम के एक वकील ने दायर की थी। याचिका में दिल्ली में राष्ट्रपति शासन से संबंधित खबरों पर रोक लगाने की भी मांग की थी। कोर्ट ने न सिर्फ पीआईएल को खारिज कर दिया बल्कि याचिकाकर्ता पर एक लाख का जुर्माना भी ठोक दिया। याचिका में कहा गया था कि केजरीवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का इंतजाम किया जाए। मीडिया घरानों को सीएम के संभावित इस्तीफे और खबरें देने से रोकने की भी मांग की। एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने पैसों को एम्स के खाते में जमा करने के लिए कहा गया है। कोर्ट ने इस बीच कड़ी टिप्पणी की।

**आप का कहना है कि उसके मुखिया सीएम के पद से इस्तीफा नहीं देंगे और जेल से ही सरकार चलाते रहेंगे**



### हम प्रेस पर पाबंदी लगाने का आदेश नहीं दे सकते

बेंच ने याचिका की आलोचना करते हुए कहा कि हम क्या कर सकते हैं? आपातकाल लागू करें? सेंसरशिप या मार्शल लॉ लागू करें? हम प्रेस पर प्रतिबंध लगाने का आदेश कैसे पारित कर सकते हैं? केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाने पर अड़े हैं। आप का कहना है कि उसके मुखिया सीएम के पद से इस्तीफा नहीं देंगे और जेल से ही सरकार चलाते रहेंगे। इससे पहले भी दिल्ली हाईकोर्ट ने यह कहकर याचिका को खारिज कर दिया था कि इसका फैसला खुद केजरीवाल को करना है या उपराज्यपाल और राष्ट्रपति को करना है।

**ईडी का सुप्रीम कोर्ट में दावा, सबूत है**

### घोटाले के आरोपी ने दिया केजरीवाल के 7 स्टार होटल में रुकने का पैसा

इस दौरान ईडी के वकील ने एक बड़ा दावा किया। सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि गोवा चुनाव के दौरान केजरीवाल 7 स्टार होटल में रुके थे, जिसका पेमेंट शराब घोटाले के एक आरोपी ने किया था। उन्होंने इसे लेकर 'सबूत' का भी जिक्र किया। एसवी राजू ने यह भी कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर हो रही राजनीति से ईडी को कोई सरोकार नहीं है।

**घोटाले वाले पैसे से 7 स्टार में रुके**

ईडी का आरोप है कि दिल्ली शराब घोटाले के पैसे का इस्तेमाल 'आप' ने गोवा चुनाव में किया था। ईडी के वकील ने कहा, हमारे पास इसका सबूत है कि केजरीवाल के गोवा में रहने के खर्च का पेमेंट चनप्रीत सिंह ने किया था। केजरीवाल गोवा के ग्रैंड हयात 7 स्टार होटल में रुके थे।

### अंतरिम जमानत पर कल आएगा फैसला

दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को आदेश पारित कर सकता है। सुनवाई करने वाली पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश (अंतरिम जमानत पर) सुनाएंगे।

## झारखंड में पहले मिला था 'नोटों का पहाड़'
# लाल को 'मंत्रालय' ले जाकर मारा छापा, भारी कैश बरामद





एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड में इस वक्त प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की बड़ी कार्रवाई की खबर है। ईडी की टीम झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्रालय में छापेमारी कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी गिरफ्तार आरोपी संजीव लाल को प्रोजेक्ट भवन लेकर पहुंची है जहां ग्रामीण विकास मंत्रालय है और रेड कर रही है। इतना ही नहीं ईडी की टीम को संजीव लाल के दफ्तर से भी कैश मिला है। आरोपी संजीव लाल झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम गीर का निजी सचिव है। 2 दिन पहले भी 6 ठिकानों पर कार्रवाई कर चुकी है। उस कार्रवाई में प्रवर्तन निदेशालय को 35 करोड़ से अधिक रुपए मिले थे।

### इसके पहले भी ईडी ने की यहां छापेमारी

ईडी ने ने राज्य के ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर विरेंद्र के. राम को फरवरी 2023 में एक मनी लॉनड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन पर कथित तौर पर मनी लॉनड्रिंग और अनियमितताओं के कुछ आरोप थे। उसी मामले में ईडी की टीम ने विरेंद्र के. राम और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके अलावा झारखंड सरकार के मंत्री आलम गीर के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू नौकर के ठिकानों पर भी छापेमारी की थी। आरोपी संजीव लाल के नौकर के घर पर हुई छापेमारी में ईडी को बड़ी रकम बरामद हुई थी। उसके रेड के बाद अब ईडी की टीम ग्रामीण विकास मंत्रालय में रेड कर रही है।

## चारधाम यात्रा के लिए काउंटर रजिस्ट्रेशन
# उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब पुलिस को संभालना पड़ा मोर्चा

एजेंसी ⏭ हरिद्वार

चार धाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। यात्रा 10 मई से शुरू होने जा रही है। इसके लिए काउंटर रजिस्ट्रेशन बुधवार से शुरू हो गए हैं।

ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन खुलने के पहले दिन ही उत्तराखंड के प्रवेश द्वार हरिद्वार में तीर्थ यात्रियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा. 10 तारीख से शुरू होने जा रही चार धाम यात्रा के लिए बुधवार से काउंटर रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। हरिद्वार के पर्यटन कार्यालय परिसर में की गई व्यवस्थाएं पहले दिन नाकाफी नजर आईं। रजिस्ट्रेशन के पहले दिन यहां




यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रजिस्ट्रेशन की रफ्तार धीमी होने से यात्रियों में काफी नाराजगी देखी गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस की तैनाती भी की गई। यात्रियों का कहना है कि उन्हें रजिस्ट्रेशन के बारे में पहले कोई जानकारी नहीं थी। हरिद्वार पहुंचने पर उन्हें रजिस्ट्रेशन के बारे में पता चला। सुबह 5 से लोग कतारें लगाकर यहां पर खड़े हुए हैं।

## अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे की गडकरी ने की जमकर तारीफ
# प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही औद्योगिक कुशलता की मौजूदगी की जुगलबंदी का यहां दिखाई देगा 'नजारा'

एक्स पोस्ट कर लिखा अब लोगों का आना जाना और आसान होगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अहमदाबाद-वडोदरा



एक्सप्रेसवे की तारीफ की है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर प्राकृतिक सुंदरता और औद्योगिक कुशलता की मौजूदगी की जुगलबंदी महसूस की जा सकती है। यह एक्सप्रेसवे देशभर के वाणिज्यिक केंद्रों को गुजरात से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



### गुजरात को सभी इंडस्ट्रियल हब से कनेक्ट कर रहा

केंद्रीय मंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर प्राकृतिक सुंदरता और औद्योगिक कुशलता की शानदार जुगलबंदी देखने को मिलती है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरात को सभी इंडस्ट्रियल हब से कनेक्ट करता है और न केवल आवाजाही आसान होती है बल्कि पूरे सफर के दौरान दर्शनीय भव्य प्राकृतिक सौंदर्य भी मिलता है।

### मुख्य लॉजिस्टिक केंद्रों के साथ कनेक्टिविटी से विकास को मिलेगी गति

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वडोदरा में मुख्य लॉजिस्टिक केंद्रों के साथ कनेक्टिविटी अच्छी तरह से जुड़ी हुई है। परिणामस्वरूप, इससे अंकलेश्वर और भरूच क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे के 87 किलोमीटर के हिस्से का पूरा होना एक मजबूत सड़क नेटवर्क के निर्माण की सरकार की बड़ी चिंता को दिखाता है।

### यह तीन ट्रांचेज में खोला गया था

हाल ही में पीएम ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के वडोदरा-भरूच सेक्शन का उद्घाटन किया था। इस एक्सप्रेस की कुल दूरी 87 किलोमीटर है और आम जनता के लिए इसे तीन ट्रांचेज में खोला गया था। इस एक्सप्रेसवे का मुख्य मकसद बड़े इकोनॉमिक हब के साथ कनेक्टिविटी और यात्रियों को आसाना और सुविधाजनक ट्रैव एक्सपीरियंस मुहैया कराना है। अब गुजरात में इन हाईवे के साथ ट्रांसपोर्टेशन में तेजी आई है।

जबलपुर
गुरुवार, 9 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-1
वर्ष : 19, अंक : 9
पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये
मौसम
अधि. 40
न्यून. 25
haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



4 मतदान और बढ़ाने की जरूरत





मैट्रो
14 सत्यापन के बगैर फ्यूल चार्ज तय ...


अचानक बीमार होने की सूचना दी और अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए, नागर विमानन मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट

# एयर इंडिया के 300 क्रू मेंबर सिक लीव पर, 80 से अधिक उड़ानें रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस के लगभग 300 सीनियर केबिन क्रू सदस्यों ने आखिरी वक्त पर बीमार होने की सूचना दी और अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए. अब उनसे कॉन्टैक्ट नहीं हो पा रहा है। कैप्टन और क्रू स्टाफ की कमी के चलते एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी। नागर विमानन मंत्रालय ने इसकी रिपोर्ट मांगी है। गौर हो कि एयर इंडिया एक्सप्रेस, एयर इंडिया एशिया और विस्तारा सभी टाटा ग्रुप का हिस्सा बन गए हैं। इस वजह से नौकरी की शर्तें भी बदल गई हैं। इसमें मेरिट सिस्टम लाए जाने के साथ-साथ कई अन्य शर्तें भी लाई गई हैं, जिन्हें पुराने स्टाफ ने स्वीकार नहीं किया है। ऐसे में बाकी चीजें भी तय नहीं हो पा रही है, जिससे स्टाफ में असंतोष बढ़ रहा है।

**एयर इंडिया एक्सप्रेस एयर इंडिया एशिया और विस्तारा सभी टाटा ग्रुप का हिस्सा बन गए हैं**



"कई यात्रियों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर उड़ानें अचानक रद्द होने की शिकायत की। कई यात्रियों का कहना है कि एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि फ्लाइट कैंसिल हो गई है

एयर इंडिया के अधिग्रहण के कुछ दिन बाद ही कई स्टाफ को उनका बेहतरीन रिकॉर्ड होने के बावजूद नौकरी से निकाल दिया गया

जबकि अधिग्रहण पर केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया था कि 2 साल तक किसी को नौकरी से नहीं निकाला जाएगा

## डीजीसीए के अधिकारी नजर बनाए हुए

नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से 80 घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द करने के मामले में रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने एयरलाइन से तत्परता से इस मामले का समाधान करने को भी कहा है। इसके साथ ही एयरलाइन को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशों के मुताबिक यात्रियों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। इस मामले में डीजीसीए के अधिकारी नजर बनाए हुए है। दरअसल, टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस, एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयर एशिया इंडिया) का खुद में विलय करने की प्रक्रिया में है।

संघ ने दी थी चेतावनी

### मैनेजमेंट ठीक नहीं, एक साथ जा सकते हैं छुट्टी पर

एयर इंडिया एक्सप्रेस के स्टाफ के संगठन 'एयर इंडिया एक्सप्रेस एम्प्लॉइज यूनियन' ने पिछले महीने कंपनी के मैनेजमेंट को एक चिट्ठी लिखकर अपनी मांगों और समस्याओं को सामने रखा था। ये यूनियन भारतीय मजदूर संघ से जुड़ा है। एअर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ लगभग 300 क्रू सदस्यों का प्रतिनिधित्व करती है। उसमें मुख्य रूप से अधिकतर सीनियर स्टाफ हैं। उन्होंने कथित तौर पर आरोप लगाया था कि मैनेजमेंट सही न होने के कारण स्टाफ के मनोबल पर असर पड़ा है। पिछले महीने के आखिर में संघ ने आरोप लगाया था कि एयरलाइन का मैनेजमेंट ठीक से काम नहीं कर रहा. स्टाफ के साथ व्यवहार में समानता की कमी है।







खबर संक्षेप

## दुष्कर्मियों के घर पर चला दिया बुलडोजर

**शहडोल।** शहडोल में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपियों के घरों पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चला दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद था। इससे पहले पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। सभी आरोपी कल्याणपुर वार्ड के रहने वाले हैं। लल्लू गुप्ता, मो. समीम साहिल कुरैशी, कैलाश उर्फ मन्नू पनिका व मो. अफजल अंसारी पर दुष्कर्म का आरोप है।



## पाक में बैठे आतंकी आकाओं की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान में बैठे सात और आतंकी आकाओं की लाखों रुपए की संपत्तियां बारामुला में कुर्क की। इससे पहले 8 आतंकी संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि, बारामुला में अदालत द्वारा पारित आदेश प्राप्त करने के बाद, पाकिस्तान में बैठे आतंकी आकाओं की 13 कनाल जमीन कुर्क की गई। इन पहचान शब्बीर, गुलाम, गुलाम नबी शेख,शरीफ उददीन,गुल्ला शेख, मोहम्मद रफीक,अब्दुल के रूप में की।



## विधायकों का इस्तीफा मंजूर करने से इंकार

**शिमला।** हिमाचल के तीन निर्दलीय विधायकों को फिलहाल हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। इनकी याचिका पर हाईकोर्ट की डबल बेंच ने बुधवार को अपना फैसला सुना दिया है। निर्दलियों विधायकों की उस अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज किया, जिसमें कोर्ट द्वारा ही इस्तीफा स्वीकार करने का आग्रह किया था। कहा कि कोर्ट ने याचिका को स्वीकार नहीं कर किया। कहा विधानसभा अध्यक्ष का क्षेत्राधिकार है। यह मामला मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने मामले को सुना।





टोंकखुर्द के माधवपुर खेड़ा गांव में अज्ञात बीमारी

# दो बच्चियों की मौत, अब तक 100 की जांच, भोपाल व इंदौर से जांच दल पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास/भोपाल

जिले की टोंकखुर्द तहसील के ग्राम माधवपुर खेड़ा गांव में फैली बीमारी पर सरकार ने तत्काल संज्ञान लिया। इंदौर और भोपाल से जांच दल देवास पहुंचा और जांच शुरू की गई।

दरअसल, जिले की टोंकखुर्द तहसील के ग्राम माधवपुर खेड़ा में डेंगू या कोई नई गंभीर बीमारी फैलने की सूचना बीते दिनों जिला स्वास्थ्य की टीम को मिली थी, जिसके बाद शिविर लगाकर ग्रमीणों की जांच की जा रही थी, लेकिन दो बच्चियों की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर जिन बच्चों की मौत हुई है उन्हें पहले बुखार आया था । इसके बाद उन्हें सरकारी और निजी अस्पतालों उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इसी तरह गांव के कुछ अन्य बच्चे, महिलाएं भी बुखार और सिरदर्द से पीड़ित हैं.जिनकी शिविर में जांच कर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को पहुंची एमजीएम कॉलेज इंदौर की टीम के हेड वीपी गोस्वामी ने बताया कि दो बच्चियों की मौत के बाद लगातार गांव में निरीक्षण किया जा रहा है और यहां पर कम्युनिटी सर्वे किए जा रहे हैं।



चिंतन

# नस्लीय उपमाओं से बचें कांग्रेस के नेता

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के चीनी, अरबी, गोरों व अफ्रीकी बयान से उनकी विभाजनकारी सोच परिलक्षित होती है। उच्च शिक्षित, भारत में कंप्यूटर क्रांति के सूत्रधार सैम पित्रोदा जैसी शख्सियत से भारत की विविधता के लिए रंगभेद आधारित उपमा की उम्मीद नहीं की जा सकती है। भारत के संदर्भ में सैम पित्रोदा का बयान शर्मनाक है, दुर्भाग्यपूर्ण है, निंदनीय है। कांग्रेस ने भी इसे गलत व अस्वीकार्य कहा है। भारत में अनेक स्तर पर विविधताएं हैं, लेकिन मजबूत एकता भी है। देश में विभिन्न धर्म-जाति, विभिन्न भाषा-संस्कृति, विभिन्न कद-काठी, विभिन्न रहन-सहन, विभिन्न वेशभूषा के लोग रहते हैं, सभी मिलजुल कर सदभाव व सौहार्द के साथ रहते हैं। इसलिए कहा जाता है कि भारत विभिन्नता में एकता वाला देश है। शायद पित्रोदा भी यही करना चाहते हों, लेकिन उनकी उपमाएं अच्छा संदेश नहीं दे रही हैं। देश की फिजा समावेशी है, लेकिन कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के नस्लीय बयान से देश की विभाजनकारी ताकतों को हवा मिलती है। पहले से ही भारत के अनेक दुश्मन हैं, वे हमेशा ऐसी ताक में रहते हैं कि उन्हें भारत को कमजोर करने का असर मिले। यह बात पित्रोदा भी भलीभांति जानते हैं। बेशक कांग्रेस ने पित्रोदा के बयान से खुद को अलग कर लिया है, सैम ने ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, पर इससे उनके बयान के खतरे कम नहीं हो जाते हैं। चाहे पूर्वोत्तर के लोग हो, उत्तर के हों, पश्चिम के हों, या दक्षिण भारत के लोग हों, सभी भारतीय हैं। सभी के दिल में तिरंगा बसता है। सैम पित्रोदा ने भारत के लोगों के रंग के आधार पर उनकी तुलना विदेशी मुल्कों के वासियों से करके सभी भारतवासियों को कष्ट पहुंचाया है, भारतीयों के दिल को चोट पहुंचाया है। सैम पित्रोदा को इसका एहसास है? इससे पहले भी सैम ने विरासत टैक्स की बात चुनाव के दौरान उठाकर कांग्रेस को संकट में डाला है। भारत में विरासत टैक्स जैसी बात व्यवहारिक नहीं है। विरासत टैक्स के विचार को पहले ही खारिज किया जा चुका है। कांग्रेस अपने पूर्व नेता मणिशंकर अय्यर के चायवाले बयान का खामियाजा भुगत चुकी है। कांग्रेस में अनेक बयानवीर नेता हैं, जो अपनी ही पार्टी को नुकसान पहुंचाते रहे हैं। चाहे दिग्विजय सिंह हों, शशि थरूर हों, अपने बयानों से कांग्रेस को नुकसान पहुंचा चुके हैं। शशि थरूर का कैटल क्लास वाला बयान भारत की गरीब जनता का अपमान था। देश में लोकसभा चुनाव जारी है, तीन चरण के मतदान हो चुके हैं, चार चरण शेष हैं, प्रचार अभियान शबाब पर है, इस बीच सैम पित्रोदा ने पहले विरासत कर और नस्लीय बयान देकर भाजपा को बैठे बिठाए मुद्दा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोरदार तरीके से कांग्रेस पर हमला बोला है। भले ही कांग्रेस को लगे कि सैम पित्रोदा के इन बयानों से उसके चुनावी प्रदर्शन पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन विश्ववास से कुछ नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस के मोमेंटम का गहरा धक्का लग सकता है। अभी जब पूरी दुनिया में रंगभेद के खिलाफ सोच विकसित हुई है। यूरोप,, अमेरिका, लैटिन अमेरिका, यूरेशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, एशिया आदि सभी महादेशों में रंगभेद, नस्लभेद, जातिभेद और धर्मभेद के खिलाफ अलग-अलग स्तर पर विमर्श चल रहे हैं, जिसमें दुनिया को मानवता की दृष्टि से और सभी मानव एक हैं, के नजरिये से देखने की बात हो रही है। रंगभेद के खिलाफ कानून तक बना है। हो सकता है कि सैम पित्रोदा की मंशा न हो, पर उनकी बातों से नस्लभेद का संदेश ही निकला। अगर पित्रोदा देश की एकता, विविधता को मजबूत करने वाली सरल उपमाएं लोगों के सामने रखते तो, अच्छा होता।


जयंती

योगेश कुमार गोयल




# सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे महाराणा प्रताप

अपनी वीरता, स्वाभिमान, दृढ़ संकल्प और त्याग से इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कराने वाले हिन्दू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप 16वीं शताब्दी के ऐसे कुशल वीर योद्धा थे, जिन्होंने विभिन्न युद्धों में अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए उन्होंने अपने जीवनकाल में हमेशा मुगलों को लोहे के चने चबाने पर विवश किया। दरअसल मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप ऐसे महान वीर और निर्भीक शासक थे, जिन्हें मुगलों का शासन कदापि स्वीकार नहीं था। मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा राणा उदय सिंह और महारानी जयवंता बाई के ज्येष्ठ पुत्र महाराणा प्रताप बचपन से ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और युद्ध कला में भी पारंगत थे। इतिहासकार महाराणा प्रताप को ऐसा योद्धा मानते हैं, जिनके युद्ध कौशल के दुश्मन भी कायल थे और इसीलिए प्रायः दुश्मन भी उन्हें सलाम करते थे। मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक से बचाने के लिए उन्होंने अनेक लड़ाइयां लड़ी, जिनके कारण ही उनका नाम पराक्रमी, शूरवीर, साहसी, राष्ट्रभक्त और एक वीर सम्राट के रूप में इतिहास के पन्नों में अजर-अमर हो गया। युद्ध कला और नीति निर्माण में निपुण महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाएं मेवाड़ में तो आज भी लोकगीतों के माध्यम से बताई जाती हैं। इन्हीं हिन्दू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती 9 मई को मनाई जा रही है। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के मेवाड़ में ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन पुष्य नक्षत्र में हुआ था। बचपन में उन्हें कीका के नाम से पुकारा जाता था और उनका राज्याभिषेक गोगुंदा में हुआ था। दरअसल बचपन में महाराणा प्रताप का जीवन काफी समय तक भीलों के साथ भी बीता। भील उस समय अपने पुत्र को कीका कहकर संबोधित करते थे, इसीलिए महाराणा प्रताप को भी कीका कहकर संबोधित किया जाता था। महाराणा प्रताप के बारे में कम लोग ही जानते होंगे कि युद्ध के समय वे एक म्यान में एक साथ दो तलवारें रखा करते थे, एक स्वयं के लिए और दूसरी दुश्मन के लिए। यही नहीं, वह एक कुशल योद्धा की भांति कभी किसी निहत्थे पर वार भी नहीं करते थे और जरूरत पड़ने पर म्यान से निकालकर अपनी ही दूसरी तलवार शत्रु को लड़ने के लिए दे देते थे। महाराणा प्रताप जब युद्ध के लिए प्रस्थान करते थे तो 208 किलोग्राम वजनी दो तलवारें, 72 किलोग्राम का कवच और 80 किलोग्राम का भाला अपने साथ लेकर जाते थे। मुगल सम्राट अकबर भारत के सभी राजा-महाराजाओं को अपने अधीन कर मुगल साम्राज्य की स्थापना कर पूरे हिन्दुस्तान में इस्लामिक परचम फहराना चाहता था, इसीलिए उसने महाराणा प्रताप के मेवाड़ को जीतने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महाराणा प्रताप के 24 भाई और 20 बहनें थी। उनके एक सौतेले भाई जगमाल ने उन्हें धोखा देते हुए अजमेर जाकर अकबर से संधि कर ली थी, लेकिन महाराणा प्रताप अकबर के विशाल साम्राज्य के समक्ष कभी नहीं झुके और उन्होंने जीते-जी अकबर की अधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया, बल्कि अकबर के साथ कई वर्षों तक संघर्ष किया। उन्होंने देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और हल्दी घाटी युद्ध में अकबर के साथ वीरतापूर्वक लड़ा। महाराणा प्रताप और अकबर के बीच 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में भीषण युद्ध हुआ था। उस युद्ध में महाराणा प्रताप को अफगानी राजाओं का समर्थन प्राप्त था। अफगानी हाकिम खान अंतिम सांस तक युद्ध में राजपूतों की ओर से लड़े थे। हालांकि महाराणा प्रताप को उस युद्ध के मैदान से भागने के लिए विवश होना पड़ा था, लेकिन उन्होंने जब तक बड़ी संख्या में अकबर की सेना का सफाया करने में कामयाबी हासिल की थी, जिसके चलते उनकी बहादुरी की अपार प्रशंसा हुई। उस युद्ध में जख्मी होने के बावजूद महाराणा मुगलों के हाथ नहीं आए। हल्दी घाटी की हार के बाद भी दृढ़ निश्चयी, पराक्रमी और वीरता की मिसाल महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी और नई रणनीति के तहत मुगलों से लोहा लेने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने गुरिल्ला युद्ध की रणनीति अपनाई और अरावली की पहाड़ियों में शरण ली। वीरता, स्वाभिमान और दृढ़ संकल्प के प्रतीक महाराणा प्रताप एक आदर्श शासक और प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी थे। महाराणा प्रताप सदैव सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मतदान और बढ़ाने की जरूरत



तीसरा चरण

प्रमोद भार्गव

18वीं लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान को उत्साहजनक कहा जा सकता है। 10 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर करीब 65 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बार बढ़ा मतदान तो राजग गठबंधन के फेवर में है ही, घटा मतदान भी इसी के पक्ष में हैं, क्योंकि मतदाता मानकर चल रहा है, कि मोदी की विजय सुनिश्चित है। राजनीतिक घोषणा–पत्र के साथ जो भी दल चुनावी मैदान में हैं, उन्हें नकारा नहीं जा सकता है? बहुकोणीय गोलबंदियों के चलते भी मतदान बढ़ता है, तो कहा जा सकता है कि मुकाबला कड़ा है, इसलिए एकाएक निष्कर्ष निकालना कठिन है। बहरहाल चुनावी यज्ञ में जितनी आहुतियां पड़ेंगी, लोकतंत्र उतना ही पारदर्शी और मजबूत होगा।

अठारहवीं लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान को उत्साहजनक कहा जा सकता है। 10 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर करीब 65 प्रतिशत मतदान हुआ। असम में सबसे ज्यादा 75.01 प्रतिशत और महाराष्ट्र में सबसे कम 54.09 प्रतिशत मत पड़े। अभी इस मतदान के और बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि दूर-दराज के इलाकों से मतदानकर्मी देर-रात तक वापस आकर आंकड़े दे पाते हैं। हालांकि इन सीटों पर 2014 में 65.38 और 2019 में 67.62 फीसदी मत पड़े थे। इस अनुपात में 2024 में पड़ा मत कम है। मध्यप्रदेश में जिन 9 सीटों पर चुनाव हुआ है, उन पर औसत मतदान 66.50 फीसद रहा, जबकि 2019 की तुलना में यह मतदान मात्र 0.38 प्रतिशत कम है। तब 66.88 प्रतिशत वोट पड़े थे। मध्यप्रदेश में सबसे कम भिंड लोकसभा सीट पर 55.44 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि दिग्विजय सिंह के प्रत्याशी होने से बहुचर्चित रही सीट राजगढ़ में 76.19 प्रतिशत वोट पड़े हैं। इस बड़े प्रतिशत को राजगढ़ में कांग्रेस अपने पक्ष में तो भाजपा राम लहर का परिणाम बता रही है। इस मतदान के बढ़ने के कारणों में तिथि में शादी-विवाह न होना और खेती-किसानी का समाप्त हो जाना माना जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने भी कुछ ऐसे प्रयोग किए हैं, जो मतदान बढ़ाने में सहायक रहे हैं। बावजूद उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और बिहार समेत अन्य राज्यों की कई सीटों पर मतदान का प्रतिशत 55 से 59 रहना चिंताजनक है।

जिन सीटों पर मतदान कम रहा है, उसका प्रमुख कारण चुनाव का इकतरफा होना है। ऐसा राष्ट्रीय मुद्दों का उन क्षेत्रों में प्रभावशील होना माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद अनेक बुनियादी मुद्दों का संवैधानिक निराकरण तो किया ही, देशव्यापी लोक-कल्याणकारी योजनाओं को भी कामयाबी के साथ जमीन पर उतारा। इनके असर के चलते 350 से ज्यादा सीटों पर इकतरफा मतदान का रुख देखने में आएगा। यही रुख नरेंद्र मोदी के संकल्प 400 पार को पूरा करता दिखाई दे रहा है। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा-370 और 35-ए के खात्मे के साथ तीन तलाक जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए। राम मंदिर के निर्माण का रास्ता भी दूसरे कार्यकाल में खुला और राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक रीति से गरिमा के साथ संपन्न हुई। इस आयोजन के आमंत्रण को ठुकराकर कांग्रेस ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया। इसी के बाद से मतदाता की मानसिकता भाजपा के पक्ष में होती दिखाई देने लगी थी, जो पहले चरण में हुए मतदान के उत्साहजनक प्रतिशत से पुष्ट हुई है। अब लोग चाहते हैं कि समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण जैसे कानून जल्द अस्तित्व में आएं? साथ ही रोजगार की उपलब्धता, महंगाई और भ्रष्टाचार पर अंकुश भी मतदाता चाहता है। बहुआयामी चुनाव सुधार के कारगर नतीजे पूरे देश में दिख रहे हैं। इसका श्रेय निर्वाचन आयोग के साथ, लोकतंत्र के इस अभूतपूर्व पर्व में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने की उन अपीलों को भी जाता है, जो दृश्य, श्रव्य व मुद्रित प्रचार माध्यमों से निरंतर जारी हैं। पूर्वोत्तर भारत से लेकर



दशों दिशाओं में शांतिपूर्ण मतदान में जो सुधार हुआ है, उसे बेहतर, पारदर्शी व फोटो लगी मतदाता सूचियों का भी बड़ा योगदान है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद आयोग ने छूटे रह गए मतदाताओं को अपने नाम का पंजीयन कराने का जो अवसर दिया, उसे भी रेखांकित करना जरूरी है, लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार में मतदाता ने जो उदासीनता दिखाई है, उसके चलते ऐसा लग रहा है कि जीत का इकतरफा माहौल बन जाने के कारण कुलीन मतदाता घरों से बाहर नहीं निकला। अतएव अभी मतदाता को अपने संवैधानिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति और जागरूक करने की जरूरत है।


आयोग की सख्ती से चुनाव गुंडा-शक्ति से मुक्त हुए हैं। इस कारण मतदान केंद्रों पर लूटपाट और खून-खराबे के जो हालात बन जाते थे, उनका कमोवेश खात्मा हो गया है। भय-विहीन स्थिति के चलते आम मतदाता निसंकोच मतदान करने लगा है। नोटा के विकल्प ने भी मतदाता को आकर्षित किया है। लिहाजा मौजूदा उम्मीदवारों से निराश मतदाता नकारात्मक मत प्रयोग के लिए घरों से निकलने लगे हैं। जाहिर है, अतिवादी ताकतें कमजोर पड़ रही हैं। सजायाफ्ताओं के चुनाव लड़ने के प्रतिबंध से भी चुनाव प्रक्रिया साफ-सुथरी व भयमुक्त हुई है, इसीलिए मतदान को लेकर सबसे प्रमुख रुझान जम्मू-कश्मीर में देखने को मिला है। जहां अनुच्छेद-370 हटने के बाद पहली बार आम चुनाव हो रहे हैं। यही स्थिति जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में दिखी है। साफ है, जनमानस संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र के प्रति सजग व जागरूक है। मतदान के अगले चार चरणों में यदि मतदान 70 फीसदी से ऊपर पहुंचता है तो यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत रहेगी। यह वजह कालांतर में अल्पसंख्यक समुदाओं व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारी से मुक्ति दिलाएगी। दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से छुटकारा मिलेगा। बढ़ा मतदान या औसत 70 प्रतिशत तक पहुंचा मतदान उन सब मिथकों को तोड़ रहे हैं, जो तुष्टिकरण के कारक आजादी के बाद से ही बने रहे हैं। कश्मीर में इसी तुष्टिकरण का परिणाम अलगाववाद और आतंकवाद का जनक रहा है, लेकिन अब वहां हालात तेजी से बदल रहे हैं और भटके हुए लोग मुख्यधारा में शामिल होने के लिए बढ़-चढ़कर लोकतांत्रिक प्रणाली में भागीदारी करने लगे हैं। जाहिर है, मतदाताओं के ध्रुवीकरण की राजनीति को पलीता लग रहा है। नतीजतन समुदाय और जाति विशेष की राजनीति करने वाले नेताओं को झटका लगा है और उनका वर्चस्व सिमटता दिखाई दे रहा है। तुष्टिकरण और जातिवाद के आधार पर खड़ा हुआ इंडिया गठबंधन स्वयंमेव आपस में लड़-झगड़कर खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। गठबंधन की परिणति पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हैरानी में डालने वाला बयान देते हुए कहा कि 'कांग्रेस और वामदल इंडिया गठबंधन के घटक दल नहीं है। कांग्रेस और माकपा ने भाजपा से गुप्त समझौता कर लिया है।' इस बयान में कितनी सच्चाई है, यह कहना तो कठिन है, लेकिन बंगाल के परिप्रेक्ष्य में ममता ने यह संदेश जरूर दे दिया कि बंगाल के मतदाता को भाजपा समेत अन्य विरोधी दलों पर भरोसा करना ठीक नहीं है। साफ है, ममता बंगाल में अपने बल-बूते पर ही चुनाव लड़ रही हैं।

इस बार बढ़ा मतदान तो राजग गठबंधन के फेवर में है ही, घटा मतदान भी इसी गठबंधन के पक्ष में हैं, क्योंकि मतदाता मानकर चल रहा है, कि मोदी की विजय सुनिश्चित है। बावजूद राजनीतिक घोषणा-पत्र के साथ जो भी दल चुनावी मैदान में हैं, उन्हें वोट कटवा दल कहकर नकारा नहीं जा सकता है? बहुकोणीय गोलबंदियों के चलते भी मतदान बढ़ता है, तो कहा जा सकता है कि मुकाबला कड़ा है, इसलिए एकाएक निष्कर्ष निकालना कठिन है। इस चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे ही प्रभावी रहेंगे। बहरहाल चुनावी यज्ञ में जितनी आहुतियां पड़ेंगी, लोकतंत्र उतना ही पारदर्शी और मजबूत होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति रहें सचेष्ट




संकलित

दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए।

## जहां मतभेद होते हैं वहां सफलता नहीं होती



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इसके बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करता रहता है, जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। कौरव पक्ष में बड़े-बड़े योद्धा थे, विशाल सेना थी, लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके।

सटाका




आज की पाती

### घटते पेड़ बढ़ती गर्मी का कारण

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में लू परेशान करती है। कभी कभी लू स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर डालती है और यह हमें बीमार भी कर सकती है। इसलिए दोपहर को बाहर निकलते समय सावधानी बरतनी चाहिए। स्कूल प्रशासन को भी स्कूल टाइम में चेंज करना चाहिए। देश के कुछ राज्यों में कहीं-कहीं लू भी चलने लगी है। जिस तरह गर्मी ने अभी से अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू किए हैं, इससे यह अंदाजा लगाना भी मुश्किल नहीं है कि भविष्य में हमें गर्मी और ज्यादा परेशान करेगी। आज से कुछ समय पहले एसी और कूलर नाममात्र के होते थे, लेकिन बढ़ती गर्मी ने इसमें भी इजाफा कर दिया है। सवाल तो यह है कि अगर इसी तरह पेड़ घटते रहे और गर्मी बढ़ती रही, तो क्या आने वाले समय में एसी भी गर्मी से बचाने में हमारी मदद कर पाएंगे?

*– पवन सिंह खेडा, रायगढ़*

ट्रेंड

### नामीबिया को बधाई



हम नामीबिया को मां-से-बच्चे में संचरण को खत्म करने की दिशा में प्रथम बनने पर बधाई देते हैं। हम मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की रक्षा के प्रयासों के लिए डब्ल्यूएचओ के सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और समुदायों को सलाम करते हैं।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### स्पष्टता से घटित हो जीवन



आपका जीवन आपकी अपनी स्पष्टता और क्षमता से घटित हो, न कि संयोग से या दूसरों की करुणा और दयालुता से। एक बार जब आपके और आपकी विचार प्रक्रिया के बीच दूरी आ जाती है, तो एक नई स्वतंत्रता का जन्म होता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### आरक्षण का आधार धर्म नहीं



आरक्षण का आधार धर्म नहीं, सामाजिक पिछड़ापन है। पीएम को इतनी भी समझ नहीं। मंडल कमीशन हमने लागू करवाया है। क्या मोदी ने कभी मंडल कमीशन की सिफ़ारिशें पढ़ी है? इसमें 3500 से अधिक पिछड़ी जातियों और अन्य धर्मों की भी सैकड़ों जातियों को आरक्षण मिलता है।

-लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो

### तानाशाही से लड़ता रहूंगा




भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जेल में हुआ और मुझे जेल में डाला गया। मेरा नाम कन्हैया है, भगवान कृष्ण के आदर्शों पर चलते हुए तानाशाही से लड़ता रहूंगा। सही के साथ और ग़लत के खिलाफ खड़ा होकर मैं मरते दम तक उस धर्म की रक्षा करूंगा।

-कन्हैया कुमार, कांग्रेस सांसद

करंट अफेयर

## भारत को 2022 में 111 अरब डॉलर से अधिक धन मिला



संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने कहा कि भारत को 2022 में 111 अरब डॉलर का प्रेषित धन प्राप्त हुआ जो दुनिया में सबसे अधिक है और इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने और बल्कि इसे पार करने वाला पहला देश बन गया है। 'इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन' (आईओएम) ने मंगलवार को जारी अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं। प्रेषित धन या 'रेमिटेंस' का आशय प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को किये गए वित्तीय या अन्य तरह के हस्तांतरण से है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारत बाकी देशों में सबसे ऊपर रहा और उसे 111 अरब डॉलर से अधिक धनराशि मिली, जिसके साथ ही वह 100 अरब डॉलर तक पहुंचने और बल्कि इस आंकड़े को पार करने वाला पहला देश बन गया है। मेक्सिको 2022 में दूसरा सबसे ज्यादा प्रेषित धन प्राप्त करने वाला देश रहा। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पीछे छोड़कर हासिल किया था। इससे पहले तक चीन भारत के बाद ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है।'

ऑफ बीट

## ईसा पूर्व चौथी शताब्दी से मिलता है कैंसर का विवरण



कैंसर से पीड़ित किसी व्यक्ति का सबसे पहला विवरण चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से मिलता है। काला सागर पर हेराक्लीया शहर के तानाशाह सैटिरस जांघ और अंडकोश के बीच कैंसर हो गया। जैसे-जैसे कैंसर फैलता गया, सैटिरस को बेतहाशा दर्द होने लगा। वह सो नहीं पाता था और उसे ऐंठन होती थी। शरीर के उस हिस्से में फैलने वाले कैंसर को लाइलाज माना जाता था, और ऐसी कोई दवा नहीं थी जो पीड़ा को कम कर सके। इसलिए डॉक्टर कुछ नहीं कर सके। आख़िरकार, कैंसर ने 65 वर्ष की आयु में सैटिरस की जान ले ली। इस काल में कैंसर के बारे में लोग जानते थे। पांचवीं शताब्दी ईसा पूर्व के अंत या चौथी शताब्दी के प्रारंभ में लिखे गए एक पाठ, जिसे महिलाओं के रोग कहा जाता है, में बताया गया है कि स्तन कैंसर कैसे विकसित होता है। इसमें बताया गया है कि कैंसर होने पर कठोर गांठें बनने लगती हैं, जिनमें छिपे हुए कैंसर विकसित होते हैं, मरीजों के स्तनों से लेकर उनके गले और कंधे तक दर्द होता है, ऐसे रोगियों का पूरा शरीर पतला हो जाता है, सांस लेना कम हो जाता है, गंध महसूस नहीं होती है। इस अवधि के अन्य चिकित्सा कार्यों में विभिन्न प्रकार के कैंसर का वर्णन किया गया है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### 1982 से छह अवैध कब्जेधारी थे काबिज, कोर्ट के आदेश पर किया गया बेदखल

## अदालत के आदेश पर 45 वर्ष बाद अवैध कब्जे से मुक्त हुई बेशकीमती जमीन

जबलपुर।

व्यवहार न्यायाधीश ज्योत्सना आर्य की अदालत ने रद्दी चौकी, जबलपुर स्थित आठ हजार वर्गफुट बेशकीमती जमीन से छह अवैध कब्जाधारियों को बेदखल करने का आदेश पारित किया। ये अवैध कब्जाधारी 1982 से निरंतर काबिज थे। जिसके विरुद्ध जमीन के वास्तविक स्वामी व उसके उत्तराधिकारियों ने निरंतर 45 वर्ष तक कानूनी लड़ाई लड़ी। अंतत न्याय मिलने पर उनके चेहरे खुशी से खिल गए। मामले की सुनवाई के दौरान आवेदक जबलपुर निवासी भरत अग्रवाल की ओर से दलील दी गई कि आवेदक व उसके उत्तराधिकारी लंबे समय से अपनी ही वैधानिक जमीन को ब्रजेश शर्मा सहित अन्य के अवैध कब्जे से मुक्त कराने की कानूनी लड़ाई में जुटे हैं। यह मामला दूसरे पक्ष की ओर से हाई कोर्ट तक ले जाया गया। जहां से उनकी हार हुई।



फिलहाल, मामला वर्तमान अदालत के समक्ष विचाराधीन है। अदालत ने तर्क सुनने के बाद आवेदक के हक में आदेश पारित किया। साथ ही पुलिस अधीक्षक, जबलपुर को निर्देशित किया कि अवैध कब्जे हटाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल मुहैया कराएं। मौके पर अवैध कब्जों के ताले तोड़कर और किबाड़ फाड़कर वास्तविक जमीन मालिक को कब्जा दिलाया जाए। अदालत के आदेश के परिपालन में पुलिस बल मुहैया कराया गया और मचकूरी की मौजूदगी में अवैध कब्जे हटा दिए गए।

### कोर्ट परिसर में मां ने फर्श पर बच्चे को पटका, हाई कोर्ट का एफआइआर रद्द करने से इनकार

**जबलपुर**। महज 13 महीने के बच्चे को कोर्ट परिसर में फेंकने के मां के कृत्य को हाई कोर्ट ने हत्या के प्रयास के समान मानते हुए दर्ज एफआइआर को रद्द करने से इनकार कर दिया। इसी के साथ हाई कोर्ट एफआइआर रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दिया। मामला शहडोल जिले का है। याचिकाकर्ता महिला का पति से विवाद का प्रकरण ब्यौहारी मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहा है। महिला पर आरोप है कि उसने कोर्ट के भीतर अपने 13 माह के बच्चे को जमीन पर फेंक दिया और पेपरवेट उसकी तरफ उछाला। इस घटना पर महिला के खिलाफ ब्यौहारी थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। इसे रद्द करने की मांग को लेकर उसने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के जस्टिस गुरपाल सिंह अहलूवालिया की एकलपीठ रिकॉर्ड देखने के बाद घटना पर आश्चर्य जताया। कोर्ट ने माना कि यह उसके अपने बच्चे की 'हत्या के प्रयास' के समान है। अदालत ने मां के आचरण को भी स्थिति को खराब करने के लिए पर्याप्त बताया, जिसने बाद में बच्चे के सिर की ओर पेपरवेट फेंक दिया। हाई कोर्ट ने आसपास की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, अदालत ने सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने से इनकार कर दिया और एफआइआर को रद्द न करना उचित समझा।



## धूल भरी आंधी के बीच बूंदाबांदी की संभावना

जबलपुर।

**फिर करवट ले रहा मौसम**

मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली। मंगलवार को दिन भर तपे मौसम ने रात होते ही करवट ली और तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी होने लगी। जिस के बाद बुधवार को पारा नीचे आ गया। यद्यपि धूप तेज खिली रही और गर्मी का वातावरण बना रहा। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटे के दौरान जिले में कहीं-कही गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है और धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के ऊपर बने चक्रवात के कारण मौसम के मिजाज में परिवर्तन आ रहा है। सुबह से मौसम शुष्क रहा। बादलों की आवाजाही बनी रही और कड़ी धूप के बीच पारे में गिरावट आई। 41 डिग्री के ऊपर पहुंच चुका पारा बुधवार को औसत से 1 पायदान नीचे आ गया।

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 39.8 डिग्री सेल्यिस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 49 प्रतिशत और सायंकाल 32 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.32 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.42 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 44.8 डिग्री तापमान दमोह जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकत्तम तापमान 37.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.06 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पिछले 24 घंटे के दौरान 0.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। दक्षिणी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर संभाग में गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

## कलेक्ट्रेट में स्टैंड चलाने वाले लड़कों ने की लॉ के छात्र से मारपीट

जबलपुर।

जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में कल दोपहर स्टैंड चलाने वाले तीन चार लड़कों ने एक लॉ स्टूडेंट के साथ बेरहमी से मारपीट की। इससे कलेक्ट्रेट मुख्यालय में कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगे। मारपीट का शिकार हुए इस लड़के ने जब अपने लॉ स्टूडेंट के साथियो को सूचना दी तब कई लड़के वहां पहुंचे और पता किया उन्हें बताया गया कि यह स्टेंड एक माह से अवैध रुप से चल रहा है। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है जिसमें लड़के को बचाते हुए एक महिला दिख रही है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कोमल नाम का यह युवक अपनी जमीन के किसी काम से कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा था। उसका वाहन स्टेंड में लगा तो उसने पर्ची मांगी। पर्ची मांगते ही युवक उस पर भड़क गया। मामला तू-तू, मैं-मैं से गालीगलौज तक पहुंचा और मारपीट शुरु



हो गई। इससे कलेक्ट्रेट में हंगामा मच गया। कोमल ने अपने लॉ स्टूडेंट के साथियों को सूचना दी तो कई लॉ स्टूडेंट वहां पहुंचे और मामलें की जांच पड़ताल से पता चला कि वहां एक महीनें से स्टेंड अवैध रुप से चल रहा था। लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन ने जिला कलेक्टर से इस संबंध में कार्रवाई की मांग की है। लॉ स्टूडेंट ने चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन होगा।


## हाई कोर्ट बार चुनाव : प्रत्याशियों का तूफानी प्रचार जारी

### आज चुनाव समिति व प्रत्याशियों के बीच होगी बैठक

जबलपुर।

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के चुनाव में कुल 62 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चूंकि अब मतदान के लिए महज कुछ ही दिन शेष रह गए हैं अतः तूफानी प्रचार जारी है। मुख्य चुनाव अधिकतारी दिनेश उपाध्याय ने बताया कि गुरुवार, नौ मई को सायं सवा चार बजे से प्रत्याशियों व चुनाव समिति के बीच बैठक आहूत की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराना है। इसी सिलसिले में बैठक में रायशुमारी होगी। साथ ही सभी के सुझावों को महत्व दिया जाएगा। शिकायतें भी दूर की जाएंगी।

अध्यक्ष पद पर षटकोषीय मुकाबला



इस बार अध्यक्ष पद पर षटकोषीय मुकाबले में अधिवक्ता केके पांडेय सीनियर, संजय वर्मा, रमन पटेल, डीके जैन, सुनील चौबे, प्रवीण वर्मा व आनंद चावला मैदान में उतरे हैं। इसी तरह सचिव पद पर निवर्तमान सचिव परितोष त्रिवेदी के अलावा असीम त्रिवेदी, अशोक कुमार गुप्ता व ओपी अग्निहोत्री के बीच चतुष्कोणीय मुकाबला है।

#### उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए ये उम्मीदवार हैं मैदान में

उपाध्यक्ष पद के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, इनमें देवेन्द्र कुमार शर्मा, प्रकाश गुप्ता, मुकेश मिश्रा, ज्ञानेन्द्र पटेल, योगेश मोहन तिवारी, घनश्याम पांडे, प्रमेन्द्र सेन, नरेन्द्र कुमार शर्मा, सुशील कुमार मिश्रा, विश्वास पलिया, अमित जैन, शम्भुदयाल गुप्ता, प्रशांत अवस्थी व अनीता कैथवास शामिल हैं। सह सचिव पद के लिए योगेश सोनी, जितेन्द्र श्रीवास्तव, लवकुश मिश्रा, दीपक सिंह मैदान में है। कोषाध्यक्ष पद के लिए संगीता नायडू, राजेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र खरे, धर्मेन्द्र कुमार पांडे व पुस्तकालय सचिव पद के लिए अजय शुक्ला, पुष्पेन्द्र वर्मा, रजनीश उपाध्याय, अमन शर्मा मैदान में है। कार्यकारिणी सदस्य के लिए गरिमा तिवारी, विनोद मिश्रा, हरीश शुक्ला, राजरूप पटेल, प्रेमनारायण वर्मा, कृष्णकुमार द्विवेदी, विवेक कुमार पांडे, अनुराग पटेल, शेषमणि मिश्रा, तीरथ प्रसाद जायसवाल, मुनेन्दर, सुनील कुमार गौतम, सपना तिवारी, अतुल सिंह भारद्वाज, प्रियंक चंसोरिया, नीरज पाठक, मनोज कुशवाहा, संदीप कुमार दुबे, अनुपम भट्ट, संजय कुमार मालवीय, रविन्द्र प्रताप सिंह, आजाद श्रीवास्तव, डा. वीरेन्द्र कुमार दुबे, स्मिता कहेरी व रूपेश सिंह के बीच मुकाबला है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर**। विश्व रेडक्रॉस दिवस पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा द्वारा तिलवारा रोड स्थित वृद्ध आश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धाश्रम के सभी अंत वासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें निशुल्क दवायें प्रदान की गई। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अंतवासी बिंदु, पुष्पा चौरसिया, मीना श्रीवास्तव एवं कांता झाड़े द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गईं। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ संजय मिश्र, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव आशीष दीक्षित, प्रदेश प्रबंधकारिणी सदस्य डॉ सुनील मिश्र, कार्यकारिणी सदस्य संदीप जैन, राजेश मिश्रा, मुकेश अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, डॉ अभिषेक दुबे, नरेश ग्रोवर, यूथ को-आर्डिनेटर लोकेश व्यास, हेमंत मोढ़, डॉ आकांक्षा शुक्ला, सुनील गर्ग एवं नीरज वर्मा भी स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में उपस्थित रहे।

## सूफी दरगाह का विवाद पुलिस थाने पहुंचा

**जबलपुर**। रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड सुब्बाह शाह मैदान स्थित सूफी दरगाह हजरत सुब्हानल्लाह शाह बाबा खानकाह को मुस्लिम क्षेत्र के असामाजिक तत्व संगठित रूप से सोशल मीडिया पर बदनाम करके समाज में फसाद फैलाने की साजिश रच रहे हैं। खानकाह के सज्जादानशीन बदरुद्दीन गुड्डा बाबा पर यह लड़के अनर्गल टिप्पणी के साथ झूठे आरोप लगा रहे हैं। साथ ही यह लड़के अधूरी और झूठी जानकारी फैलाकर खानकाह पर गबन का आरोप लगाकर खानकाह के प्रतिष्ठित सदस्यों को बदनाम कर रहे है। यह लड़के भूमाफिया के इशारे या किसी खुफिया तंजीम के लिये काम कर रहे हैं। जिनका मकसद समाज में झगड़ा फैलाकर दरगाह की बेशकीमती जमीन को खुर्दबुर्द करना है। यह शिकायत हाजी सुब्हानल्लाह शाह दरगाह कमेटी के सदस्यों ने गत दिवस हनुमानताल थाने में दर्ज कराई और उक्त आसामाजिक तत्वों पर कार्यवाही की मांग की। थाना प्रभारी हनुमानताल ने मामले की जांच शुरु कर दी है, इन लड़कों पर जल्द एफआईआर होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि इन लड़कों ने कुछ दिनों पूर्व इसी तरह का झूठ मदार टेकरी कब्रस्तान के लिये भी गढ़ा था। वहां मुफ्ती ए आजम की सरपरस्ती में जमीनी जांच के बाद मामला साफ हुआ। जिसके बाद अब यह सुब्बाह शाह बाबा दरगाह के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। कमेटी ने मामले में जांच और कार्यवाही की मांग की है।

### वीडियो वायरल होने के बाद ट्रांसपोर्टर के दो भाई गिरफ्तार

जबलपुर।

गेसलपुर थाना क्षेत्र में डीजल चोरी के शक में ड्रायवर के साथ बड़ी बेरहमी से मारपीट कर वीडियो इंटरनेट में वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रांसपोर्टर वसीम खान के दो भाई तौसीफ खान और कामरान को गिरफ्तार कर लिया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि जिस युवक की पिटाई की जा रही है वह जितेंद्र सिंह राजपूत है जो गोसलपुर में वसीम ट्रांसपोर्ट में हाइवा चलाता है, पीड़ित जितेंद्र ने पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुछ समय पहले एक हाइवा पलट गया था, इसी बात को

## डीजल चोरी के शक में ड्राइवर से मारपीट

लेकर तौसीफ और कामरान ने उसके साथ मारपीट की थी।आरोपियों ने इस पिटाई का वीडियो बनाकर खुद ही वायरल भी



किया था। जिसके बाद पनागर और गोसलपुर क्षेत्र के युवाओं ने भी पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए पिटाई करने वाले दोनों युवकों को गिरफ्तार करने की मांग की थी।गौरतलब है कि देर रात से इंटरनेट मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दो युवक प्लास्टिक के पाइप से एक युवक को पीट रहे हैं। वीडियो में चार युवक दिखाई दे रहे हैं जो एक युवक को पीटते हुए शराब पीकर गाड़ी चलाने और डीजल चोरी करने पर इसी तरह की सजा देने का जिक्र करते हुए दिख रहे हैं। यह वायरल वीडियो गोसलपुर थाना क्षेत्र का है।

### प्राइवेट स्कूलों की शिकायतों की खुली सुनवाई

## प्रायवेट स्कूल सही तरीके से स्कूल चलाएंः कलेक्टर

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने क्राईस्टचर्च स्कूल, ज्ञान गंगा आर्चिड इंटरनेशनल स्कूल, लिटिल वर्ल्ड कटंगा एवं तिलवाराघाट, सत्यप्रकाश स्कूल पोलीपाथर, अजय सत्यप्रकाश स्कूल, चैतन्य टैक्नो स्कूल, नालंदा स्कूल से संबंधित शिकायतों की खुली सुनवाई की गई। खुली सुनवाई में मनमाने फीस वृद्धि व अनियमितताओं पर अभिभावकों ने खुलकर अपनी समस्याएं बताई। कलेक्टर ने उक्त सभी स्कूलों के प्रबंधक व प्राचार्य से शिकायत के संबंध में तथ्यात्मक जानकारी चाही जिसमें वे संतोषजनक जवाब न देकर गोल मोल जवाब दिये। उनका जवाब सुनकर कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिये हुये कहा कि स्कूल प्रबंधन अपनी कार्य प्रणाली सुधारे अन्यथा उनके विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जायेगा। शिकायतों में मुख्य रूप से बिना किसी पूर्व सूचना के अप्रत्याशित रूप से फीस वृद्धि, एक ही स्कूल में एक ही कक्षा की अलग-अलग फीस, किसी नियत स्थल से ड्रेस व शैक्षणिक सामग्री मिलने, टीसी प्रदान नहीं करने तथा कोचिंग लेने के लिये प्रेरित करना



आदि बहुत सी शिकायत अभिभावकों द्वारा की गई। ज्ञान गंगा, आर्चिड इंटरनेशनल स्कूल द्वारा फीस, किताब, ड्रेस आदि सब कुछ बैंगलोर द्वारा निर्देशित किये जाने पर स्थानीय स्तर पर अभिभावकों को बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के प्रबंधक भी इस विषय पर तर्प संगत उत्तर प्रस्तुत नहीं करने पर कलेक्टर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उक्त स्कूल के संबंध में एक अभिभावक ने बताया कि टीसी निकालने के 50 हजार रूपये देने के लिये तैयार हैं परन्तु टीसी नहीं दी जा रही है और लगातार फीस वृद्धि की जा रही है, एक ही कक्षा में अलग-अलग फीस स्ट्रक्चर है। बच्चों के आईडी कार्ड के साथ माता-पिता का आईडी कार्ड के भी 450 रूपये फीस ली जा रही है। उन्होंने अपनी करूणा व्यक्त कर कहा कि इससे तो अच्छी पढ़ाई सरकारी स्कूलों में होती है। जहां इतनी परेशानी भी नहीं होती। उक्त स्कूलों में जांच के दौरान भी कई खामियां पाई गई, जिसमें स्कूल के नाम परिवर्तन के लिये अनुमति, डाइसकोर्ड व नवीन मान्यता आदि के नहीं होने पर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। खुली सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर मिशा सिंह, जिला कोषालय अधिकारी विनायका लाकरा, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित संबंधित विद्यालय के प्रबंधक, प्राचार्य और अभिभावक उपस्थित थे।



## लेकमेन ने किया तालाबों का निरीक्षण

### शुरुआत में दो तालाबों का किया गया चयन

**जबलपुर**। जिले के ग्रामीण क्षेत्र स्थित बड़े तालाबों को पुनर्जीवित करने की योजना के तहत बुधवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं लेक मेन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर बैंगलुरु के आनंद मल्लिगावड ने जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयति के साथ द्वारा पूर्व से चिन्हित तालाबों का अवलोकन किया। जिला पंचायत की सीईओ एवं श्री मल्लिगावड ने तालाबों के निरीक्षण की शुरुआत सुबह छह बजे से की। उन्होंने जनपद पंचायत मुख्यालय कुण्डम स्थित तालाब, ग्राम पंचायत बघराजी के जोगी तालाब एवं बस स्टेण्ड तालाब तथा जबलपुर जनपद की ग्राम पंचायत परासिया के तालाबों का भ्रमण किया। इस दौरान तालाबों के पुनर्जीवन की योजना की शुरुआत बघराजी एवं परासिया के तालाबों से करने का निर्णय लिया गया । बताया गया कि इन तालाबों के सरंक्षण का कार्य आगामी एक माह में प्रारंभ किया जायेगा। इस कार्य में जनभागीदारी भी सुनिश्चित को जायेगी। इन तालाबों के पुनरुत्थान के लिये विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने संबंधित सहायक यंत्रियों को निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुण्डम, सहायक यंत्री कुण्डम एवं जबलपुर तथा अन्य सबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पेट दर्द से परेशान युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** मझगवां थाना अतंर्गत घुघरीकला में पांच-छह माह से पेट दर्द से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार घुघरीकला निवासी रवि शंकर पटेल ने अपने घर के कमरे की परछी में रस्सी से कमरे की छत के हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि रवि शंकर पांच छह माह से पेट दर्द से परेशान था। जिसकी वजह से उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### मकान का ताला तोड़कर 2 लाख के जेवर चोरी कर ले गए चोर

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत लाल बिल्डिंग के पीछे गजरथ कालोनी धनवंतरीनगर में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 2 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। तिवारी परिवार उज्जैन से लौटा तो उनके होश उड़ गए। चोरों से बचाने के लिए किचिन में पूजा की टेबिल के अंदर जेवर छिपाकर रखे थे। उसके बाद चोरों ने पूरा घर खंगाल मारा और सोने के जेवर उड़ाकर ले गए। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल बिल्डिंग के पीछे गजरथ कालोनी धनवंतरीनगर निवासी 41 वर्षीय अभिषेक तिवारी गत 5 मई को अपनी पत्नी व बेटे के साथ शाम लगभग 7 बजे महाकाल दर्शन करने उज्जैन गया था। जहां से बुधवार की सुबह लगभग 5.30 बजे घर वापस आए तो देखा कि हाल के मेन दरवाजे का सेंट्रल लॉक टूटा था। हॉल का सामान बिखरा पड़ा था। किचिन में रखी एक छोटी पूजा की टेबल की दराज में रखे सोने की दो चैन, एक मंगलसूत्र, 2 जोड़ी कान की बाली, चांदी के 4 कड़े अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

कब होगी इन पर कार्यवाही

# धड़ल्ले से दौड़ रहे ओवर लोड वाहनों की धमाचौकड़ी से खराब हो रही सड़कें

**सिहोरा।** नगर की सड़कों पर ओवर लोड वाहन यमदूत बनकर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं जिसके चलते आए दिन सड़कें खून से लाल हो रही हैं। अकूत खनिज संपदा से लवरेज क्षेत्र में सक्रिय खनिज माफिया एंव परिवहनकर्ताओं की सांठगांठ से बेलगाम दौड़ते हाइवा डंपर सड़कों पर हादसों को अंज़ाम देने के साथ साथ शासन को राजस्व क्षति भी पहुंचा रहे हैं फिर भी जिम्मेदार महकमों द्वारा यमदूत बनकर दौड़ते इन ओवरलोड वाहनों पर लगाम कसने के बजाए उनकी अनदेखी की जा रही है।



### धड़ल्ले से दौड़ रहे ओवर लोड वाहन

क्षेत्र में ऐसे ओवरलोड वाहन सरेआम बिना किसी डर के सड़कों पर दौड़ रहे हैं इन पर नकेल कसने वाले जबावदार विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौन बने हुए है। पुलिस और आरटीओ विभाग की नजरों के सामने दौड़ते यह ओवरलोड लोगों के लिए उनकी जान का खतरा बने हुए हैं।ओवरलोडिंग के कारण क्षेत्र में आए दिन कोई न कोई बड़ा हादसा हो जाता है इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती और न ही इनसे कोई सबक सीखा जाता। आम लोग इसके खिलाफ आवाज नहीं उठाते और पुलिस और आरटीओ विभाग के अधिकारी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करते। यहीं कारण है कि यह ओवरलोड वाहन बिना किसी डर के सड़कों पर दौड़ते हैं।

### प्रदूषण से प्रभावित हो रहा क्षेत्र

माइनिंग वाले ट्रक, डम्फर गिट्टी, मुरुम सहित अन्य खनिज क्षमता से अधिक परिवहन के कारण रास्ते में गिरने एवं खनिज कणों के हवा के साथ उड़ने से वायुमंडल प्रदूषित होने से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है खनन क्षेत्र से मुख्य मार्ग तक उड़ते धूल के गुवार के कारण क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी मरीज लगातार बढ़ रहे हैं।

### समय से पहले दम तोड़ नहीं सड़कें

ओवरलोड वाहनों की धमा चौकड़ी के कारण न केवल वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं बल्कि नगरी क्षेत्र की सड़क भी समय पूर्व दम तोड़ रही है विदित हो नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत खेत खलियानों में विकसित हो रही नवीन बसाहट हेतु प्रतिदिन सैकड़ो डंपर मुरुम का परिवहन सघन बसाहट वाले क्षेत्रों में किया जा रहा है। जिसके चलते नगर की आंतरिक सड़क भी अत्यधिक भर होने के कारण दम तोड़ रहे हैं।

### दो पहिया वाहन पर शक्ति, ओवरलोड पर नजरे इनायत

स्थानीय लोगों का कहना है कि सिहोरा एवं खटोला पुलिस द्वारा हेलमेट चेकिंग के नाम पर दो पहिया वाहनों पर तो शक्ति बरती जाती है लेकिन नगर की सड़कों पर बेलगाम गति से भागते ओवरलोड वाहनों पर नजरे इनायत के कारण आए दिन दुर्घटना घटित हो रही है।

### इनका कहना है

अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों के चालकों को समझाईश देकर उन पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

**पारुल शर्मा**
अनुविभागी अधिकारी, पुलिस सिहोरा



# रेडक्रास दिवसः आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

**जबलपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जबलपुर दीपक सक्सेना के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रॉस दिवस विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुविधा हॉस्पिटल जबलपुर में किया गया। जहां 15 यूनिट रक्त संग्रह जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा किया गया, साथ में थैलेसीमिया, सिकलसेल, जागरूकता व्याख्यान सुविधा हॉस्पिटल में किया गया। जिसमें नर्सिंग स्टाफ एवं युवा वर्ग को थैलेसीमिया एवं सिकल सेल के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जानकारी डॉ अमित जैन पैथोलॉजिस्ट जिला चिकित्सालय जबलपुर एवं डॉक्टर बालकृष्ण डांग द्वारा सभी उपस्थित छात्रों एवं स्टाफ को शादी से पहले थैलेसीमिया की जांच करने के लिए जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सुनील गर्ग कार्यकारिणी सदस्य जिला रेड क्रॉस सोसाइटी जबलपुर एवं युवा वर्ग उपस्थित रहे। इसी कार्यक्रम के तहत भोला बस्ती मनमोहन नगर के पास तथा नट बस्ती सूरतलाई कटंगी रोड एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। दोनों स्वास्थ्य सेवाओं में लगभग 300 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया, जिसमें जिसमें डॉक्टर नितिन मनमोहन नगर, डॉक्टर राकेश आयुष विभाग जबलपुर एवं उनके स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया। आशीष दीक्षित सचिव रेड क्रॉस का विशेष योगदान रहा।



## निगरानीशुदा गुंडे, बदमाशों की पुलिस थानों में कराई गई परेड

**जबलपुर।** गुंडे बदमाशों पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के निर्देश पर शहर एवं देहात क्षेत्र के सभी 36 पुलिस थानों में एक साथ गुंडा परेड कराई गई। इस दौरान गुंडे बदमाशों और निगरानीशुदा बदमाशों को थाने में तलब किया गया और उनकी पहचान कर थाने में उनकी मौजूद प्रोफाइल को अपडेट कर दिए गए। उसमें सारे नए फोटो, मोबाइल नंबर, और जीवन यापन की विधियां दर्ज की गई। सभी गुंडे बदमाशों को सख्त हिदायत दी कि शांति से अपना जीवन यापन करें और दूसरों को भी शांति से जीने दे। किसी भी तरह के अपराध करने पर उनसे बांडपत्र की राशि तो जमा कराई जाएगी साथ ही सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। कल सारे दिन जिले की पुलिस थानों में गुंडा परेड में वयस्त रही। गुंडे बदमाशों को फोन करके थाने बुलाया गया, जो गुंडे बदमाश थाने नहीं पहुंचे उनके घर जाकर पूछताछ की जाएगी।

होटल प्रतिनिधियों के साथ संवाद बैठक

# शहर विकास के लिए सामाजिक भागीदारी आवश्यक निगमायुक्त

**जबलपुर।** होटलों में रूकने वाले अतिथियों की सुरक्षा, अपनी सुरक्षा, अपने संस्थानों की सुरक्षा, एवं संस्थानों में काम करने वाले सम्माननीय जनों के लिए भी सुरक्षा के लिए मध्यप्रदेश शासन के द्वारा फायर सेफ्टी के लिए जारी नए दिशा निर्देशों के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर स्थाई रूप से उपकरणों की स्थापना कराएं और उसकी नियमित रूप से देखभाल एवं रखरखाव व्यवस्था भी करें, ताकि किसी प्रकार की कोई घटना दुर्घटना की स्थिति निर्मित न हो। यह बात विभिन्न संगठनों के साथ आयोजित बैठकों की श्रृंखला में होटल समूह के



सदस्यों से संवाद कार्यक्रम के दौरान निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने ने व्यक्त किये। बैठक में अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, विद्यानंद बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, उपायुक्त पी.एन. सनखेरे, कार्यपालन यंत्री नवीन लोनारे, फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, सहायक यंत्री अजय लवाना, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, और होटलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने आगे कहा यह भी कहा कि अपने अपने प्रतिष्ठानों के सामने, परिसरों एवं आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता का वातावरण बनाएँ। फायर सेफ्टी के लिए मजबूती से शासन के निर्देशों का अक्षरश पालन करें। सभी प्रमुख होटलों के संचालकों एवं प्रतिनिधियों ने निगमायुक्त के समक्ष संकल्प लिया कि नगर निगम द्वारा जो भी सहयोग माँगा जायेगा उसमें हम सभी सहयोग एवं श्रमदान करने तैयार रहेगें तथा शासन के नियमानुसार फायर सेफ्टी के उपकरणों की स्थापना के साथ-साथ अपने परिसरों एवं आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता का वातावरण बनाएँ रखेगें।

## परशुराम प्रकटोत्सव पर वाहन रैली 10 को



**सिहोरा।** संयुक्त ब्राह्मण सिहोरा अपने आराध्य देवता भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर 10 मई को सुबह 9 बजे भव्य एंव ऐतिहासिक वाहन रैली निकालेगा जो नरसिंह मंदिर खितौला से प्रारम्भ होगी। इसका निर्णय बाबाताल में आयोजित विप्रजनों के विशाल बैठक में लिया गया। वाहन रैली रेलवे फाटक से होकर खितौला बाज़ार,पेट्रोल पंप तिराहा,शिव मंदिर बाबाताल, हरदौल मंदिर, सरावगी मोहल्ला होते हुए झंडा बजार से आज़ाद चौक, गौरी तिराहा, पुराना बस स्टैंड होकर बाबाताल मंदिर में समाप्त होगी जहां पूजन अर्चन के अलावा भंडारे का भी आयोजन किया गया है। रैली के लिए तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

## सफाई व्यवस्था में सुधार लाने मैदान में निगमायुक्त



**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव ने संभाग क्रमांक 5 संजय गांधी मार्केट, 6 दमोह नाका, 8 भानतलैया एवं 9 लालमाटी के वार्डे का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया और व्यवस्था को और बेहतर करने अधिकारियों को दिये निर्देश। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के कार्ये में किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने नगर निगम के सभी संभागीय अधिकारियों एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को कड़े निर्देश दिये हैं कि सभी लोग वार्डे का भ्रमण करें और सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अन्य सभी कार्ये में पारदर्शिता लाएँ। उन्होंने कहा कि कही पर भी कचरा जमा न होने पाये। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के उपरांत डोर टू डोर वाहन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सभी गाड़ियों को समय पर निकालने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के मौके पर मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड सुपरवाईजर आदि उपस्थित रहे।

लोगों में भड़क रहा आक्रोश, कांग्रेस ने किया विरोध

# ठेकेदार के अप्रशिक्षित गुर्गे जबरन लगा रहे मीटर

**जबलपुर।** शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के नाम पर मनमानी चरम पर है। कोई भी शहर में कहीं भी किसी के भी घर में यह कहकर घुस जाता है कि हम विद्युत विभाग से आए हैं, स्मार्ट मीटर लगाने। लेकिन उन कर्मचारियों के पास न तो आईडी कार्ड होता है, न कोई लायसेंस और न उनका कोई पुलिस वैरीकेशन होता है। ठेका कंपनी ने आसपास के जिले के अप्रशिक्षित लड़को को इस काम में लगा रखा हैं जो विद्युत कंपनी के नाम पर घरों में घुस रहे है। जिससे शहर में बड़ी वारदात के साथ साथ विद्युत हादसों की संभावनाएं बढ़ रही हैं। स्मार्ट मीटर के नाम पर बढ़ रही अंधेर गर्दी के खिलाफ जहां शहर में असंतोष बढ़ रहा है। वहीं जिला प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी आंख मूंदे हुये हैं। आमजन का कहना है कि प्रशासनिक लापरवाही और बिजली विभाग की मनमानी के चलते किसी दिन शहर में कोई बड़ा हादसा या बड़ा विवाद हो सकता है। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा है कि लोगों को लूटने वालें मीटर शहर में नही लगने दिए जायेंगे। इसके लिए बड़ा जनआंदोलन करना पड़ेगा तो करेंगे।

कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष एवं शहर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा का कहना है कि बुधवार को कुछ लड़के पूर्व विधानसभा क्षेत्र में घरों में घुस रहे थे। लोगों ने रोका तो कहा विद्युत मंडल से आए है मीटर बदलने के लिये। लेकिन किसी के पास कोई आईडी नहीं थी। मौके पर मौजूद बिजली प्रकोष्ठ के लोगों ने जब पूछा कि आप कहां से आए हैं तो उनके द्वारा बताया गया कि दमोह, सागर ,छतरपुर, से स्मार्ट मीटर लगाने बुलाया गया है। न तो इनके पास आई कार्ड, आईटीआई, पुलिस वेरीफिकेशन, मीटर टेस्टिंग लैब लाइसेंस कोई भी दस्तावेज इनके पास नहीं था। विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली शहर की जनता की सुरक्षा से खुला खिलवाड़ है। श्री शर्मा ने कहा यदि ऐसी स्थिति में किसी घर में घटना दुर्घटना या जघन्य अपराध जैसी वारदात होती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है।



### जबरदस्ती मीटर बदलने लगे

शीतलामाई वार्ड निवासी सरला देवी विश्वकर्मा ने बताया कुछ लड़के घर आ गये और खुद को बिजली विभाग का बताकर मीटर बदलने के लिये घर में घुसने लगे। जब मैने उनसे आईडी कार्ड मांगा, पूछा की ऐसा कोई कागज दिखाओ की तुम बिजली विभाग के हो तो उनके पास कुछ भी नहीं था। ऐसे में यदि कोई घटना हो जाए तो कौन जिम्मेदार होगा।

# छोटे-छोटे विवाद में चाकू और पथराव, 3 घायल

रांझी, गढ़ा और घमापुर में वारदातें

**जबलपुर।** रांझी, गढ़ा और घमापुर थाना अतंर्गत मारपीट की तीन वारदातें सामने आई हैं। मारपीट की इस वारदात में तीन युवक घायल हो गए। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू गोकलपुर तालाब के पास रांझी निवासी 40 वर्षीय ड्रायवर राजू राजपूत गत रात लगभग 8 बजे काम करके अपने घर जा रहा था। घर के बाहर ग्राउंड के पास पुराने उधारी के पैसे लेन देन की बात पर बंटी पाठक, सोनू रैकवार उसे गालियां देने लगे, गाली देने से मना करने पर सोनू रैकवार ने मारपीट कर दी और बंटी पाठक ने चाकू से उसके सिर, चेहरे व हाथ में चोटें पहुंचा दी। वरुण राजपूत ने बीच बचाव किया तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह गढ़ा शांतिनगर भूंकप कालोनी धनवंतरीनगर निवासी 34 वर्षीय मिस्त्री धर्मेन्द्र चक्रवर्ती गत दिवस बालसागर तालाब के रोड के किनारे निवासी अपने शंभू मामा के यहां नस चढ़ने पर झड़वाने के लिए गया था। घर मामा शंभू नहीं मिले तो वह टहलते हुए मोबाइल में बात करतेह हुए बालसागर तालाब के किनारे चला गया। रात करीब 8 बजे तीन अज्ञात लड़के आए और उसके साथ गालीगलौज करते हुए उस पर ईंट व पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। इस दौरान उसका मोबाइल भी वहीं पर गिर गया जो नहीं मिला। तीनों ने दोबारा यहां दिखने की बात पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है। इसी प्रकार घमापुर पुलिस ने बल्दीकोरी की दफाई शीतलामाई के पास घमापुर निवासी 30 वर्षीय आटो चालक श्यामू बेन गत रात लगभग 11.30 बजे अपने घर पर सो रहा था। उसके घर के सामने फटाखा फोड़ रहे रवि बेन, अज्जू बेन, सुरेंद्र बेन और वीरेंद्र बेन को फटाखा क्यों फोड़ रहे हो कहा तो तीनों ने गालीगलौज कर उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोप के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## अधिकारियों कर्मचारियों का कटेगा वेतन : निगमायुक्त

**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव ने बुधवार को आकस्मिक रूप से 10:30 बजे निगम मुख्यालय पहुंचकर नगर निगम के सभी विभागों में संधारित पंजी रजिस्टर को बुलबाकर जॉच की और कार्यालय के समय 10:30 बजे तक कार्यालय में उपस्थिति नहीं देने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को अनुपस्थित मानकर वेतन काटने की कार्यवाही सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देश दिये। निगमायुक्त ने निगम मुख्यालय के साथ-साथ सभी संभागों में काम करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होने और आम नागरिकों से प्राप्त प्रपत्रों उनके कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा के अंदर कार्य करने के निर्देश प्रदान किये।

**श्रीमती सुशील कौर-** हाउबाग रोड गोरखपुर गुरूद्वारा के सामने निवासी स्व. श्री बलजीत सिंघ की धर्मपत्नी श्रीमती सुशील कौर (83) का निधन हो गया। वे दिलीप, कुलदीप व बलविंदर सिंघ की मातुश्री थीं। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।



**श्रीमती रजनी सोनी-** बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री सुदामा प्रसाद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी सोनी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नेकचंद शर्मा-** मदनमहल सिम्पलेक्स के पास निवासी श्री नेकचंद शर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील रैदास-** मदनमहन स्टेशन रोड बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री मेवालाल रैदास के पुत्र श्री सुनील रैदास (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार सोनकर-** खटीक मोहल्ला घमापुर चौक निवासी श्री शंकर लाल सोनकर के पुत्र श्री राजकुमार सोनकर (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अंजूलता अवस्थी-** धनवंतरी नगर निवासी श्री दिलीप अवस्थी की धर्मपत्नी श्रीमती अंजूलता अवस्थी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित रजक-** वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री भूपत सिंह रजक के पुत्र श्री अमित रजक (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्री राजनाथ सोनी-** साउथ सिविल लाइन निवासी श्री राजनाथ सोनी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोविंद सिंह राजपूत-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री गोविंद सिंह राजपूत (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मीरा बाई मरावी-** राजीव नगर कटंगा निवासी श्री इंदू सिंह मरावी की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा बाई मरावी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष कोरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री संतोष कोरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जयराम तिवारी-** पुरानी बस्ती रांझी निवासी श्री जयराम तिवारी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामायण विश्वकर्मा-** कटरा अधारताल निवासी श्री रामायण विश्वकर्मा (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती अनीता राय-** शुभलक्ष्मी रेसीडेंसी नेपियर टाउन निवासी श्री नरेंद्र राय की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता राय (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइजः- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइजः- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभागः-0761-4048310, 2757175



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को भोपाल के कोलार रोड स्थित बूथ क्रमांक 223 रोज मैरी स्कूल में मतदान किया।



राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने भोपाल नीलबड़ स्थित मतदान केन्द्र में सपत्नीक मतदान किया।



भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने दक्षिण-पश्चिम विस के मतदान केंद्र 184 सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हर्षवर्धन नगर में मतदान किया।



भाजपा के बैतूल लोकसभा प्रत्याशी दुर्गादास उइके ने बैतूल के बूथ क्र. 51 पर मतदान किया।

# लोकतंत्र के 'महायज्ञ' में 'माननीयों' ने डाली 'आहुतियां'

## तीसरे चरण में प्रदेश के 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में प्रदेश के 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ। यहां शाम 7 बजे तक मतदान हुआ। सभी 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में दोपहर 3 बजे तक 54.09 प्रतिशत मतदान हुआ है।

सीईओ अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र मुरैना में 48.23 प्रतिशत, भिण्ड (अजा) में 44.18, ग्वालियर में 49.60, गुना में 60.16, सागर में 53.08, विदिशा में 59.87, भोपाल में 50.16, राजगढ़ में 63.69 एवं बैतूल (अजजा) में 59.63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। सभी मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण मतदान हुआ है। सुबह मतदान प्रारम्भ होने के 90 मिनट पहले सभी मतदान केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के अधिकृत एजेन्ट, प्रतिनिधि की मौजूदगी में मॉक पोल की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। राजन ने बताया कि सभी 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में दोपहर 1 बजे तक 44.67 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र मुरैना में 39.24, भिण्ड (अजा) में 37.37, ग्वालियर में 41.18, गुना में 49.93, सागर में 44.32, विदिशा में 50.46, भोपाल में 40.41, राजगढ़ में 52.60 एवं बैतूल (अजजा) में 48.26 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।



मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्रसिंह तोमर ने मंगलवार को ग्वालियर के बीईओ, कार्यालय परिसर स्थित शा. प्राथमिक विद्यालय, बारादरी, मुरार में मतदान किया। वहीं, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने ग्वालियर में भगवान कॉलोनी के पास कबीर आश्रम सामुदायिक भवन, ठाठीपुर के कमरा नं-7 में मतदान किया।

### सीईओ राजन ने सेक्टर ऑफिसर्स से चर्चा कर मतदान की ली जानकारी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने मंगलवार को 9 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान के दौरान निर्वाचन सदन स्थित इलेक्शन कंट्रोल रूम से सेक्टर ऑफिसर्स से मोबाइल पर चर्चा कर मतदान सहित अन्य तरह जानकारियां लीं।

उन्होंने सेक्टर ऑफिसर्स से पूछा कि आपके यहां मतदान कैसा चल रहा है। क्या बूथ में लाइन लगी है। आप एक ही बूथ पर न रहें, बाकी बूथों की मतदान व्यवस्था भी देखें।

▶ मतदान कैसा चल रहा है..... क्या बूथ में लाइन लगी है...

राजन ने लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के गंजबासौदा के सेक्टर ऑफिसर तथा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 19 भोपाल के अधीन भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर ऑफिसर विकास से चर्चा कर वहां चल रहे मतदान सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्रों में चल रही गतिविधियों का सीसीटीवी कैमरों के जरिए अवलोकन किया। उन्होंने भोपाल लोकसभा क्षेत्र के अधीन दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वैशाली नगर स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 210, लोकसभा क्षेत्र विदिशा, राजगढ़ सहित लोकसभा क्षेत्र मुरैना की सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में चल रही मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तरूण राठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



भाजपा न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया के राजघाट कॉलोनी स्थित केंद्रीय विद्यालय, मतदान केन्द्र-104 पर मतदान किया।



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभात झा ने खादी ग्राम उद्योग, जीवाजी गंज, ग्वालियर में मतदान किया।

# मामूली विवाद पर पत्नी ने पति के गुप्तांग को दांतों से काट

## पति लहूलुहान हालत में थाने पहुंचा, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोदा

बालोद जिले में एक महिला ने मामूली बात को लेकर पति के गुप्तांग को दांतों से काट दिया। पीड़ित पति लहूलुहान हालत में थाने पहुंचा जहां पर उसने लिखित शिकायत दर्ज कराई। उसकी शिकायत के आधार पर पत्नी के खिलाफ अपराध भी पंजीबद्ध कर लिया गया है। पीड़ित ने बताया की खाना मांगने पर पत्नी भड़क गई और गुस्से में उसने गुप्तांग को दांत से काट लिया। यह मामला डौंडीलोहारा के संजारी चौकी का है। घटना को अंजाम देने के बाद पत्नी मौके से भाग गई। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई।



### खाना मांगने का विवाद

संजारी चौकी प्रभारी अरविंद साहू ने बताया कि ग्राम खेरथा बाजार चौकी संजारी का रहने वाला पुनीत राम सिन्हा 34 वर्ष मजदूरी का कार्य करता है। दोपहर को वह घर में था उसने पत्नी सरिता बाई से खाना मंगा तो पत्नी ने खुद निकालकर खाने की बात कही। जिसको लेकर विवाद बढ़ा और पत्नी ने पति के गुप्तांग को दांतों से काट दिया जिससे उसके गुप्तांग से खून आने लगा।


### फिल्म निर्माता और कलाकारों की गाड़ी पर पथराव
### बीरनपुर फाइल्स फिल्म रिलीज न करने की दी धमकी

**बालोद।** छत्तीसगढ़ की बहुचर्चित बिरनपुर हिंसा मामले को लेकर बालोद जिले के कलाकारों द्वारा इस पर एक फिल्म का निर्माण किया जा रहा है, जिसका नाम बिरनपुर फाइल्स है, जिसमें बालोद जिले के गुंडरदेही के रहने वाले अभिनेता पवन गांधी फिल्म में मुख्य कलाकार की भूमिका में हैं। वह ईश्वर साहू की भूमिका बड़े पर्दे पर निभाएंगे। ऐसे में एक बड़ी घटना इस फिल्म को लेकर सामने आई, जहां फिल्म के कलाकार पवन गांधी और निर्माता हेमलाल चतुर्वेदी की कार पर हमला हुआ है। कलाकार पवन गांधी ने बताया कि जब हम प्रेस वार्ता में शामिल होने जा रहे थे और हसदा में रुके हुए थे तब दोपहिया सवार लोग आए जिन्होंने हमारी गाड़ी पर पथराव किया। उन्होंने कहा कि हमे बीरनपुर फाइल्स को रिलीज न करने संबंधित धमकी दी।

# मैं प्रेम की लहर पर सवार होकर चुनाव लड़ रहा हूं: शिवराज

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को अपने गृह ग्राम जैत में परिवार सहित मतदान किया। मतदान से पहले शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा घाट पर पहुंचकर नर्मदा मैया के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की।

मतदान से पहले बहनों ने शिवराज सिंह को तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और सिर पर हाथ रख उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने जनता से अपील करते हुए कहा कि मतदान, लोकतंत्र की आत्मा है और लोकतंत्र के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। इसलिए सभी भाई-बहनों, बेटा-बेटियों से अपील है कि अपने मत का प्रयोग जरूर करें। पूर्व मुख्यमंत्री चैहान ने कहा कि माताओं, बहनों का आशीर्वाद मेरे लिए देवी का आशीर्वाद है। ये चुनाव मेरे लिए अद्भुत रहा है। इस चुनाव में, मैं प्रेम की लहर में सवार रहा हूं।



पूर्व मुख्यमंत्री ने गृह ग्राम जैत में परिवार सहित नर्मदा मैया की पूजा-अर्चना की।

### सबसे पहले मतदान करें, बाद में कोई और काम करें

पूर्व मुख्यमंत्री ने अपील करते हुए कहा कि मैं सभी बहनों और भाइयों, भांजे-भांजियों से यही अपील करता हूं कि चुनाव लोकतंत्र का महा उत्सव है और वोट डालना लोकतंत्र के प्रति हमारी निष्ठा का प्रतीक है। इसलिए वोट जरूर डालें। सबसे पहले मतदान करें, बाद में कोई और काम करें। मेरी सभी से अपील है, हर एक भाई और बहन मतदान जरूर करें। यह अद्भुत चुनाव है। जनता ने मुझे असीम प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद इस चुनाव के प्रचार के दौरान दिया है। ये मेरा नहीं, जनता का चुनाव है और जनता ही लड़ रही है और जनता ही आशीर्वाद दे रही है। मैं और जनता एक है, हम एक परिवार, मैं जनता का सेवक हूं, जनता की सेवा ही मेरे लिए भगवान की पूजा है। मैं भगवान की पूजा मानकर, जनता की सेवा करता रहूंगा।

# भाजपा के नियंत्रण कक्षों में प्रदेशभर से पहुंची 383 शिकायतें

*265 निर्वाचन आयोग, 115 जिला निर्वाचन अधिकारी और 3 शिकायतें भेजी भारत निर्वाचन आयोग*

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को मतदान प्रक्रिया के दौरान आने वाली गड़बड़ियों व परेशानियों को लेकर भाजपा द्वारा विधानसभा, लोकसभा, जिला और प्रदेश कार्यालय में नियंत्रण कक्ष बनाए गए थे। विधानसभा, लोकसभा क्षेत्र के साथ जिला और राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में कुल 383 शिकायतें पहुंची हैं। इनमें से 265 शिकायतें राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में पहुंची हैं, जिन्हें निराकरण के लिए निर्वाचन आयोग को भेजा गया है। वहीं 3 शिकायतें ई-मेल द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को गई तथा भाजपा विधि प्रकोष्ठ द्वारा जिलों में 115 शिकायतें की गई हैं।

### हर लोकसभा क्षेत्र के लिए दो-दो नेता व तीन-तीन अधिवक्ता थे तैनात

भाजपा प्रदेश कार्यालय में राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में हर लोकसभा क्षेत्र के लिए दो-दो नेताओं व तीन-तीन अधिवक्ताओं को लगाया गया था। लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान को लेकर सबसे अधिक शिकायतें भोपाल लोकसभा क्षेत्र में प्राप्त हुई हैं, वहीं सबसे कम शिकायतें बैतूल लोकसभा में की गई हैं। मुरैना लोकसभा क्षेत्र में 20, भिंड में 18, ग्वालियर में 38, गुना में 25, सागर में 20, विदिशा में 45, भोपाल में 61, राजगढ़ में 35 और बैतूल में 3 शिकायतें की गई हैं।

### सुबह पांच बजे से हुई लाइव वेब कास्टिंग

# 228 मतदान केंद्रों की स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम से हुई मॉनीटरिंग

राजधानी में मंगलवार को चुनाव के लिए हुए मतदान के दौरान 228 पोलिंग बूथों की मॉनीटरिंग भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से हुई। निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान संवेदनशील बूथों पर सुबह पांच बजे से इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर नजर रखी गई। इस दौरान जरूरी दिशा निर्देश भी दिए गए।

### कलेक्टर ने लिया जायजा

जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सेंटर का जायजा लिया। उन्होंने भी मतदान केंद्रों पर अधिकारियों को निर्देश दिए। पहली बार चुनाव में मतदान केंद्रों की लाइव बेब कास्टिंग के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का इस्तेमाल किया गया।

### प्रदेश मीडिया प्रभारी ने मतदाताओं का जताया आभार

# वोट की ताकत से आज पूरी दुनिया में भारत का बज रहा डंका: आशीष

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के बाद प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने मतदाताओं का आभार जताया। प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने मतदाता के एक वोट की ताकत बताते हुए कहा कि एक वोट की ताकत से...आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। धारा 370 की दीवार गिरा गई। देश में आतंकवाद का अंत हुआ। भव्य दिव्य नव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। करोड़ों महिलाएं सशक्त हुई, युवाओं को रोजगार मिला। आदिवासियों को अधिकार मिला, गरीबों को सम्मान मिला है। इस बार मैंने वोट किया है विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए। ये भारत के इतिहास का वह दौर है जब देश लंबी छलांग लगाने जा रहा है। भारत के लिए, यही समय है, सही समय है। आप भी इस सही समय का प्रयोग करें। ज्यादा से ज्यादा करें मतदान, देश की तरक्की में दे योगदान।



### सरगबुंदिया सर्किल में भालू व चीतल सहित अन्य वन्यजीवों की भरमार है


# जंगल से आकर रेलवे स्टेशन के समीप पेड़ पर चढ़ा भालू, वन विभाग ने रेस्क्यू कर वापस खदेड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा में जंगल से निकलकर एक भारी भरकम भालू मड़वारानी रेलवे स्टेशन के समीप जा पहुंचा। वह जंगल में लौटता, इससे पहले लोगों की आवाजाही शुरू हो गई। जिससे भालू सेमर पेंड़ में करीब 20 फीट ऊपर चढ़ गया। आखिरकार वन विभाग ने रेस्क्यू कर मंगलवार की देर शाम भालू के पेड़ से उतरते ही जंगल की ओर खदेड़ दिया।

कोरबा वनमंडल के करतला वन परिक्षेत्र अतंर्गत सरगबुंदिया सर्किल में भालु व चीतल सहित अन्य वन्यजीवों की भरमार है, जो जंगल के भीतर स्वतंत्र विचरण करते हैं। कई बार वन्यजीव भोजन व पानी की तलाश में आबादी वाले क्षेत्र तक पहुंच जाते हैं मंगलवार की तड़के भी एक भारी भरकम भालू जंगल से निकलकर मड़वारानी रेलवे स्टेशन के समीप जा पहुंचा। वह काफी देर तक आसपास विचरण करता रहा। इस बीच उजाला होते ही लोगों की आवाजाही शुरू हो गई। जंगल में लौटने के बजाय भालू रेलवे स्टेशन और कोरबा-चांपा मार्ग के बीच सेमर पेंड़ में करीब 20 फीट उपर जा चढ़ा।

इस बीच लोगों की नजर भालू पर पड़ गई। सूचना मिलते ही वन मंडलाधिकारी अरविंद पीएम के निर्देश पर एसडीओ सूर्यकांत सोनी ने तत्काल भालू को रेस्क्यू ऑपरेशन कर जंगल में छोड़ने टीम रवाना कर दिया। सरगबुंदिया सर्किल प्रभारी बीके शुक्ला के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। टीम ने आसपास मौजूद भीड़ को हटाया, तत्पश्चात पूरे दिन भालू की निगरानी में जुटी रही। देर शाम अंधेरा होते ही भालु पेंड़ से नीचे उतरा। वन कर्मियों ने पूरी एहतियात के साथ उसे जंगल की ओर खदेड़ने में सफलता पाई।





### वन अमले ने दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत की सागौन चिरान जब्त की

**बीजापुर।** बीजापुर में सामान्य वनमंडल के गंगालूर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पदेड़ा से वन अमले ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर जमीन में गाड़ कर रखी गई दो लाख रुपये के सागौन चिरान को जब्त करने में कामयाबी हासिल की है। बीजापुर सामान्य वनमंडल के एसडीओ देवेंद्र गौड़ ने बताया कि विभाग को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग गंगालूर परिक्षेत्र के पदेड़ा गांव में इमारती लकड़ी सागौन के चिरान बड़ी मात्रा में रखे हुए हैं। सूचना के बाद वन अमले ने ग्राम पदेड़ा में बेवा तुलसी दुर्गम पति स्व. बलैया दुर्गम पुत्र कैलाश दुर्गम के घर मे जमीन में गाड़कर रखा सागौन फारा 149 नग, 1.820 घनमीटर, 59 नग चौखट कड़ी 0.810 घनमीटर, बगली 41 नग 0.227घनमीटर व लट्ठा 6 नग 0.191 सागौन घनमीटर कुल 255 नग तथा 3.048 घनमीटर जिसका बाजार मूल्य 2 लाख 8 रुपए लागत की सागौन लकड़ी पकड़ा गया है।

# छत्तीसगढ़ में आज जारी होंगे 10वीं और 12वीं के नतीजे



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं और 12वीं परीक्षा के नतीजे गुरुवार को जारी होंगे। परीक्षा के नतीजे दोपहर 12.30 बजे घोषित किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ बोर्ड रिजल्ट 2024 9 मई को जारी किया जाएगा। रिजल्ट जारी होने के बाद आधिकारिक वेबसाइट cgbse.nic.in पर रिजल्ट लिंक एक्टिव कर दिया जाएगा। कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य 16 अप्रैल को पूरा हो चुका है। रिजल्ट ऑनलाइन माध्यम से बोर्ड अध्यक्ष की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषित किया जाएगा। इसके बाद ऑफिशियल वेबसाइट cgbse.nic.in और results.cg.nic.in पर लिंक डाल दिया जाएगा। जहां छात्र रोल नंबर से रिजल्ट चेक कर सके।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला मतदानकर्मी की मौत

## चुनाव ड्यूटी से घर लौटते वक्त हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग के कुम्हारी थाना क्षेत्र के फ्लाई ओवर ब्रिज में सड़क दुर्घटना में एक महिला मतदान कर्मी की मौत हो गई। महिला कर्मी अपनी ड्यूटी खत्म कर रायपुर जा रही थी। इसी दौरान कुम्हारी ब्रिज के ऊपर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला को निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुम्हारी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




पुलिस ने बताया कि महिला मतदान कर्मी की शिनाख्त मधु बंजारे के रूप में हुई है। जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला गिरहोला में व्याख्याता ई (एलबी) के पद पर कार्यरत थी। जिनकी चुनाव ड्यूटी वैशाली नगर विधानसभा में लगी थी। 7 मई को पूरा दिन मतदान का कार्य कराने के बाद मधु ने अपने सह कर्मियों के साथ ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा कराया। ईवीएम जमा करने के बाद सुबह चार बजे तक दुर्ग से अपनी ईवी स्कूटर से रायपुर अपने घर के लिए निकली थी। लेकिन जैसे ही कुम्हारी ब्रिज के ऊपर चढ़ी तो अज्ञात वाहन ने उसके स्कूटर पीछे से टक्कर मार दी और फरार हो गया।

इस घटना में महिला कर्मी बुरी तरह घायल हो गई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### केनरा बैंक के लाभ में 18 फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का बीते वित्त वर्ष (2023-24) की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 3,757 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बेंगलुरु के इस बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 3,175 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

### नतीजों के बाद भारत फोर्ज का शेयर 16 फीसदी चढ़ा



**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा विनिर्माता भारत फोर्ज लिमिटेड के शेयर में बुधवार को 16 प्रतिशत का उछाल आया। कंपनी ने आज ही 31 मार्च, 2024 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजे की घोषणा की है। चौथी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 77.8 प्रतिशत बढ़कर 227.12 करोड़ रुपये होने पर पहुंच गया है।

### टोयोटा का बीते वित्त वर्ष में शुद्ध लाभ हुआ दोगुना



**टोक्यो।** टोयोटा का बीते वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध लाभ दोगुना हो गया। वाहनों की मजबूत बिक्री तथा अनुकूल विनिमय दर के दम पर जापान की शीर्ष वाहन विनिर्माता ने बेहतर प्रदर्शन किया। कंपनी ने बुधवार को जानकारी दी, टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन का वार्षिक मुनाफा 4900 अरब येन (31.9 अरब डॉलर) रहा, जो पिछले वर्ष के 2450 अरब येन से अधिक है।

### हीरो मोटोकॉर्प के लाभ में 16 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड का 2023-24 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 16.7 प्रतिशत बढ़कर 943.46 करोड़ रुपये हो गया। 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही में मुनाफा 810.8 करोड़ रुपये रहा था। उसकी परिचालन आय 9,616.68 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 8,434.28 करोड़ रुपये थी।

### ज्यूपिटर वैगन्स का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक

**नई दिल्ली।** परिवहन समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी ज्यूपिटर वैगन्स लिमिटेड (जेडब्ल्यूएल) की मार्च तिमाही में आय बढ़ने से एकल आधार पर शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 104.22 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसने 40.78 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### सोना 150 रुपए और चांदी 300 रुपए टूटी



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 150 रुपये की हानि के साथ 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये की गिरावट के साथ 84,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# महंगे आलू, प्याज व टमाटर का असर, अप्रैल माह में 8 फीसदी महंगी हो गई वेज थाली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जो लोग वेजिटेरियन भोजन करना पसंद करते हैं उनपर महंगाई की मार पड़ी है। अप्रैल 2024 में महंगे प्याज, टमाटर और आलू के चलते वेज थाली 8 फीसदी महंगी हो गई है।

■ नान-वेज थाली चार फीसदी सस्ती हुई

क्रिसिल के हवाले से सामने आए रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक वेज थाली अप्रैल में 27.4 रुपए की हो गई है जो बीते वर्ष अप्रैल 2023 में 25.4 रुपए की थी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने रोटी राइस रेट इंडेक्स रिपोर्ट जारी किया है। रिपोर्ट के मुताबिक वेज थाली जहां 8 फीसदी अप्रैल महीने में महंगी हुई है वहीं नॉन-वेज थाली 4 फीसदी सस्ती हुई है। क्रिसिल के रिपोर्ट के मुताबिक टमाटर, आलू और प्याज की कीमतों में उछाल के चलते शाकाहारी भोजन वाली थाली अप्रैल 2024 में 8 फीसदी महंगी हो गई है।

#### रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी की रिपोर्ट

#### साग-सब्जियों की कीमतों में उछाल जारी

नॉन-वेज थाली की कीमत अप्रैल 2024 में 4 फीसदी की गिरावट के साथ 58.9 रुपए से घटकर 56.3 रुपए रह गई है। हालांकि मार्च 2024 के 54.9 रुपए से अप्रैल में नॉन-वेज थाली महंगी हुई है। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि, रबी फसल में कमी के चलते प्याज की सप्लाई कम हुई है वहीं पश्चिम बंगाल में आलू के फसल को नुकसान हुआ है जिससे आलू की कीमतें बढ़ी है। पिछले साल के मुकाबले चावल और दाल की कीमतें बढ़ी है।





#### ब्रॉयलर में 12 फीसदी की आई गिरावट

चावल की कीमतों में 14 फीसदी और दाल की कीमतों में 20 फीसदी का उछाल आया है। दूसरी तरफ ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 12 फीसदी की गिरावट आने के चलते नॉन-वेज थाली सस्ती हुई है। नॉन-वेज थाली में ब्रॉयलर की हिस्सेदारी 50 फीसदी है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स के डायरेक्टर रिसर्च ने कहा, साग-सब्जियों की कीमतों में आने वाले दिनों में भी तेजी बनी रहेगी।

#### वेज थाली हुई 27.4 रुपए की

वेज थाली अप्रैल में 27.4 रुपए की हो गई है जो बीते वर्ष अप्रैल 2023 में 25.4 रुपए थी। शाकाहारी भोजन वाली थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद आता है। एक तरफ वेज थाली महंगी हुई है लेकिन जो लोग नॉन-वेज थाली खाना पसंद करते हैं उन्हें बड़ी राहत मिली है।

### पालतू जानवरों का बाजार 14 फीसदी की दर से बढ़ रहा

# भारतीय पालतू पशु बीमा बाजार में तेजी से वृद्धि की संभावना: विशेषज्ञ

एजेंसी ⏭ कोलकाता

भारत में पालतू जानवरों की देखभाल का बाजार करीब 14 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और 2025 तक इसके 6,500 करोड़ रुपये के पार जाने की उम्मीद है। बीमा कंपनियां इस क्षेत्र में हिस्सेदारी लेने के लिए भरसक प्रयास कर रही हैं।

उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि बीमा कंपनियां पालतू जानवरों को गोद लेने की बढ़ती दर और इनकी सुरक्षा के लिए चिकित्सकीय उपचार की बढ़ती लागत को पूरा करने के लिए विशेष योजनाओं के साथ इस तेजी से विकसित हो रहे बाजार की जरूरतें पूरी करने की कोशिश कर रही हैं।

#### जानवरों का बीमा उत्पाद कुछ वर्षों पहले अस्तित्व में आया

फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी रमित गोयल ने कहा, 'हालांकि भारत में पालतू जानवरों का बीमा उत्पाद कुछ वर्ष पहले ही अस्तित्व में आया लेकिन वैश्विक महामारी के बाद पिछले कुछ वर्षों में इसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें पालतू जानवरों को गोद लेने में वृद्धि और इनके प्रति स्नेह के कारण ऐसी बीमा पेशकशों की मांग में वृद्धि हुई है।'

#### वर्ष 2025 तक इसके 6500 करोड़ के पार जाने की उम्मीद

#### भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता पशु बाजार

भारत को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते पालतू पशु बाजारों में से एक माना जाता है, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर करीब 14 प्रतिशत है। देश के पालतू पशु देखभाल बाजार के 2025 तक 80 लाख अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।



#### बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ानी होगी

बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) टी. ए. रामलिंगम ने कहा, 'पालतू जानवरों को अधिक गोद लेने और उन्हें परिवार का सदस्य समझना पालतू जानवर के बीमा के प्रति बढ़ती जागरूकता तथा मांग को बढ़ावा दे रहा है..।'

■ बीमा कंपनियां इस क्षेत्र में हिस्सेदारी लेने के लिए प्रयासरत

■ गोद लेने व चिकित्सकीय उपचार की लागत पूरी होने की संभावनाएं

#### कुत्तों के लिए बीमा कराने की काफी संभावनाएं

गोयल ने कहा, 'आंकड़ों के अनुसार भारत में पालतू पशुओं खासकर कुत्तों के लिए बीमा कराने की काफी संभावनाएं हैं। यह वृद्धि पालतू जानवरों की देखभाल की जिम्मेदारियों तथा पशु चिकित्सा लागत में वृद्धि के बारे में बढ़ती जागरूकता की वजह से है। बीमाकर्ता इस जरूरत को ध्यान में रखते हुए विशेष उत्पाद बना रहे हैं।'

#### जागरूकता की काफी कमी

एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस के निदेशक एवं मुख्य कारोबार अधिकारी पार्थनील घोष ने कहा, पालतू जानवरों के बीमा की जरूरत और आपात स्थितियों में इस उत्पाद से मिलने वाले फायदों के बारे में जागरूकता की काफी कमी है।

#### हर साल छह लाख पालतू जानवर गोद लिए जाते हैं

इस उत्पाद के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कंपनी की पहल में से एक थी...ऐप पर पालतू जानवरों के परिवेश तंत्र को समर्पित एक विकल्प देना...। बताया जाता है कि भारत में हर साल 6,00,000 पालतू जानवरों को गोद लिया जाता है, जिनमें से 63 प्रतिशत कुत्ते और 37 प्रतिशत बिल्लियां होती हैं।

# सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत तीसरे स्थान पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ वैश्विक शोध संस्था एंबर ने जारी की रिपोर्ट

■ पिछले साल जापान को पीछे छोड़ा

■ सन 2015 में भारत 15वें स्थान पर था

सौर ऊर्जा के उपयोग पर जोर के साथ भारत बीते साल जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है। वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में काम कर रहे शोध संस्थान एंबर की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। भारत 2015 में सौर ऊर्जा के उपयोग के मामले में नौवें स्थान पर था। 'ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में वैश्विक बिजली उत्पादन का 5.5 प्रतिशत सौर ऊर्जा के रूप में हुआ। वैश्विक रुख के अनुरूप भारत ने पिछले साल कुल बिजली उत्पादन का 5.8 प्रतिशत सौर ऊर्जा से प्राप्त किया। एंबर के एशिया कार्यक्रम के निदेशक आदित्य लोला ने कहा, 'हरित बिजली क्षमता बढ़ाना सिर्फ बिजली क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नहीं है। बल्कि अर्थव्यवस्था में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने और आर्थिक वृद्धि को उत्सर्जन से अलग करने के लिए भी इसकी आवश्यकता है...।' सौर ऊर्जा ने लगातार 19वें वर्ष दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बिजली स्रोत के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखा है। भारत में 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में जो वृद्धि है, वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वृद्धि थी।


*बिजली उत्पादन में सौर ऊर्जा का उपयोग : रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बिजली उत्पादन में सौर ऊर्जा का योगदान 2015 में 0.5 प्रतिशत था जो 2023 में बढ़कर 5.8 प्रतिशत हो गया। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के शुद्ध रूप से शून्य उत्सर्जन परिदृश्य के अनुसार, 2030 तक सौर ऊर्जा वैश्विक बिजली उत्पादन का 22 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी।*

#### चीन, अमेरिका व ब्राजील से पीछे

भारत इस मामले में चीन, अमेरिका और ब्राजील से पीछे रहा। इन चारों देशों की सौर ऊर्जा वृद्धि में हिस्सेदारी 2023 में 75 प्रतिशत रही। एंबर ने कहा कि 2023 में वैश्विक सौर उत्पादन 2015 की तुलना में छह गुना अधिक था।

# गूगल ने भारत में पेश किया 'गूगल वॉलेट'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




गूगल ने भारत में एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए एक निजी डिजिटल वॉलेट पेश किया है। इसमें उपयोगकर्ताओं को लॉयल्टी कार्ड और गिफ्ट कार्ड, सार्वजनिक वाहनों के पास सहित अन्य चीजें रखने की सुविधा मिलेगी।

■ एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए निजी डिजिटल वॉलेट पेश

कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि 'गूगल वॉलेट' को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। डिजिटल वॉलेट की सेवा बुधवार से भारत में शुरू हो गई। गूगल के महाप्रबंधक एवं इंडिया इंजीनियरिंग लीड (एंड्रॉयड) राम पापाटला ने कहा, गूगल पे कहीं नहीं जा रहा है। यह हमारा प्राथमिक भुगतान ऐप बना रहेगा। गूगल वॉलेट विशेष रूप से गैर-भुगतान उपयोग मामलों के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सेवा का मकसद 'एक ऐसा सॉफ्टवेयर बनाना है, जहां ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माता) और डेवलपर्स बेहतर उत्पाद बना सकें।'

*80 देशों में सेवाएं मुहैया : गूगल खुलापन, विकल्प तथा सुरक्षा प्रदान करने के अपने वादे को लेकर प्रतिबद्ध है।' 'गूगल वॉलेट' की सेवाएं वर्तमान में करीब 80 देशों में मुहैया कराई जा रही हैं।*


### टाटा पावर का लाभ 11% बढ़कर 1,046 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** टाटा पावर का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 1,046 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसे 939 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। टाटा पावर की कुल आय 2023-24 की चौथी तिमाही में बढ़कर 16,463.94 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 13,325.30 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर रिकॉर्ड 4,280 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले 3,810 करोड़ रुपये था। कुल आय बढ़कर 63,272.32 करोड़ रुपये रही जो 2022-23 में 56,547.10 करोड़ रुपये थी।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही गिरावट

एजेंसी ⏭ मुंबई



■ बैंक, आईटी शेयर में बिकवाली से सेंसेक्स 45 अंक टूटा

■ एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख रहा

■ विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रही

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 45 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच निजी क्षेत्र के बैंकों और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 45.46 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,466.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 437.93 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 22,302.50 अंक पर स्थिर रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'एशिया के अन्य बाजारों के रुख के अनुरूप तथा मतदान प्रतिशत कम होने से घरेलू बाजार में निवेशकों की धारणा कमजोर रही। कंपनियों के चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम कमोबेश अनुमान के अनुरूप रहने के बावजूद, आय परिदृश्य नरम होता जान पड़ता है।' यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी रही। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में मंगलवार को मिला-जुला रुख रहा।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़ : सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो तथा मारुति शामिल हैं।*

# आरबीआई ने बॉब वर्ल्ड पर लगाई पाबंदी हटाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




■ ऐप से ग्राहकों को जोड़ने की सात माह बाद दी अनुमति

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा को करीब सात महीने बाद 'बॉब वर्ल्ड' एप्लिकेशन के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने की अनुमति दे दी। आरबीआई ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को उसके मोबाइल ऐप 'बॉब वर्ल्ड' के जरिये नए ग्राहक जोड़ने से 10 अक्टूबर, 2023 को रोक दिया था। यह कदम पर्यवेक्षण चिंताओं के बाद उठाया गया था।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा, ''हम सूचित करना चाहते हैं कि आरबीआई ने आठ मई, 2024 के अपने पत्र के माध्यम से बैंक को बॉब वर्ल्ड पर उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटाने के अपने निर्णय से अवगत कराया है। बैंक अब लागू दिशानिर्देशों और मौजूदा कानूनों या विनियमों के अनुरूप इस ऐप के जरिये ग्राहकों को जोड़ने के लिए स्वतंत्र है। बैंक ने कहा कि अब वह बॉब वर्ल्ड ऐप पर नए ग्राहकों को शामिल करना दोबारा शुरू कर देगा। इसके साथ ही उसने कहा कि वह नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

#### बजाज फाइनेंस से भी हटाया था प्रतिबंध

पिछले सप्ताह आरबीआई ने ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के जरिये कर्ज देने पर बजाज फाइनेंस पर भी प्रतिबंध हटा दिया था। इसके पहले रिजर्व बैंक ने निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक पर ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग के जरिये नए ग्राहकों को जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### वित्त आयोग ने कर हस्तांतरण फॉर्मूले पर मांगी जनता से राय

**नई दिल्ली।** सोलहवें वित्त आयोग ने बुधवार को कर हस्तांतरण फार्मूला और राज्यों की समेकित निधि बढ़ाने के उपायों जैसे बिंदुओं पर आम जनता और संगठनों से विचार आमंत्रित किए। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 को किया गया था। आयोग 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप देगा।

# सेबी ने कर्मचारियों के प्रति नियम किए सख्त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने कर्मचारियों की गड़बड़ी और भ्रष्ट गतिविधियों से निपटने के लिए नियम सख्त कर दिये हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इसके लिए अपने कर्मचारियों की सेवाओं को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधन किया है।

इसके तहत एक सक्षम प्राधिकार कानून के तहत सेबी को होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सीधे तौर पर संबंधित कर्मचारी से राशि की वसूली कर सकता है। यह राशि कर्मचारियों के वेतन और उसे मिलने वाली अन्य रकम से ली जा सकती है। सेबी के अनुसार, यह



■ गड़बड़ी व भ्रष्ट गतिविधियों से निपटने किए नियम कड़े

कदम तब उठाया जा सकता है जब किसी कर्मचारी ने कथित तौर पर अनुचित उद्देश्य के लिए या भ्रष्ट तरीके से काम किया हो या भ्रष्ट इरादे से अपनी शक्तियों का प्रयोग किया हो। बाजार नियामक ने छह मई की अपनी अधिसूचना में कहा कि नयी व्यवस्था उन कर्मचारियों पर भी लागू होगी जिन्होंने इस्तीफा दे दिया है या सेवानिवृत्त हो गए हैं अथवा प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल पूरा कर लिया है।

*ग्रेच्यूटी आंशिक रूप से रोकी जा सकती है : नये नियम लागू हो गये हैं। संशोधित नियम के तहत किसी कर्मचारी के खिलाफ शुरू की गई किसी भी कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान संबंधित कर्मचारी को मिलने वाली ग्रेच्यूटी को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से रोका जा सकता है। कार्यवाही पूरी होने के बाद कर्मचारी को ग्रेच्यूटी का भुगतान किया जाएगा।*

### कोरोना काल के बाद से देश में स्वास्थ्य को लेकर बढ़ी जागरूकता

# हर दूसरे आदमी का बढ़ गया हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में स्वास्थ्य बीमा को लेकर जागरुकता बढ़ी है, लेकिन पिछले एक साल में इसके प्रीमियम का बोझ भी तेजी से बढ़ा है। लोकल सर्किल द्वारा किए गए सर्वे में आधे से अधिक पॉलिसीधारकों ने यह माना है कि उनका इंश्योरेंस प्रीमियम पिछले एक साल में 25 फीसदी तक महंगा हुआ है।

■ इंश्योरेंस प्रीमियम एक साल में 25 फीसदी हुआ महंगा

खास बात ये है कि प्रीमियम इंश्योरेंस सेक्टर के रेगुलेटर इरडा द्वारा बदले गए नियमों से पहले ही प्रीमियम महंगा हो चुका है। ऐसे में अप्रैल में किए गए नियमों में बदलाव के बाद अब ग्राहकों की जेब पर और ज्यादा असर पड़ेगा।

*बढ़ रहे प्रीमियम से ग्राहकों की बढ़ रही चिंता : इस सर्वे में पॉलिसीहोल्डर्स ने साल दर साल महंगे होते हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर अपनी चिंता जाहिर की है। कई पॉलिसीहोल्डर्स ने माना है कि उनके हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम में पिछले दो सालों में डबल डिजिट में बढ़ोतरी हुई है।*




#### 52 फीसदी का प्रीमियम 25 फीसदी तक बढ़ा

रिपोर्ट के मुताबिक 52 फीसदी पॉलिसीधारकों ने यह माना है कि पिछले एक साल में उनके हेल्थ इंश्योरेंस का प्रीमियम 25 फीसदी तक महंगा हो गया है। इनमें 21 फीसदी ऐसे लोग हैं जिन्होंने यह माना कि पिछले एक साल में उनके प्रीमियम में 50 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। वहीं 31 फीसदी लोगों का मानना है कि उनका प्रीमियम 25 से 50 फीसदी तक महंगा हुआ है। वहीं बचे 31 फीसदी ग्राहकों ने प्रीमियम में 10 से 25 फीसदी के बढ़ोतरी की बात मानी।

#### प्रीमियम में हजार रुपए तक का इजाफा हो सकता है

इसके साथ ही नियमों के बदलाव के बाद अब गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को भी हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही अब इरडा ने बीमा कंपनियों को ग्राहकों को इंस्टॉलमेंट का विकल्प देने का भी आदेश दिया है। इरडा द्वारा नियमों में बदलाव के बाद से ग्राहकों को बड़ी राहत मिली है, लेकिन बीमा कंपनियों ने अब प्रीमियम रेट में बढ़ोतरी का फैसला किया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इरडा के नियमों के बदलाव के चलते प्रीमियम में 1000 रुपये तक का इजाफा हो सकता है।

#### इरडा ने बदले हैं कई नियम

इंश्योरेंस से जुड़े कई नियमों में बदलाव करके इरडा ने नई अप्रैल में गाइडलाइन जारी की थी। इसके अनुसार अब स्वास्थ्य बीमा के वेटिंग पीरियड को अधिकतम 4 साल से कम करके 3 साल कर दिया गया है। इसके साथ ही नियमों में बदलाव करके अब सीनियर सिटीजन को भी राहत दी गई है। 65 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने में आसानी होने लगी है।

# जहाज निर्माण में बनेगा भारत आत्मनिर्भर

# राष्ट्रहित में देश में तैयार की गई सामग्री को दिया जाएगा बढ़ावा आईसीजी और जेएसपी के बीच एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर



भारतीय तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उप महानिदेशक (सामग्री एवं रखरखाव) आईजी भारतीय तटरक्षक बल एचके शर्मा और जिंदल स्टील एंड पावर मुख्य विपणन अधिकारी एसके प्रधान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) जहाज निर्माण में देश के भीतर तैयार की गई सामग्री को बढ़ावा दे रही है। इसी के तहत आईसीजी और जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने जहाज निर्माण में देश के भीतर तैयार की गई सामग्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वदेशी समुद्री वर्गीकृत इस्पात की आपूर्ति के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। ये दोनों संस्थाएं इस साझेदारी के माध्यम से स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने व राष्ट्र के हित में इन वस्तुओं के उत्पादन तथा उपयोग की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

1. स्वदेशी समुद्री वर्गीकृत इस्पात की होगी आपूर्ति
2. वस्तुओं के उत्पादन तथा उपयोग को मिलेगा बढ़ावा
3. गुणवत्तायुक्त, श्रेणीकृत उत्पादों का निर्माण होगा

### सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा

*यह समझौता ज्ञापन जटिल सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है और साथ ही सरकारी एजेंसियों एवं निजी क्षेत्र के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बल देता है। इस समझौता ज्ञापन में भारतीय तटरक्षक हेतु स्वदेशी समुद्री वर्गीकृत इस्पात की समय पर आपूर्ति के उद्देश्य से जहाज निर्माण यार्डों को आश्वासन देते हुए उत्पाद के निर्माण के लिए नामित इस्पात संयंत्रों के साथ-साथ गुणवत्ता, श्रेणी उत्पादों एवं सेवाओं सहित कई प्रमुख लाभ तय किए गए हैं।*

## भारत और सिंगापुर की नौसेना के बीच बढ़ेगा संचालन, शुरू होगा समुद्री अभ्यास

भारतीय नौसेना और सिंगापुर नौसेना संचालन क्षमता को बढ़ाने के लिए संयुक्त समुद्री अभ्यास करेंगी ताकि परिचालन को बेहतर समझा जा सके। चांगी नौसेना बेस पर आयोजित आईएनएस शक्ति पर फ्लैग आफिसर कमांडिंग



ईस्टर्न फ्लीट रीड एडमिरल राजेश धनखड़ ने यह बात कही। कार्यक्रम में सिंगापुर के लगभग 150 लोग, राजनयिक मिशन के प्रमुख और भारतीय प्रवासी आदि मौजूद रहे। राजेश धनखड़ ने कहा कि भारत और सिंगापुर की नौसेनाएं भारत-सिंगापुर के 31वें संस्करण को आयोजन करने की तैयारी कर रही हैं। समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास इस वर्ष की चौथी तिमाही में इसी साल विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा। धनखड़ ने कहा कि हम अपनी परिचालन क्षमता और परिचालन को समझने और बढ़ाने का प्रयास करेंगे। सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त, डॉ. शिल्पक अंबुले ने क्षेत्र में सिंगापुर में भारतीय नौसेना की भागीदारी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इसने एक बाहरी प्रक्षेपवक्र देखा है। जो बिना किसी संदेह के अपने सुस्थापित निर्माण से प्राप्त हुआ है और गुजरते समय के साथ विकसित होता रहा है।

## दक्षिण चीन सागर में होगी तैनाती, सिंगापुर पहुंचे भारतीय नौसेना के तीन जहाज

*समुद्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना लगातार महासागरों में गश्त कर रही है। इस बीच भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े को दक्षिण चीन सागर में तैनात किया गया है। भारतीय जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन इसी तैनाती के हिस्से के रूप में सिंगापुर पहुंच गए हैं, जहां सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इन जहाजों से कई कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से दोनों समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूती मिलेगी।*

### दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंध

इन जहाजों के प्रवास के दौरान विभिन्न गतिविधियों को शुरू करने की योजना बनाई गई है, जिसमें भारतीय उच्चायोग के साथ बातचीत, सिंगापुर की नौसेना के साथ पेशेवर बातचीत के साथ अकादमिक और सामुदायिक आउटरीच सहित अन्य गतिविधियां होंगी। दोनों नौसेना के बीच तीन दशकों के सहयोग, समन्वय और नियमित यात्राओं, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक प्रशिक्षण व्यवस्थाओं के साथ मजबूत संबंध रहे हैं। वर्तमान तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।



6 मई को सिंगापुर पहुंचे तीनों जहाज

*कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि नौसेना के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में तीनों जहाज 6 मई को सिंगापुर पहुंच गए हैं। इन तीनों जहाजों का सिंगापुर पहुंचना दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है। सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।*

## पुंछ आतंकी हमले के तीन संदिग्धों की तस्वीर सामने आई

# इनमें पाकिस्तान का पूर्व कमांडो, लश्कर कमांडर और एक आतंकी शामिल, सर्च जारी

*आतंकियों पर 20 लाख रुपए के इनाम का ऐलान किया*

*पांचवें दिन भी सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी*

*पूछताछ में करीब 20 लोग हिरासत में लिए गए*

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार 4 मई को वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में शामिल तीन संदिग्धों के नाम और उनकी तस्वीर सामने आई है। इन आतंकियों में से एक पाकिस्तानी सेना का पूर्व कमांडो इल्यास उर्फ फौजी है, दूसरा लश्कर का कमांडर अबु हमजा और तीसरा पाकिस्तानी आतंकी हदून है।

इस हमले में वायुसेना का एक जवान शहीद हो गया था और चार घायल हो गए थे। सेना ने हमले में शामिल आतंकियों के स्कैच जारी करने के साथ उन पर 20 लाख रुपए के इनाम का ऐलान भी किया है। हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सेना हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों की तलाश में जुटी है। बुधवार को लगातार पांचवें दिन सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है।



### तीनों जैश कमांड के लिए काम कर रहे

*कहा जा रहा है कि ये तीनों जैश कमांड के तहत काम कर रहे थे और जैश-ए-मोहम्मद के करीबी पीएएफएफ के लिए हमलों को अंजाम दे रहे थे। फिलहाल उनकी पहचान की पुष्टि करने के लिए आगे की जांच चल रही है। उनका पता लगाने के लिए राजौरी-पुंछ वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पहले ही कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया जा चुका है और इन तीनों के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछताछ की जा रही है। सुरक्षा बलों ने कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखे जाने के बाद जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में एलओसी के पास बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है।*

### फारूक नाली और लश्कर घाटी प्रमुख रियाज सेत्री पर 10 लाख का इनाम

### वायुसेना के काफिले पर आतंकियों ने फायरिंग की थी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार 4 मई को एयरफोर्स जवानों पर हुए आतंकी हमले में पांच जवान घायल हुए थे। इलाज के दौरान एक जवान की मौत हो गई। यह हमला पुंछ के शाहसितार इलाके में हुआ। आतंकियों ने सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर भारी फायरिंग की। इसमें से एक वाहन एयरफोर्स का था। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं। आतंकियों की गोलियां वाहन के सामने और साइड वाले शीशे को पार कर गईं।

### हिजबुल कमांडर को भी पकड़ेगी सेना

*दि रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) चीफ बासित डार के खात्मे के बाद अब सेना के दो बड़े लक्ष्य हैं। चुनाव से पहले हिजबुल के ऑपरेशनल कमांडर फारूक नाली और लश्कर घाटी प्रमुख रियाज सेत्री को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उनके सिर पर 10 लाख का नकद इनाम है। सेना के सूत्रों के अनुसार दोनों बेहद खतरनाक हैं क्योंकि वे लोगों का ब्रेनवॉश कर उन्हें आतंकी संगठन में भर्ती कर सकते हैं।*

## भारत और यूरोपीय संघ के बीच चर्चा

# सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में घनिष्ठ संबंध बनाने पर बनी सहमति




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) विश्वेश नेगी और यूरोपीय बाहरी कार्रवाई सेवा (ईईएएस) में सुरक्षा और रक्षा नीति निदेशक सुश्री जोआनके बालफोर्ट की सह-अध्यक्षता में बैठक ने एक नए युग की शुरुआत की। दूसरी उच्च-स्तरीय परामर्श बैठक में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने आपसी हित के सुरक्षा और रक्षा-संबंधित मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर रचनात्मक बातचीत की और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान किया गया। बैठक में भारत-यूरोपीय संघ सुरक्षा और रक्षा परामर्श के बाद से प्राप्त प्रगति की समीक्षा करने और भविष्य के सहयोग के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर सहमति बनी।

### रणनीतिक साझेदारी मजबूत होगी

*जोआनके बालफोर्ट ने सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्र में भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए यूरोपीय संघ की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने और तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में नियमित बातचीत और सहयोग के महत्व पर जोर दिया।*

### रक्षा उद्योग सहयोग के बारे में भी चर्चा

दोनों ने इंडो-पैसिफिक में अधिक सहयोग, भारत-ईयू के बीच बेहतर तालमेल के रास्ते और रक्षा उद्योग सहयोग के बारे में भी चर्चा की। यूरोपीय संघ ने यूरोपीय रक्षा औद्योगिक रणनीति सहित यूरोपीय संघ के रणनीतिक और इंडो-पैसिफिक रणनीति के कार्यान्वयन के साथ-साथ यूरोपीय संघ के नए संचालन, जैसे कि ईयूएनएवीफोर एस्पिड्स के कार्यान्वयन की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### 10 मई तक लौट आएंगे सभी सैन्यकर्मी



**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जु कार्यालय की प्रवक्ता हीना वलीद ने बताया कि मालदीव में दो प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद 51 भारतीय सैनिक वापस भारत लौट गए हैं। बाकि सैन्यकर्मी भी 10 मई तक भारत लौट जाएंगे। हालांकि उन्होंने मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों की सही संख्या का खुलासा करने से इनकार कर दिया। मालदीव में दो हेलिकॉप्टर्स और एक डॉर्नियर विमान के संचलान के लिए 88 भारतीय सैनिक तैनात थे। 9 मई को विदेश मंत्री मुसा अमीर भारत दौरे पर आ रहे हैं।

### सीआईएसएफ को चकमा देने वाला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को चमका देने के इरादे से एक दंपती इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल थ्री में दाखिल हुआ। इस दंपति से पत्नी तो फ्लाइट पकड़ कर सिंगापुर चली गई, लेकिन पति इंटेलीजेंस के सतर्क प्रोफाइलर्स के हाथ लग गया। पकड़ में आए इस शख्स को तमाम सबूतों के साथ आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। इस आरोपी युवक की पहचान जसकरण बंथ के रूप में की है।

## उत्तराखंड में वनाग्नि रोकने के लिए...

# सचिवों को दी गई जिम्मेदारी, 10 वनकर्मी लापरवाही पर निलंबित

एजेंसी ▶▶ देहरादून

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में वनाग्नि को रोकने के लिए की जा रही कार्रवाई और आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा की। सीएम ने वनाग्नि रोकने में लापरवाही बरतने वाले वन विभाग के 10 कार्मिकों को निलंबित किया है। कुछ अन्य कार्मिकों पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश दिए कि वनाग्नि को पूर्णतः रोकने के लिए सभी सचिवों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी दी जाए। इसके अलावा सीएम पुष्कर धामी ने जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरूल को एकत्रित करने के लिए 'पिरूल लाओ-पैसे पाओ' मिशन को शुरू करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।



### कृत्रिम बारिश समाधान नहीं

उत्तराखंड सरकार ने उच्चतम न्यायालय में हुई सुनवाई में पीठ ने कहा कि 'क्लाउड सीडिंग' (कृत्रिम बारिश) या 'इंद्र देवता पर निर्भर रहना' इस मुद्दे का समाधान नहीं है और राज्य को निवारक उपाय करने होंगे। 15 मई को अगली सुनवाई होगी।

## इमरान के साथ अडियाला जेल में रहेंगी बुशरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी



बुशरा बीबी को बड़ी कानूनी जीत मिली है। देश के एक उच्च न्यायालय ने आदेश जारी कर कहा कि बुशरा को अडियाला जेल स्थानांतरित किया जाए, जहां इमरान खान सजा काट रहे हैं। दो मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी को इस्लामाबाद के उपनगरीय इलाके में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान की हवेली बनिगाला में ही कैद कर दिया गया था, जबकि 71 वर्षीय खान को रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में रखा गया है।

## भारत ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कनाडा को दी सलाह

# कहा- हिंसा का जश्न मनाना सभ्य समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कनाडा के माल्टन में नगर कीर्तन परेड की झांकियों में भारतीय राजनेताओं के बारे में हिंसक चित्रण प्रदर्शित करने पर भारत ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। इस पर कनाडा को सलाह देते हुए भारत ने कहा है कि हिंसा का जश्न मनाना और उसका महिमामंडन करना किसी भी सभ्य समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि लोकतांत्रिक देश जो कानून के शासन का सम्मान करते हैं, उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथी तत्वों द्वारा डराने-धमकाने की इजाजत नहीं देनी चाहिए।

### राजनयिक प्रतिनिधियों को लेकर चिंतित

*जायसवाल ने कहा कि हम कनाडा सरकार से आह्वान करते हैं कि वह कनाडा में आपराधिक और अलगाववादी तत्वों को सुरक्षित आश्रय और राजनीतिक स्थान प्रदान करना बंद करे। हम कनाडा में अपने राजनयिक प्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और उम्मीद करते हैं कि कनाडा सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि वे बिना किसी डर के अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सक्षम हों।*

### कनाडा में उभरे तत्व भारत के लिए खतरा

कनाडा में मौजूद भारत के हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा ने कहा कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नजर डालना लक्ष्मण रेखा पार करने जैसा है। भारत का भविष्य अब विदेशी नहीं, बल्कि भारतीय खुद तय करेंगे। वर्मा ने कहा कि कनाडा की धरती पर ऐसे तत्व उभर रहे हैं, जो भारत के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में जब हम एक-दूसरे को दोस्त कहते हैं तो हम उम्मीद करते हैं कि एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझेंगे।

## भारत ने करीब दो साल पहले किए वादे को किया पूरा

# आतंकवाद से निपटने यूएन सीसीटीएफ में दिए पांच लाख डॉलर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। अफ्रीका में आतंकवाद के बढ़ते खतरे के मुद्दे को संबोधित करना पिछले कुछ वर्षों से भारत की आतंकवाद-विरोधी प्राथमिकताओं में से एक रहा है। साल 2022 में अक्तूबर में विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद से निपटने के लिए 5 लाख डॉलर देने का ऐलान किया था। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म (सीटीटीएफ) में 5 लाख डॉलर का योगदान दिया है। इसके साथ ही ट्रस्ट



फंड में भारत का अब वित्तीय समर्थन 25.5 लाख डॉलर हो गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने भारत आतंकवाद विरोधी संस्था के प्रयासों को बल देने के लिए सीसीटीएफ में 5 लाख डॉलर का स्वैच्छिक योगदान संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को सौंपा।

### विदेश मंत्री ने किया था वादा

साल 2022 में अक्तूबर में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-रोधी समिति को संबोधित किया था। तब उन्होंने कहा था कि वैश्विक स्तर पर आंतकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया था। साथ ही वादा किया था कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में 5 लाख डॉलर का योगदान देंगे।

### आतंकवादियों की आवाजाही को रोकने का मकसद

कंबोज ने कहा कि भारत यूएनओसीटी के वैश्विक कार्यक्रमों मुख्य रूप से आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (सीएफटी) और आतंकवाद यात्रा कार्यक्रम (सीटीटीपी) का मुकाबला करने में मदद करेगा। इसका उद्देश्य पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के सदस्य देशों की क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे आतंकवाद के वित्तपोषण के महत्वपूर्ण मुद्दों से निपट सकें और आतंकवादियों की आवाजाही एवं यात्रा को रोक सकें।

### भारत आतंकवाद से निपटने के लिए तैयार

रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में यूएनओसीटी द्वारा किए गए जनादेश और कार्यों को बहुत महत्व देता है। पांच लाख डॉलर का योगदान वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## भारतीयों को रूस-यूक्रेन जंग में भेजने वाले

# 4 आरोपी गिरफ्तार, 180 भारतीयों को वापस लाने की कोशिश




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीयों को धोखे से रूस-यूक्रेन जंग में भेजने के मामले में सीबीआई ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन लोग भारत के हैं, जबकि एक रूस के रक्षा मंत्रालय में काम करने वाला ट्रांसलेटर है। इन्हें 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है।

### दुबई से रूस तक फैला नेटवर्क

*सीबीआई ने बताया कि रूसी ट्रांसलेटर इस नेटवर्क का अहम हिस्सा था। वह भारतीयों को रूसी आर्मी में भर्ती करने का काम करता था। वहीं एंथनी दुबई में फैजल बाबा और रूस में मौजूद अपने दूसरे साथियों के साथ मिलकर भारतीयों के लिए वीजा और प्लेन टिकट करवाने का काम करता था। अरुण और येसूदास लोकल एजेंट्स थे। वे लोगों को रूस में नौकरी और सैलरी का झांसा देते थे। उन्होंने कुछ प्राइवेट वीजा कंसल्टेंसी फर्म और एजेंट्स के खिलाफ मानव तस्करी के मामले में केस दर्ज किया है।*

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा की धूम

## गढा और गुप्तेश्वर में कल, सदर में 11 को निकलेगी शौर्य यात्रा

**जबलपुर।**

भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर ब्राह्मण समाज द्वारा शहर में अलग-अलग स्थानों पर शोभायात्रा निकाली जा रही हैं। कही आज तो कही कल तो कही परसो शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सदर में 11 मई शनिवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी। सदर बाजार में भगवान् परशुराम प्राकट्योत्सव आयोजन की कार्यक्रम संयोजक श्री ब्राह्मण महासभा केंट क्षेत्र, जाबालिपुरम् द्वारा जानकारी दी गई कि 11 मई शनिवार को सायंकाल 4:30 बजे सिद्धपीठ श्री काली माई मंदिर स्थित श्री परशुराम भवन में स्थापित रेणुकानंदन श्री परशुराम जी का कर्मकांडी ब्राह्मणों एवं पुरोहितों द्वारा महासभा के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों से षोडशोपचार पूजन किया जाएगा तत्पश्चात सायंकाल 5:00 बजे मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो सदर बाजार के प्रमुख मार्गे से भ्रमण करती हुई श्री महाकाली मंदिर, गणेश चौक में



महाआरती कर समाप्त होगी। कार्यक्रम संयोजक श्री ब्राह्मण महासभा, केंट क्षेत्र, जाबालिपुरम् ने सभी ब्राह्मण परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### गढा-

भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम के अवतरण दिवस पर मप्र प्रगतिशील ब्राम्हण महासभा द्वारा प्रतिवर्षानुसार भव्य शोभायात्रा 10 मई को गुलौआ चौक गढ़ा से निकाली जावेगी जोकि मुख्य मार्गों से होती हुई दमोहनाका शतक्रतु आश्रम में समापन होगी। एड आशीष त्रिवेदी, अखिलेश दीक्षित, एड ब्रजेश दुबे, प्रवीण तिवारी पल्ली, रत्नेश मिश्रा, गुड्डा त्रिपाठी, शैलेश पाठक, हर्षुल त्रिवेदी, सुनील दुबे, डॉक्टर रोहित आचार्य ने उपस्थिति की अपील की है।

### गुप्तेश्वर-

भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर मानस मंदिर शक्ति नगर गुप्तेश्वर से शौर्य यात्रा सुबह 7 बजे निकाली जाएगी। जो विभिन्न मार्गो से होते हुए परशुराम धाम नर्मदातट के उमाघाट में समाप्त होगी। संतोष कुमार दुबे, रामावतार द्विवेदी, वी के उपाध्याय, अतुल दुबे, मुकेश चतुर्वेदी, द्वारका मिश्रा, के के दुबे , राजेश द्विवेदी, जे पी शर्मा, राजेश तिवारी, एस के अवस्थी, पवन झा, अनिल पाण्डेय, ध्रुव कुमार दुबे, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, मंझले मिश्रा, संजय शुक्ला आदि ने क्षेत्रीय समाजसेवियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## मालवीय चौक से भगवान परशुराम की शोभायात्रा आज

**जबलपुर।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर ब्राह्मण एकता मंच द्वारा आज 9 मई गुरुवार को शाम 5 बजे मालवीय चौक से कोतवाली तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। ब्राह्मण शिरोमणि पंडित वासुदेव शास्त्री और ब्राह्मण एकता मंच के पंडित कपिल देव, वीरेंद्र चौबे ने बताया कि संयुक्त रुप से यहां पत्रकारों को बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी ब्राह्मण एकता मंच द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या 9 मई गुरुवार सांय 4 बजे विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह विशाल शोभायात्रा मालवीय चौक से दोपहर 4 बजे प्रारंभ होगी एवं सतना बिल्डिंग लार्डगंज, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा होकर कोतवाली थाने के समक्ष समापन होगी। शोभायात्रा मे हजारों की संख्या में विप्रजन पैदल चलेंगे। इस शोभायात्रा का प्रारंभ भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा के पूजन से होगा, तत्पश्चात प्रतिष्ठित धर्माचार्य, संत एवं मनीषी, बग्घियों में विराजमान होकर शोभायात्रा का नेतृत्व करेंगे। शोभायात्रा में जीवंत झांकी, घोड़े, बग्घी, ढोल, रथ, बैंडदल, चलित गायन समूह, बटुक, महिलाएं, बच्चें एवं समाज के प्रतिष्ठित जनों के साथ ही साथ जन प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। इस शोभायात्रा का स्वागत यात्रा मार्ग में अनेक स्थानों पर किया जाएगा। समापन स्थल कोतवाली थाने के समक्ष स्नेह भोज होगा। शोभायात्रा के समापन पर विप्र समाज की मातृशक्ति सहित शामिल समस्तजनों हेतु विशाल स्नेह भोज प्रसाद स्वरुप रहेगा। इस अवसर पर पंडित योगेंद्र दुबे, पंडित राम दुबे, श्रीमति गीता तिवारी, पार्षद अयोध्या तिवारी, विनोद शर्मा आदि ने उपस्थिति की अपील की हैं।



# युवा सेन समाज ने मनाई सेन जयंती

**जबलपुर।** युवा सेन समाज द्वारा शास्त्री नगर में सेन जयंती मनाई गई। जिसमें सेन जी महाराज का पूजन- अर्चन करके भोग लगाकर महाआरती की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से सेन समाज के सीताराम सेन उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट आदेश श्रीवास ने की। कार्यक्रम में युवा सेन समाज के सोनू सेन, गोलू सेन, अखिलेश सेन, रॉकी सेन, मनोज सेन, चंचल सेन, हरीश सेन एवं सेन समाज के सैकड़ों युवा साथी उपस्थित हुए।

# वैशाख अमावस्या पर मां नर्मदा का पूजन अर्चन किया

**जबलपुर।** मानव कल्याण जनक्रांति परिषद की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गीता पांडेय एवं संस्था के सदस्यों के द्वारा नर्मदा तट पर वैशाख पर्व पर वैशाख अमावस्या, शनि जयंती एवं परशुराम जन्मोत्सव पर मां नर्मदा पर पूजन अर्चन एवं दीपदान किया, तत्पश्चात विचार गोष्ठी हुई, सभी ने अपने-अपने विचार रखे कि मां नर्मदा तट पर पूजन अर्चन करने से सभी रोगों का नाश होता है, कष्ट दूर होते हैं और सभी ने शनि जयंती पर शनि भगवान का पूजन अर्चन किया और विष्णु भगवान के छठवें अवतार परशुराम के विषय में भी लोगों ने अपने विचार रखे और संकल्प लिया कि मां नर्मदा तट पर कचरा नहीं फैलाएंगे, स्वच्छ



वातावरण रखेंगे, संस्था के सदस्यों के द्वारा मां नर्मदा तट पर पूजन अर्चन सभी के द्वारा किया गया, उसके बाद गरीबों को प्रसाद एवं भंडारा वितरण किया गया, जिसमें सभी सदस्य मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष यशवंत कोस्टा, विनय डेविड, डॉ. मुकेश जैन, नीलम शर्मा, राजू नायडू, इंद्र कुमार कुशवाहा, नरेन्द्र पटेल, गौरव खरे, आदर्श भाटिया, दिलीप गोस्वामी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# हज प्रशिक्षण शिविर 11 से

**जबलपुर।** वक्फ मोमिन ईदगाह ट्रस्ट गोहलपुर द्वारा दो दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर 11 और 12 मई को सुबह 09 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में हज व उमरा का तरीका, उनके फजाईल व मसाईल, सफर-ए-हज की तैयारी और जियारते मदीना शरीफ के आदाब आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। तमाम हज बेतुल्ला पर जाने वाले हाजियों से अराकीन मोमिन ईदगाह ट्रस्ट गोहलपुर जबलपुर गुजारिश करती है कि शिविर में पहुंचकर हज प्रशिक्षण का लाभ उठायें।

# बंग समाज ने कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई

**जबलपुर।**

गीतांजलि सभा गृह (टैगोर उद्यान, सदर, गेट नं 1 के पास) नोबेल पुरस्कार विजेता विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की 164वीं जन्म जयन्ती के अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि श्रीमती शोभना बन्दोपाध्याय महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे, विशिष्ट अतिथि समाज की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती जयश्री बैनर्जी एवं श्रीमती मुक्ता रॉय, अध्यक्ष बंग समाज द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पण कर 08 मई को प्रातः 8.30 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। माँ जगधात्री पूजा सिविल लाईन की ओर से अध्यक्ष डॉ. सौरभ मुखर्जी, स्टेशन



दुर्गा पूजा समिति सदर की ओर से एम.एल. हाजरा एवं सुबीर सरकार, अन्नपूर्णा पूजा समिति की ओर से केप्टिन प्रदीप कुमार पाण्डा एवं श्रीमती सीमा मण्डल ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया, तत्पश्चात कुमारी अनिका चैटर्जी एवं अनुश्री वैनर्जी के साथ निष्का सेनगुप्ता के द्वारा रवीन्द्र संगीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात अनिरूद्ध चक्रवर्ती द्वारा हिन्दी एवं बंग्ला में रवीन्द्र संगीत प्रस्तुत किया गया, श्रीमती छाया मण्डल द्वारा काव्य पाठ किया गया।

# अभा संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय कार्यालय का शुभारंभ

## निर्वाचित अध्यक्ष कार्यकारिणी का सम्मान किया

**जबलपुर।**

अधिवक्ता संघ जबलपुर के चुनाव वर्ष 2024-2026 में नव निर्वाचित अधिवक्तागण अध्यक्ष मनीष मिश्रा, महिला उपाध्यक्ष श्रीमति ज्योति राय, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, सहसचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेन्द्र यादव, कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र दत्त, सुदीप सैनी, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा, दुर्गेश मनाना, मनोज कुमार तिवारी, अर्जुन साहू सभी अधिवक्ता साथियों को चुनाव में निर्वाचित होने वाले सभी अधिवक्ता साथियों को बधाईयाँ और शुभकामनाएं मंच के द्वारा दी गई। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता चन्द्र कुमार



वालेजा के द्वारा अधिवक्ताओं को मंच की सदस्यता ग्रहण करने से क्या लाभ अतिरिक्त मंच से प्राप्त हो सकता है, अपने उद्बोधन में जानकारी दी गई, उद्बोधन अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अधिवक्ता मनीष मिश्रा द्वारा दिया गया, सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के द्वारा एक स्वर एक ही संकल्प को दोहराया गया, अधिवक्ता हित सर्वोपरि, मंच से उपस्थित पदाधिकारीगण एवं कार्यकारिणी के अलावा मंच के अधिवक्ता माधव मालवीय, राजेश पंजवानी, पवन सक्सेना, मनोज सनपाल, अशोक बालानी, चंद्रकांता, शशी प्रभा महावर, शक्ति त्रिपाठी, रचना उपाध्याय, साधना दिवेदी, वैभव कुमार जैन, प्रियंका जैन, मंजू खत्री , सरिता सेठ , स्मिता केहरी, प्रवेश खेड़ा, धीरज खुल्लर, पुष्पलता मिश्रा, रेनू बाला सिंह, वंदना त्रिपाठी, सरला चौधरी, रंजिता सोनकर, सुनील सिंह राजपूत, दीपाली सोनी, राजा रजक, सरिता सेठ, पुष्प लता मिश्रा, अभिषेक सोनी, ऋषि चौकसे,आदि मौजूद रहे।



# 12 वीं पास विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क काउंसिलिंग प्रारंभ

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शासन की सभी योजना

**जबलपुर।** संभाग के 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों के लिए संभाग स्तरीय निःशुल्क कैरियर काउंसिलिंग प्रारंभ की गई हैं। निःशुल्क ऑनलाइन कैरियर काउंसलिंग का पोस्टर रिलीज किया गया है जिसमें जानकारी दी गई हैं कि विद्यार्थियों को कॅरियर के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी दी जाएगी। अतिरिक्त संचालक डॉ. संतोश जाटव ने कहा हैं कि विद्यार्थी अपनी अभिरुचि एवं क्षमताओं को ध्यान में रखकर विषयों का चयन करें। जबलपुर संभाग के 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए संभाग स्तरीय निःशुल्क ऑनलाइन कैरियर काउंसलिंग का उद्घाटन करते हुये डॉ. श्रीमती संतोष जाटव, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग, जबलपुर ने कहा कि 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अब ऑनलाइन काउंसलिंग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शासन की सभी योजनाओं, प्रवेश संबंधी अन्य जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश में इसकी शुरुआत जबलपुर संभाग से की जा रही है। इस अवसर पर डॉ. श्रीमती संतोष जाटव, अतिरिक्त संचालक, द्वारा निःशुल्क ऑनलाइन करियर काउंसलिंग का पोस्टर रिलीज किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन की स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर द्वारा संभाग स्तरीय 'निःशुल्क ऑनलाइन कैरियर काउंसलिंग का शुभारंभ किया गया है। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया आगामी माह में मेगा काउंसलिंग शिविर का आयोजन प्रस्तावित हैं। इस अवसर पर काउंसलर डॉ. सुमित पासी, श्रीमती पायल चौरसिया, श्रीमती उर्मिला शर्मा, ओएसडी डॉ. अजय गुप्ता आदि उपस्थित रहें।



# अनाधिकृत संस्थानों पर डॉक्टरेट की उपाधि बेचने का आरोप

## उपभोक्ता मंच ने किया सनसनीखेज खुलासा

**जबलपुर।**

देश में बड़ी संख्या ऐसे संस्थानों की बाढ़ सी आ गई है जो 30 हजार से 1 लाख रुपए लेकर विद्यावचास्पति (मानद डॉक्टरेट) की उपाधियां सम्मान के नाम पर धड़ल्ले से बेच रहें है। यह सनसनीखेज आरोप नागरिक उपभोक्ता मंच के संयोजक आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनीष शर्मा ने लगाते हुए कहा है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, विश्विद्यालय अनुदान आयोग को पत्र लिखकर ऐसे फर्जी संस्थानों पर तत्काल ठोस कार्रवाई करने की मांग की गई है। यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री शर्मा ने इस मामलें का खुलासा किया है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री शर्मा ने बताया कि लंबी खोजबीन के पश्चात यह मामला उजागर किया जा रहा है बड़ी संख्या में सभी राज्यों में ऐसे संस्थान सक्रिय हैं जो डॉक्टरेट की मानद उपाधि पैसे लेकर बांट रहें हैं जबकि वह उसके लिए अधिकृत ही नहीं है पूरे सोशल मीडिया में ऐसे संस्थानों के विज्ञापन भरे पड़े हैं। विश्विद्यालय अनुदान आयोग के अनुसार मानद उपाधि केवल शेक्षणिक संस्थान ही दे सकते है, परंतु अनाधिकृत संस्थानों द्वारा शैक्षणिक कार्य किया ही नहीं जा रहा न उनका कोई भी इंफ्रास्ट्रक्चर है न ही कोई स्टॉफ न ही यूजीसी या एनएएसी से मान्यता प्राप्त है, फर्जीवाड़े कल्पना से बाहर है यहां तक इनके द्वारा कागजों पर कुलपति तक नियुक्त किए गए हैं। शीघ्र ही इस मामलें में अगर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की जाएगी।

### सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम प्रमाणपत्र

उपभोक्ता मंच के प्रफुल्ल सक्सेना, राकेश चक्रवर्ती, मयंक राज, अंकित गोस्वामी, विनोद पांडे ने बताया की यह फर्जी मानद उपाधि बेचने वाले संस्थान शैक्षणिक संस्थानों के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है अपितु सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम के लाइसेंस प्राप्त संस्थान है, नीति आयोग में दर्ज गैर सरकारी संगठन है इस से स्पष्ट है की यह मानद उपाधि का व्यापार कर रहे हैं और सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि कुछ एडू टेक स्टार्टअप की सहायता से विदेशी संस्थान भी जमकर फर्जी मानद उपाधि बांट रहें हैं, सैकड़ों की संख्या में यह संस्थान सक्रिय हैं। सदस्यो ने बताया कि बड़े नेताओं, फिल्म एक्टर्स आदि को बुलाकर बड़े बड़े होटलों में कार्यक्रम आयोजित करते हैं। उपभोक्ता मंच ने तय किया है कि यदि सरकार, यूजीसी द्वारा शीघ्र फर्जी संस्थानों पर कार्यवाही नही की जाती है तो जनहित में मामले को उच्च न्यायालय के संज्ञान में लाएंगे।

# अवकाश के दौरान शिक्षकों को अनावश्यक परेशान न किया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती के चलते 01 जून से शिक्षकों को शाला में उपस्थित होने के आदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं ऐसे में शिक्षकों के द्वारा सभी शालेय कार्य 01 जून से 15 जून तक पूर्ण कर लिए जाएंगे, अतः ग्रीष्मकालीन अवकाश को ध्यान में रखा जाए और वरिष्ठ कार्यालयों के द्वारा प्रतिदिन नित नये आदेश निकाल कर शिक्षकों को मानसिक प्रताड़ित न किया जाए अन्यथा संगठन इसका पुरज़ोर विरोध करेगा। संघ के प्रांत अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, रऊफ खान, राजेश सहारिया, विनोद सिंह, मनमोहन चौधरी, दीपेश कुमार, मोहम्मद अहमद कादरी, वसीम खान, श्रीमती स्वाति गढ़ेवाल, शबाना परवीन, संजना सोनी, गज़ाला परवीन, अनीता जैन आदि ने मांग की है की ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शिक्षकों को अनावश्यक कार्य न सौंपे जाएं।

# जबलपुर में विमान सेवाओं की दुर्दशा

## केंद्रीय विमानन मंत्री को जगाने होगा जागृति यज्ञ

**जबलपुर।**

जबलपुर में विमान सेवाओं की चिंताजनक हालातों पर जबलपुर ही नहीं वरन पूरे महाकौशल एवं विंध्य क्षेत्र के नागरिकों में रोष व्याप्त है। जहां जबलपुर एक समय पर देश के प्रमुख नगरों से वायु मार्ग से जुड़ा हुआ था वहीं आज नवनिर्मित विमानतल के बनने के बावजूद विभिन्न स्थानों के लिए विमानों की बाट जो रहा है। जबलपुर से संपूर्ण महाकौशल एवं विंध्य क्षेत्र के जिलों के नागरिक विभिन्न स्थानों तक जाने के लिए विमान सेवा का लाभ उठाते थे जिनको अब अधिक समय और व्यय करके या सड़क मार्ग द्वारा अथवा दूसरे शहरों के वायु मार्ग द्वारा मजबूरीवश यात्रा करना पड़ रही है। पिछले कुछ माह से जबलपुर के नागरिकों एवं वायु सेवा संघर्ष समिति ने जबलपुर की विमान सेवाओं की दुर्दशा पर अनेक बैठकें की, प्रधानमंत्री, केंद्रीय विमानन मंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी इस आशय हेतु पत्र लिखा गया लेकिन किसी ने भी अभी तक इस मुद्दे पर सकारात्मक पहल नहीं की है। वायु सेवा संघर्ष समिति जबलपुर के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया की उद्योगपति, व्यापारी, चिकित्सक, अधिवक्ता, इलाजरत मरीज, युवा वर्ग इत्यादि जबलपुर की विमान सेवाओं को लेकर दुखी हैं और जबलपुर जो की निवेश की बाट कई वर्षों से जो रहा है आज विमान सेवाओं के न होने से शहर पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है क्योंकि वृहद औद्योगिक समूह जबलपुर में फ्लाइट सेवाओं के न होने से निवेश करने में कतरा रहे हैं। वायु सेवा संघर्ष समिति इस उद्देश्य हेतु शीघ्र ही एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन करेगी तथा उसके पश्चात केंद्रीय विमानन मंत्री को जगाने के लिए एक जागृति यज्ञ करेगी। इस उम्मीद से कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को जबलपुर के हालात पर ध्यान आकर्षण हो तथा जबलपुर को पूर्व की भांति मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद, पुणे एवं अन्य शहरों के लिए भी वायु सेवा आरंभ हो सके। समिति के सदस्य बलदीप मैनी, शंकर नाग्देव, हेमराज अग्रवाल, अभिषेक ध्यानी, जितेंद्र पचौरी, दीपक सेठी, पंकज माहेश्वरी, राकेश श्रीवास्तव, पीजी नाजपाण्डे, मनु तिवारी, अरुण पवार, अनिल अग्रवाल सी ए, अधिवक्ता रविंद्र श्रीवास्तव अभिषेक जैन आदि ने केंद्रीय विमानन मंत्री से पुन आग्रह किया है कि वे जबलपुर को देश के प्रमुख नगरों से जोड़ने सार्थक पहल करें अन्यथा वायुसेवा संघर्ष समिति इस हेतु तीव्र आंदोलन करेगी।

## एमआईटी एडीटी विश्वविद्यालय द्वारा

# आईसीएफएआई निदेशक सुधाकर राव को मिला "सीके प्रहलाद मार्केटिंग अवॉर्ड"

**हैदराबाद।** सीके प्रहलाद चेयर फॉर मार्केटिंग अवार्ड सुधाकर राव, निदेशक, ब्रांडिंग आईसीएफएआई ग्रुप, हैदराबाद को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार एमआईटी एडीटी विश्वविद्यालय, पुणे द्वारा गठित किया गया था, जिसे 3 मई 2024 को पुणे के विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक शानदार समारोह में उनके कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) सुनीता एम. कराड द्वारा प्रदान किया गया।

पुरस्कार प्रदान करते हुए प्रोफेसर डॉ. सुनीता एम.कराड ने कहा, "हमें आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एमआईटी कला, डिजाइन और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पुणे ने एमआईटी एडीटीयू चेयर की स्थापना की है, जो एक ऐसा मंच है जो प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को मान्यता देता है और उनका आभार व्यक्त करता है। बिजनेस टाइटन्स, निर्णय निर्माता और विभिन्न क्षेत्रों के नवप्रवर्तक, प्रबंधन जिसमें मानव संसाधन, वित्त, विपणन, सिविल और निर्माण, मैकेनिकल आदि शामिल हैं।

शैक्षणिक वर्ष, 2023-24 में पेश किए गए, एमआईटी एडीटीयू अध्यक्षों का उद्देश्य दिग्गजों, उद्योग और अकादमिक व्यक्तित्वों द्वारा किए गए प्रतिष्ठित कार्यों को स्वीकार करना है, जिन्होंने संबंधित क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम किया है और संबंधित पुरस्कार धारक को उनके प्रति कृतज्ञता प्रदर्शित करने के लिए उन्हें पुरस्कार दिया है। यह संबंधित क्षेत्र में आगे की प्रेरणा के लिए छात्रों के बीच अच्छे काम को बहाल करने का भी काम करता है। प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करते समय सुधाकर राव ने कहा, 'मुझे वर्ष 2024 के लिए ''मार्केटिंग के लिए सीके प्रहलाद चेयर अवार्ड' का प्राप्तकर्ता होने का वास्तव में सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह सम्मान मुझे बेहद खुशी और गर्व से भर देता है, और मैं वास्तव में इसके लिए उत्साहित हूं। प्रसिद्ध बिजनेस रणनीतिकार सीके प्रहलाद के नाम पर दिए गए इस



पुरस्कार का महत्व मेरे लिए अज्ञात नहीं है। यह ब्रांडिंग और मार्केटिंग क्षेत्र में अपने काम में मेरे द्वारा किए गए ईमानदार प्रयास और उत्साह को रेखांकित करता है। मेरे प्रयासों को इस तरह से स्वीकार किया जाना विनम्र और अत्यधिक संतुष्टिदायक है। मैं एमआईटी एडीटी यूनिवर्सिटी, पुणे द्वारा गठित चयन समिति और विपणन के क्षेत्र में मेरे योगदान पर विश्वास करने के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों का अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं। यह पुरस्कार मेरे लिए अपने काम में नवीनता और उत्कृष्टता की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरक के रूप में कार्य करता है। मैं विपणन ज्ञान और अभ्यास की उन्नति में योगदान देने के लिए इस सम्मान का लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं। अनुसंधान, परामर्श और सहयोग के माध्यम से, मैं क्षेत्र में सार्थक प्रभाव डालने और विपणक की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।"

### एमआईटी कला, डिजाइन और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पुणे

एमआईटी आर्ट डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी विश्व स्तरीय शिक्षा की दिशा में छलांग लगाने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। यह प्रसिद्ध एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, पुणे के दायरे में अग्रणी सरकारी मान्यता प्राप्त निजी विश्वविद्यालय में से एक है। एमआईटी एडीटी विश्वविद्यालय एक बहु-विषयक विश्वविद्यालय है जो अपने 125 एकड़ के विशाल हरे-भरे परिसर और 125 एकड़ के बड़े क्षेत्र में फैले सुरम्य स्थान के लिए प्रसिद्ध है। विश्वविद्यालय प्रकृति की शांति की अभिव्यक्ति है और मुला-मुथा नदी के तट पर सौंदर्य की दृष्टि से बनाया गया है।

### आईसीएफएआई समूहः


आईसीएफएआई की स्थापना 1984 में विश्व स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के व्यापक उद्देश्य के साथ एक गैर-लाभकारी समाज के रूप में की गई थी। आईसीएफएआई समूह 40 वर्षों से अधिक समय से व्यवसायिक शिक्षा में अग्रणी रहा है। इसने छात्रों को अपने नवोन्मेषी और गहन ज्ञान कार्यक्रमों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अपनी एक अलग पहचान बनाई है, जो उन्हें वैश्विक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाता है। यह सम्पूर्ण भारत में 11 विश्वविद्यालयों, 9 बिजनेस स्कूलों, 9 लॉ स्कूलों और 7 टेक स्कूलों के साथ मौजूद है।

### बगैर मंडी शुल्क के भंडारित था 1 लाख 65 हजार का गोंद

# मंडी उड़नदस्ता दल प्रभारी ने पकड़ा बैरागढ़ कलां स्थित फैक्ट्री में पच्चीस क्विंटल गोंद

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कृषि उपज मंडी समिति भोपाल के सचिव आरपी गुप्ता के निर्देश पर मंडी उडऩदस्ता दल प्रभारी जीवन सिंह राजपूत ने उप मंडी भैंसाखेड़ी बैरागढ़ के प्रभारी बीएल त्यागी के साथ बैरागढ़ कलां स्थित गोंद की फैक्ट्री का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मंडी दल ने गुप्त सूचना मिली कि बिना लाइसेंस के शारदा ट्रेडर्स (गोंद के व्यापारी) में गोंद का अवेधानिक भंडारण है। जिसके आधार पर प्रभारी जीवन सिंह राजपूत ने यहां आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उक्त फैक्टरी में 25 क्विंटल गोंद अवैधानिक रूप से भंडारित पाया गया और जिसका मंडी शुल्क भी नहीं चुकाया गया था।



### नहीं था मंडी का लाइसेंस

उक्त फैक्ट्री मालिक रमेश कुमार आहूजा के पास कृषि उपज मंडी समिति भोपाल का लाइसेंस नही था। अतः मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 31,06 व 19 का उल्लंघन होने पर 25 क्विंटल गोंद जिसकी कीमत 1 लाख 65000 रुपए थी को मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 20 व 23 के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध भंडारित पाई गई अधिसूचित कृषि उपज गोंद को को जप्त किया गया।
फैक्ट्री मालिक रमेश आहूजा द्वारा बताया गया कि मेरे पास फॉरेस्ट विभाग का लाइसेंस है, लेकिन मुझे पता नही था कि गोंद कृषि उपज है और मंडी समिति भोपाल का लाइसेंस लेना जरूरी है इसलिए मैंने मंडी भोपाल से लाइसेंस नहीं लिया और अब मंडी भोपाल से विधिवत फीस मंडी भोपाल में जमा कर लाइसेंस लेकर व्यापार करूंगा।

### 14 हजार टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की मंजूरी दे दी। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक नोटिफिकेशन में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड के माध्यम से मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल निर्यात किए जाने की मंजूरी दी गई है। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 20 जुलाई, 2023 से ही गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। लेकिन कुछ देशों को अनुरोध पर उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतें पूरा करने के लिए सरकार निर्यात की मंजूरी देती है। इससे पहले भारत ने तंजानिया, जिबूती और गिनी-बिसाऊ सहित कुछ अफ्रीकी देशों को इस चावल के निर्यात की मंजूरी दी है। इसके अलावा नेपाल, कैमरून, कोटे डि-आइवरी, गिनी, मलेशिया, फिलिपीन और सेशेल्स जैसे देशों को भी गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की मंजूरी दी गई थी।

### वैज्ञानिकों ने किया था ये चौंकाने वाला खुलासा

# महाभारत में हुआ था पहले परमाणु बम का इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶ लंदन

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सबसे पहले परमाणु बम का इस्तेमाल किया था। अमेरिका ने 6 अगस्त, 1945 को जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम गिराया गया था। इसके तीन दिन बाद 9 अगस्त 1945 को नागासाकी पर परमाणु बम से हमला किया था। इस परमाणु हमले के तुरंत बाद द्वितीय विश्व युद्ध खत्म हो गया। जापान ने मित्र राष्ट्रों के सामने समर्पण कर दिया। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि महाभारत काल में भी 'परमाणु बम' का इस्तेमाल किया गया था। वैज्ञानिकों को इस बात का सबूत मिल चुका है।

दुनिया में कई मोर्चों पर युद्ध चल रहा है। ज्यादातर मोर्चों पर चल रहे युद्ध में परोक्ष रूप से कई देश शामिल हैं। रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से जंग चल रही है। इन दो देशों के बीच चल रहे युद्ध में अमेरिका समेत कई पश्चिमी देश परोक्ष रूप से शामिल हैं। इसके अलावा इस्राइल और आंतकी संगठन हमास के बीच भी युद्ध चल रहा है। इस जंग में भी अमेरिका और ईरान समेत कई देश परोक्ष रूप से शामिल हैं। वर्तमान समय में दुनिया दो गुटों में बंट चुकी है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कई बार परमाणु हमले की धमकी दे चुके हैं। यह बम दुनिया के सबसे खतरनाक बमों से एक है। जापान के हिरोशिमा और नागासाकी में दुनिया ने इस बम की विनाशलीला देख चुकी है। अगर किसी देश पर परमाणु फेंक दिया जाए, तो लाखों की आबादी एक झटके में खत्म हो जाएगी।

वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपेनहाइमर ने परमाणु बम का आविष्कार किया था। उन्होंने अपने एक शोध में इस बात खुलासा किया है कि महाभारत काल में परमाणु बम जैसे विनाशकारी हथियारों का इस्तेमाल किया जा चुका है।

### हड़प्पा और मोहन जोदाड़ो काल में हुआ था प्रयोग

सिंधु घाटी सभ्यता पर कई शोध किए गए हैं। शोध के मुताबिक, हड़प्पा और मोहन जोदाड़ो में कई नर कंकाल मिले हैं, जिनसे जानकारी मिलती है कि उन्हें किसी भयंकर अस्त्र से मारा गया था। इसके साथ ही यहां पर कई ऐसे प्रमाण भी मिले हैं, जिनसे यह पता चलता है कि किसी काल में यहां अत्यधिक मात्रा में रेडिएशन उतपन्न हुआ था, जितना किसी परमाणु बम के विस्फोट के बाद होता है।



### ब्रह्मास्त्र परमाणु बम के समान ही था

पुणे के एक डॉक्टर व लेखक पद्माकर विष्णु वर्तक ने भी अपनी शोध में माना है कि महाभारत काल में इस्तेमाल किया गया ब्रह्मास्त्र परमाणु बम के समान ही था। डॉ. वर्तक ने अपनी किताब 'स्वयंभू', में इस बात का जिक्र किया है। रामायण और महाभारत काल में ब्रह्मास्त्र को सबसे खतरनाक हथियार माना जाता था। उस काल में कई योद्धाओं के पास ब्रह्मास्त्र थे। बताया जाता है कि जो व्यक्ति ब्रह्मास्त्र का इस्तेमाल करता था, उसके पास क्षमता होती था कि वह इसे वापस भी ले सकता था। लेकिन द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा को ब्रह्मास्त्र कैसे वापस लेना है, यह तरीका याद नहीं था। इसकी वजह से ब्रह्मास्त्र के छूटने के बाद भयानक तबाही मची थी।

### 3 साल की बच्ची ने कहा- मेरे कमरे में है राक्षस सामने आया सच तो पैरों तले खिसक गई ज़मीन

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। एक 3 साल की छोटी बच्ची ने अपने पैरेंट्स को बताया कि उसके कमरे में एक राक्षस रहता है और रात को उसे हर रोज़ कमरे में अजीबोगरीब आवाजें सुनाईं देती हैं। लेकिन, माता-पिता ने इसे बच्ची का वहम समझकर अनदेखा कर दिया।. सच्चाई तब सामने आई जब घरवालों ने एक मधुमक्खी पालक को बुलाया। उसने बताया की बच्ची के कमरे की दीवार में 55 हजार से 65 हजार के करीब मधुमक्खियों ने अपना घर बना रखा है। ये घटना उत्तरी कैरोलिया के शार्लोट शहर का है। बच्ची के पैरेंट्स ने बताया कि बच्ची ने हाल ही में 'मॉन्स्टर्स इंक' फिल्म देखी थी। इसलिए जब उसने कमरे में अजीब आवाजें सुनाई देने और राक्षस होने की बात कही तो हमने बच्ची का वहम समझकर अनदेखा कर दिया। बच्ची के पिता और होम डिजाइनर मैसिस क्लास ने बताया कि 'हमने उसे पानी की एक बोतल भी दी और कहा कि यह राक्षस स्प्रे है ताकि वह रात में किसी भी राक्षस को स्प्रे कर सके'। लेकिन यह तरकीब काम नहीं आई, अगले दिनों में, बच्ची अपने कमरे के अंदर कुछ होने को लेकर अड़ गई। जल्द ही, उसकी मां ने कुछ मधुमक्खियों को घर में चिमनी के पास इकट्ठा होते देखा, तो मधुमक्खी पकड़ने वाले को बुलाया। उसने बच्ची के कमरे की छत पर मधुमक्खियों को उड़ते देखा। मधुमक्खी पकड़ने वाले ने बच्ची के बेडरूम में दीवारों की जांच करने के लिए थर्मल कैमरे का इस्तेमाल किया।उस शख्स ने फिर जो देखा, हैरान रह गया। मधुमक्खी का छत्ता दीवार में इतनी ज्यादा गहराई तक फैला हुआ था, जितना उसने पहले कभी नहीं देखा था। छत में हुए एक छोटे से सिक्के के आकार के छेद से मधुमक्खियां दीवार के अंदर घुसती और निकलती थीं। मधुमक्खी पालक ने घर को लोगों को बाहर निकाला और 55 हजार से 65 हजार के करीब मधुमक्खियों और 45 किलो के छत्ते को दीवार से बाहर निकाला। घर के लोगों ने बताया कि मधुमक्खियों ने घर में 15 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान कर डाला है।







सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** - दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** - मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** - व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** - परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** - संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** - संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** - वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** - मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** - क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** - व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** - आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** - मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# सीजीएसटी ने मप्र में अब तक की 21 करोड़ रु. की जब्ती


वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) विभाग ने टीम मध्यप्रदेश में मार्च में आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लगने के बाद से अब तक 21 करोड़ रुपये का माल जब्त किया है। गौरतलब है कि एसजीएसटी विभाग ने भोपाल में आभूषण फर्म और गुना में एक बर्तन फर्म ने जब्त माल के बदले क्रमशः 40 लाख रुपए और 50 लाख रुपए जमा किए। सागर में मोबाइल फोन और एसेसरीज की चार फर्मों में बेहिसाब स्टॉक रखा हुआ पाया गया। इन फर्मों ने जब्त माल के बदले



एसजीएसटी विभाग को 1.14 करोड़ रुपए जमा कराए। एसजीएसटी विभाग की टीम ने भोपाल, इंदौर, सागर और गुना में छापे मारे है। पिछले सप्ताह खत्म हुए तलाशी अभियान के दौरान चार शहरों में कई अपंजीकृत फर्मों और गोदामों से मोबाइल फोन, फोन एक्सेसरीज, बर्तन और जूलरी जब्त की। आरोपी फर्मों ने मुफ्त वस्तुओं की श्रेणी में आने वाली जब्त वस्तुओं के बदले में कुल 3 करोड़ रुपए से अधिक जमा किए हैं, जिनका उपयोग राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए वितरित किया जाता है। एसजीएसटी की अतिरिक्त आयुक्त रजनी सिंह ने कहाकि पिछले हफ्ते, हमने इंदौर, सागर, भोपाल और गुना में तलाशी अभियान चलाया। इन कंपनियों को बेहिसाब स्टॉक रखते हुए पाया गया। विस्तृत जांच में गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने के लिए फर्जी चालान का पता चला।

## शब्द पहेली - 5505



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

### शब्द पहेली -5504 का हल



## सूडोकु नवताल- 5516

✱✱✱✱✱ मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5515 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |



डॉक्टर्स सजेशन

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## एलर्जी की वजह से हो सकती है गले में खराश



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। कुछ दिनों से गले में अकसर खराश बनी रहती है और कभी-कभी गले में दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-भूपेन, रोहतक**

यह समस्या मौजूदा समय में काफी लोगों को हो रही है, इसका सबसे बड़ा कारण एलर्जी होना है। घर से बाहर निकलने पर धूल और धुएं से लोगों को एलर्जी होती है और गले में खराश भी हो जाती है। इससे बचने के लिए आप घर से बाहर निकलें तो मास्क लगाकर निकलें। इसके अलावा सुबह और शाम गर्म पानी से गरारा जरूर करें, इससे राहत मिलेगी। ज्यादा समस्या हो तो एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। ठीक होने के बाद भी मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं कि ये निशान कैसे ठीक होंगे?**

**-आनंद, दिल्ली**

सामान्य तौर पर चिकनपॉक्स के निशान धीरे-धीरे जाते हैं, साथ ही यह डिपेंड करता है कि निशान किस तरह के हैं। बगैर देखे कुछ नहीं कहा जा सकता है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वह आपको कुछ मेडिसिनल क्रीम्स या लोशन बता देंगे, जिसे लगाने से दाग जल्दी ठीक हो सकते हैं।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा हावी रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुरेंद्र, कोरबा**

सबसे पहले आप यह जानने की कोशिश करें कि हाल-फिलहाल में ऐसा क्या हुआ है, जिसके बाद आपके व्यवहार में यह बदलाव आया है? जो समस्या आई हो, उसका समाधान निकालना जरूरी है, इसके बाद ही आपको राहत मिलेगी। अगर आपको ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी आंखों में अकसर जलन होती रहती है। हालांकि विजन की कोई प्रॉब्लम नहीं है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-हर्ष, रायपुर**

कई बार अधिक वायु प्रदूषण होने से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आप यह देखें कि जहां रह रहे हैं, क्या वहां पर अधिक वायु प्रदूषण हो रहा है? अगर ऐसा हो रहा है तो आप घर से बाहर निकलें तो गॉगल्स या जीरो पावर का चश्मा पहनकर ही निकलें। इसके अलावा एक बार आप नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे जांच कर यह भी पता लगाएंगे कि आंखों में संक्रमण तो नहीं है, जिसकी वजह से जलन हो रही हो।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। कुछ देर खड़े रहने से ही मेरे पैरों में झनझनाहट होने लगती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-राजकिशोर, भोपाल**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, इसलिए आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से मिलना चाहिए। वो एक्स-रे कराएंगे और जरूरत पड़ने पर सिटी स्कैन भी कराएंगे। इससे झनझनाहट होने की वजह पता चलेगी और उसका उपचार हो सकेगा। हालांकि कई बार न्यूरो संबंधी समस्या की वजह से भी इस तरह की समस्या आती है, लेकिन यह डॉक्टर ही तय करेंगे, उसके अनुसार ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी कमर में दर्द बना रहता है। कहीं चोट भी नहीं लगी है। चलते समय या लेटते समय आराम रहता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हेमराज, जबलपुर**

सबसे पहले आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें। आजकल ज्यादातर लोगों को इसी वजह से कमर में दर्द होता है। अगर रिपोर्ट में कोई कमी आती है, तो डॉक्टर से संपर्क कर इसके लिए दवा लें और नियमित रूप से खाएं। *

**प्रस्तुति:रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

हाल में कोविशील्ड कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स को लेकर कुछ फैक्ट्स सामने आए हैं। इसको लेकर देश-विदेश में लोग चिंतित हो रहे हैं। कई तरह के दुष्प्रचार भी फैलाए जा रहे हैं। वास्तव में इनकी सच्चाई क्या है, इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं और इन साइड इफेक्ट्स को दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं? ऐसे तमाम सवालों के जवाब आप जरूर जानना चाहेंगे।

## कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स घबराएं नहीं-हेल्थ का रखें ध्यान

अवेयरनेस

**डॉ. नवनीत सूद**
सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी
धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली

सबसे पहले तो इस बात को समझना जरूरी है कि टीकाकरण के दुष्प्रभाव बेहद दुर्लभ होते हैं, जबकि इन दुर्लभ दुष्प्रभावों की तुलना में टीकाकरण के लाभ कहीं अधिक हैं। अभी हाल ही में कोविड वैक्सीन, कोविशील्ड को बनाने वाली एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में स्वीकारा है कि उनकी वैक्सीन में टीटीएस (थ्रोंबोसाइटोपेनिया सिंड्रोम विद थ्रोंबोसिस) नामक साइड इफेक्ट होने की संभावना हो सकती है लेकिन यह बेहद कम है। ये न्यूनतम साइड इफेक्ट कई अन्य टीकों के साथ भी जुड़ा रहा है इसलिए आम जनता को इसको लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए और ना ही इस बारे में फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं पर भरोसा करना चाहिए।

### सालों बाद नहीं होते साइड इफेक्ट्स

किसी भी वैक्सीन से संबंधित साइड इफेक्ट्स सामान्य रूप से वैक्सीन की पहली खुराक लगने के बाद कुछ हफ्तों (1-6 सप्ताह) के अंदर ही होते हैं। ऐसे में जिन लोगों को वैक्सीन लगवाने के बाद एक महीने तक साइड इफेक्ट्स नहीं हुए हैं, उन्हें चिंता करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह सोचकर परेशान ना हों कि दो साल पहले लगाई गई वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अब सामने आ सकते हैं।

### साइड इफेक्ट्स में शामिल लक्षण

किसी भी वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स में ज्यादातर आपको स्किन पर रेडनेस, सूजन, त्वचा की कोमलता, बदन दर्द, सिरदर्द, ठंड लगना, बुखार, चिड़चिड़ापन, थकान महसूस होना, भूख ना लगना, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द और दस्त आने जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।


### सीरियस साइड इफेक्ट्स का रिस्क

सीरियस साइड इफेक्ट्स उन लोगों में दिख सकते हैं, जिनकी इम्यूनिटी वीक होती है। हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता यानी इम्यूनिटी दो तरह से विकसित होती है। एक टीके यानी वैक्सीन से और दूसरी संक्रमित होने पर कुदरती तौर से। कुदरती तरीके से इम्यूनिटी प्राप्त करने में दुष्प्रभाव की गुंजाइश नहीं होती। इसके बजाय वैक्सीन के जरिए इम्यूनिटी बूस्ट करने पर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। लेकिन ऐसे साइड इफेक्ट्स 6 महीने में सामने आ जाते हैं। अब तो वैक्सीनेशन के बाद 2 साल से भी अधिक का समय बीत चुका है, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है।

### तब डॉक्टर से करें कंसल्ट

टीकाकरण के बाद वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अधिकतर हल्के और मध्यम होते हैं और कुछ दिनों बाद ठीक हो जाते हैं। लेकिन कुछ लोगों में ये लक्षण गंभीर भी हो सकते हैं। ऐसे में सूजन, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और बुखार के अलावा अगर आपको सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और घबराहट जैसे लक्षण महसूस हो रहे हैं तो






आपको एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लेना चाहिए।

### साइड इफेक्ट्स की डायग्नोसिस

कोविड वैक्सीन के कारण हमारे शरीर में एस1, एस 2 प्रोटीन और म्युटेंट एस प्रोटीन की मात्रा बढ़ जाती है और इस कारण ब्लड क्लॉटिंग के लिए जिम्मेदार सीसीआर-5 फैक्टर एक्टिवेट होने की संभावना बनी रहती है। इससे रक्त नलिकाओं पर प्लेटलेट्स चिपकने लगती हैं। इसी के चलते आगे रक्त के प्रवाह में रुकावट की संभावना हो सकती है। हालांकि इसका पर्सेंटेज बहुत ही कम होता है। लेकिन अपने मन की शंका को दूर करने के लिए आप अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ब्लड में एस।, एस2 प्रोटीन के स्तर की जांच करा सकते हैं। इसके अलावा आप सीसीआर-5 लेवल, साइटोकाइन प्रोफाइल और इंफ्लेमेटरी मार्कर की भी जांच करा सकते हैं। यदि टेस्ट रिपोर्ट में इनका स्तर बढ़ा हुआ आता है तो इन्हे मेडिकल सुपरविजन में दवाओं से कम भी किया जा सकता है, जिससे भविष्य में हार्ट अटैक, बेन स्ट्रोक, पल्मोनरी इंबोलिस्म, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर की समस्या से बचा जा सकता है।



### इन बातों का रखें ध्यान

**कोविड वैक्सीन** के साइड इफेक्ट्स को लेकर किसी भी व्यक्ति को घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह एक बहुत ही रेयर साइड इफेक्ट है, जो वैक्सीन लगवाने के सिर्फ एक महीने के अंदर ही हो सकता है, उसके बाद नहीं। इसलिए किसी भी तरह की भ्रामक बातों, सोशल मीडिया के अनऑथेंटिक सूचनाओं के बारे में पढ़, सुन या देखकर चिंतित ना हों। पोषक तत्वों से भरपूर सादा भोजन करें, प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी जरूर करें। अगर किसी अन्य बीमारी की दवाइयां चल रही हैं तो उन्हें बिना डॉक्टर की सलाह के रोकें नहीं। अपने शरीर में होने वाले बदलावों पर ध्यान देते रहें और डॉक्टर से संपर्क में रहें।

### लाइफस्टाइल-डाइट प्लान में करें बदलाव

वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स होने की आशंका को खत्म के लिए आप वसायुक्त खाद्य पदार्थों का, नमक का और मिर्च-मसालों का सेवन कम करें। अपने बॉडी वेट को नियंत्रण में रखें। पानी अधिक मात्रा में पिएं। अन्य किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उसकी जांच कराते रहें। फास्ट फूड के सेवन से बचें। पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियों और प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। सिगरेट और शराब का सेवन ना करें। इसके साथ ही डेली व्यायाम और योगाभ्यास को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाएं। इससे आपकी इम्यूनिटी बढ़ेगी और हेल्थ भी अच्छी रहेगी। * **प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

---

हेल्थ न्यूज

## विटामिन डी की कमी से बच्चों में एलर्जी का रिस्क



विटामिन डी को शरीर के लिए बहुत ही जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। इसकी कमी से हड्डियों के कमजोर होने का खतरा होता है, यह तो काफी लोग जानते हैं। लेकिन हाल ही में हुए एक रिसर्च में विटामिन डी की कमी और बच्चों में एक्जिमा स्किन कंडीशन होने की संभावनाओं के बीच संबंध देखा गया है। 'वर्ल्ड एलर्जी जर्नल ऑर्गनाइजेशन' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार विटामिन डी का सीधा संबंध एलर्जेन सेंसिटाइजेशन से होता है। यानी, विटामिन डी की कमी से एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के बढ़ने का खतरा अधिक होता है। शोधकर्ताओं ने अपनी स्टडी में पाया कि बचपन में विटामिन डी की कमी से बच्चों में एटॉपिक डर्मेटाइटिस की समस्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में जरूरी है कि पैरेंट्स अपने बच्चों को विटामिन डी से भरपूर फूड्स का सेवन नियमित रूप से कराएं।

रिसर्चर्स के अनुसार फैटी फिश सामन, मैकेरल और टूना जैसी मछलियां, विटामिन डी का बेहतरीन स्त्रोत हैं। इन मछलियों को हफ्ते में दो बार बच्चों को खिलाने से उनकी विटामिन डी की जरूरत पूरी हो सकती है। इसके अलावा अंडे, दूध, खमीर और मशरूम विटामिन डी के अच्छे सोर्स होते हैं, जिनको खाने से विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है।

विटामिन डी पाने का सबसे अच्छा प्राकृतिक तरीका है सुबह की धूप। बच्चों को सुबह आठ-नौ बजे से पहले की धूप में 15 से 20 मिनट खेलने दें। इससे उनकी त्वचा प्राकृतिक रूप से विटामिन डी का निर्माण करेगी और बच्चों में विटामिन डी की कमी पूरी होगी। *

**प्रस्तुतिः अजेश कुमार**

---

प्रिकॉशन

**सोनम लववंशी**

सेल्फ मेडिकेशन का मतलब बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए, खुद अपने मन से, कहीं पढ़कर, सुनकर या इंटरनेट पर देखकर किसी रोग की दवा लेना। हाल के वर्षों में इसका ट्रेंड बढ़ रहा है, जबकि ऐसा करना हेल्थ के लिए बहुत हार्मफुल हो सकता है।

## हेल्थ के लिए हार्मफुल सेल्फ मेडिकेशन

घरों में अकसर बुजुर्गों से बातचीत में यह सुना जाता है कि उनके जमाने में वे कभी बीमार नहीं पड़ते थे। लोग सेहतमंद हुआ करते थे, यहां तक कि मौसम की मार भी उन पर असर नहीं करती थी। लेकिन, अब वो स्थिति नहीं रही। बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण हर व्यक्ति कभी न कभी बीमार जरूर होता है। खुद नहीं होता तो उनके परिवार में उसे इस स्थिति का सामना जरूर करना पड़ता है। इस मामले में खतरनाक बात यह है कि आजकल कई लोग बीमारियों का इलाज डॉक्टर से करवाने के बजाय खुद ही करने लगे हैं। जब ऐसे प्रयोग अपना दुष्प्रभाव दिखाते हैं, तो कई बार इसके गंभीर परिणाम तक भुगतने पड़ते हैं। यहां तक कि ऐसा करना जानलेवा भी हो सकता है। इसलिए ऐसा कुछ करने से बचना चाहिए।

**खुद डॉक्टर ना बनें :** कुछ लोगों की आदत होती है कि दोस्तों या परिवार में जैसे ही कोई बीमार होता है, उसे अपना दवा ज्ञान देना शुरू कर देते हैं। यहां तक कि खुद भी अपना इलाज करने लग जाते हैं। सर्दी-खांसी या छोटे-मोटे दर्द तक तो ठीक है, पर लक्षणों को देख कर खुद का दवा-ज्ञान या मेडिकल स्टोर वाले से दवा लेना हेल्थ के लिए गंभीर परेशानी खड़ी कर सकता है। आजकल तो बहुत से लोग इंटरनेट पर भी अपना इलाज खोजने में देर नहीं करते हैं, जबकि इसके परिणाम घातक होते हैं। खासकर छोटे बच्चे, गंभीर रूप से बीमार और बुजुर्गों को तो बिना डॉक्टरी परामर्श के कतई दवा नहीं देनी चाहिए।



**डॉक्टरी परामर्श जरूरी :** डॉक्टरों का तो आए दिन इस तरह के मरीजों से पाला पड़ता है, जो खुद का इलाज करके अपनी बीमारी को और अधिक गंभीर बना लेते हैं। ऐसे मरीज डॉक्टर की सलाह को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। कई बार तो इंटरनेट रिसर्च करके टेस्ट तक करवा लेते हैं और रिपोर्ट के आधार पर दवाइयां लेना शुरू कर देते हैं। सच्चाई यह है कि अब तो किसी भी बीमारी में डॉक्टर भी बिना जांच के पेशेंट का इलाज शुरू नहीं करते हैं।

**इंटरनेट से बढ़ा ट्रेंड:** लोगों में बीमारी को लेकर सलाह लेने-देने का चलन नया नहीं है। लेकिन, इंटरनेट आने के बाद हर दूसरा आदमी खुद को आधा डॉक्टर मान लेता है। हर बीमारी के झटपट इलाज के दावों की इंटरनेट पर बाढ़ लगी हुई है। इंटरनेट पर बीमारी का इलाज ढूंढ़ना बहुत आसान होता है। इस वजह से कई लोग डॉक्टर के पास जाना भी जरूरी नहीं समझते हैं। इंटरनेट पर जानकारी भले ही सही हो, पर जरूरी नहीं कि वो उस मरीज पर असर ही करे, क्योंकि डॉक्टर मरीज की उम्र, हेल्थ कंडीशन से लेकर उसकी मेडिकल रिपोर्ट तक देखने के बाद ही इलाज करता है। यही नहीं पेशेंट को दवा लेने से कोई एलर्जी या साइड इफेक्ट न हो इस बात का भी पूरा ख्याल रखता है।

**हो सकते हैं गंभीर परिणामः** कई लोग मेडिकल स्टोर से बिना डॉक्टर की पर्ची के ही दवा ले लेते हैं। लेकिन, वे भूल जाते हैं कि मेडिकल स्टोर वाला डॉक्टर नहीं है। उसे दवा की जानकारी हो सकती है, पर जरूरी नहीं कि उसे दवा का सही डोज, मरीज के लिए उसकी जरूरी मात्रा और दवा के दुष्प्रभाव के बारे में सही जानकारी हो। ऐसा अधूरा ज्ञान पेशेंट के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। सेल्फ मेडिकेशन की आदत से कई बार छोटी बीमारी भी बहुत सीरियस हो जाती है। गलत इलाज या गैर जरूरी दवाइयों के सेवन से किडनी और लिवर जैसे अंग खराब होने का भी खतरा बना रहता है।

**प्रभावी कदम उठाने की है जरूरतः** लोगों में सेल्फ मेडिकेशन के बढ़ते ट्रेंड से चिंतित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी इंटरनेट पर मौजूद दवा संबंधी जानकारी और ऑनलाइन कंसल्टेंसी को लेकर एक रिपोर्ट सरकार को दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में टेली मेडिसिन, टेली कंसल्टेशन, इंटरनेट कंसल्टेशन पर कोई नीति बनाई जानी चाहिए। हालांकि इंटरनेट की जानकारियों पर प्रतिबंध लगाना आसान नहीं है। लेकिन, चेतावनी जरूर दी जा सकती है कि दवाइयों संबंधी जानकारी का अपनी मर्जी से इस्तेमाल न करें। पर, अभी ऐसी कोई नीति नहीं बनी है। ऐसे में लोगों को खुद ही जागरूक होना जरूरी है। *

---

आयुर्वेद / **दीपिका शर्मा**

## फल ही नहीं पत्ते भी होते हैं गुणकारी





फलों के सेवन से हमारा स्वास्थ्य बिल्कुल दुरुस्त रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ फलदार पेड़ों के पत्ते भी बेहद लाभकारी होते हैं। कुछ के बारे में जानिए-

**अमरूदः** अमरूद के पत्ते में फाइबर, विटामिन ए, सी, फोलिक एसिड, पोटेशियम, तांबा और मैंगनीज भरपूर होते हैं। इसमें कैरोटेनॉयड्स और पॉलीफेनोल्स दोनों मौजूद होते हैं, जो उन्हें एंटी-एजिंग और एंटी-कैंसर गुणों से भरपूर बनाते हैं। अमरूद के पत्तों में फेनोलिक यौगिक होने से शुगर लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके पत्तों में बायोएक्टिव कंपाउंड होता हैं, जो कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को रोकता है। साथ ही कोलेस्ट्रॉल कम करने में सहायता भी रहता है। प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में भी इनको कारगर माना गया है।

**पपीताः** यदि आप पेट की समस्या से परेशान रहते हैं तो पपीते के पत्ते आपके लिए रामबाण इलाज है। अगर आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है तो उसके पत्ते का रस आपके लिए बहुत लाभकारी होगा। गैस और अपच की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। डेंगू और मलेरिया में इसके पत्तों का रस बहुत लाभकारी होता है। * **(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. पवन कौशिक से बातचीत पर आधारित)**

**अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि**

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

**यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-**
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

**हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित**



# डोर्टमंड ने चैंपियंस लीग फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▸▸ पेरिस

मैट्स हुमेल्स के गोल से बोरुसिया डोर्टमंड ने मंगलवार को यहां सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पेरिस सेंट जर्मेन को 1-0 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मैच का एकमात्र गोल हुमेल्स ने 50वें मिनट में दागा। डोर्टमंड ने पहले चरण का मुकाबला भी 1-0 से जीता था और इस तरह 2-0 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबापे का सपना टूट गया जो पीएसजी के साथ अपने अंतिम सत्र में चैंपियंस लीग खिताब जीतने में नाकाम रहे।

# सुरक्षा के बीच मार्सेली पहुंची ओलंपिक की मशाल





**मार्सेली।** भारी सुरक्षा के बीच तीन जहाजों से ओलंपिक की मशाल यूनान से फ्रांस के दक्षिण स्थित शहर मार्सेली पहुंची जहां सूर्यास्त पर उसकी अगवानी की गई। पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने शहर में शानदार जश्न का वादा किया है जहां पुराने बंदरगाह को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। मशाल पिछले महीने यूनान में प्रज्वलित की गई थी जिसके बाद इसे फ्रांस को सौंपा गया। यह 1896 में पहली बार इस्तेमाल हुए बेलेम नामक जहाज से एथेंस से रवाना हुई और 12 दिन समुद्र की यात्रा की। जहाज के आसपास हजारों नावें थी। जहाज को एथलेटिक्स ट्रैक की तरह सजाए गए नाव के पुल पर रखा गया है। मशाल के स्वागत में फ्रांस की वायुसेना की टीम ने करतब दिखाईगी।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
18 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1741 चौके

997 छक्के

## खबर संक्षेप



### माराडोना की गोल्डन बॉल ट्रॉफी होगी नीलाम

**पेरिस।** महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गई है। अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की।

### 25 मई को हर साल मनाया जाएगा विश्व फुटबॉल दिवस




**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के पास अब हर साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का जश्न मनाने के लिए एक दिन होगा और वह होगा 25 मई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार यह दिन सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाले इतिहास के पहले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है जो 25 मई 1924 को पेरिस में ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित हुआ था।

### सैमसन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से मिली 20 रन की हार के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमसन के अपराध की जानकारी नहीं दी गई है लेकिन यह दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 86 रन की पारी के दौरान अंपायरों के साथ बहस करने के लिए हो सकता है। जब शाई होप ने 16वें ओवर में बाउंड्री पर उनका कैच लपका और उन्हें आउट दिया गया तो उन्होंने अंपायरों के साथ बहस की।

## 11 मैच में आठ अंक से तालिका में सातवें स्थान पर आरसीबी

# आज 'जीत का चौका' मारने उतरेगी बेंगलोर, पंजाब के किंग्स देंगे चुनौती

एजेंसी ▸▸ धर्मशाला

■ मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे

आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी। पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। इन दोनों में से हालांकि एक ही टीम 14 अंक के आंकड़े को छू पाएगी।

### फार्म में बेंगलोर के बल्लेबाज

सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम आत्मविश्वास से भरी है। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि कप्तान फाफ डुप्लेसी ने पिछले मैच में उम्दा पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। विल जैक्स ने भी गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के दौरान शतक जड़कर प्रभावित किया जबकि कैमरन ग्रीन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गेंद और बल्ले से योगदान देकर अपनी उपयोगिता साबित की।



### लय में लौटे सिराज

गेंदबाज भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल मोहम्मद सिराज अंततः लय में लौट आए हैं। यश दयाल और विजयकुमार विशाक ने भी टाइटंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया और आरसीबी को उनसे इस लय को जारी रखने की उम्मीद होगी।

### घरेलू मैदान पर किंग्स फेल



पंजाब ने कोलकाता नाइट राइडर्स और सुपरकिंग्स को उन्हीं के मैदान पर हराकर अपनी क्षमता दिखाई। नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया। हालांकि उन्हें अपने घरेलू मैदान पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता। आयोजन स्थल में बदलाव का भी टीम को फायदा नहीं मिला और उसे पिछले मैच में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम में भी हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की टीम अपने घरेलू मैदान पर शानदार ढंग से अभियान समाप्त करने की उम्मीद करेगी लेकिन ऐसा करने के लिए टीम को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा।

### पंजाब के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा सत्र

दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम के घुटने टेकने के बाद पंजाब किंग्स का आत्मविश्वास कम होगा। पंजाब किंग्स ने सुपरकिंग्स के खिलाफ अपना सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन किया। उनके गेंदबाज सुपरकिंग्स के सभी बल्लेबाजों पर हावी रहे लेकिन बल्लेबाजी इकाई ने निराश किया। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा।

## शर्मनाक रिकार्ड

# 12 रन पर मंगोलियन टीम आउट, दूसरा न्यूनतम स्कोर




एजेंसी ▸▸ सानो

एशियाई खेलों के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदार्पण करने वाले मंगोलिया इसके सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यहां केवल 12 रन पर आउट हो गया जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है।

जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में आउट हो गई। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी।

जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा कातो स्टैफ़ोर्ड ने 3.2 ओवर में 7 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि अब्दुल समद (चार रन देकर दो विकेट) और मकोतो तानियामा (कोई रन दिए बिना दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए। मंगोलिया की तरफ से तूर सुमाया ने सर्वाधिक चार रन बनाए। जापान ने इस तरह से यह मैच 205 रन से जीता, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रनों के लिहाज से चौथी बड़ी जीत है। रिकॉर्ड नेपाल के नाम पर है जिसने एशियाई खेलों में मंगोलिया को 273 रन से हराया था।




# तीन साल में पहली बार घर में खेलेंगे नीरज




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा।

इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।' चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज़ ने भी एजेंसी से पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था।

### आयरलैंड की अगुवाई करेंगे पॉल स्टर्लिंग



**डबलिन।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया। स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है। ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है। टीम : पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क एडेयर, रॉस एडेयर, एंड्रयू बेलबिर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोर्कान टकर, बेन व्हाइट और क्रेग यंग।

### टी20 : बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत



**सिलहट।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य मौसम से प्रभावित श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप करना होगा। भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक बल्लेबाजों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है हालांकि अभी तक जो चार मैच खेले गए हैं उनमें से दो मैचों में बारिश के कारण ओवरों की संख्या कम कर दी गई थी। स्मृति और हरमनप्रीत गुरुवार को मौके का पूरा फायदा उठाकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। हरमनप्रीत ने चौथे मैच में 26 गेंद पर 39 रन बनाए थे और वह उसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेंगी। खराब मौसम के कारण यह मैच 14 ओवर का कर दिया गया था तथा भारत ने इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 56 रन से जीत दर्ज की थी।

टूर्नामेंट सिर्फ तीन महीने दूर

# ओलंपिक में डेब्यू करने 'एनर्जी सेविंग मोड' में चल रही निकहत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निकहत जरीन अपने ओलंपिक पदार्पण से महज तीन महीने दूर हैं और इसकी तैयारी के लिए वह अब 'एनर्जी सेविंग मोड' में आ चुकी हैं।

'एनर्जी सेविंग मोड' (ऊर्जा बचाते हुए खुद को तरोताजा रखने के लिए) के अंतर्गत वह सोशल मीडिया से दूर हो चुकी हैं, ज्यादातर अकेला रहना पसंद कर रही हैं, कभी कभी मिठाई खाने से भी परहेज नहीं कर रहीं और नेटफ्लिक्स पर खूब फिल्में और सीरीज देख रही हैं। पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग की प्रबल दावेदारों में शुमार जरीन का मानना है कि ऐसी गतिविधियां जो भले ही कईयों को आरामदायक लगे, लेकिन उनके लिए यह वास्तव में 26 जुलाई को पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक से पहले खुद को शांतचित्त बनाए रखने का तरीका है। जरीन ने कहा, 'सच कहूं तो मैं अब भी ओलंपियन बनने के अहसास से गुजर रही हूं। जैसे जैसे दिन आगे बढ़ रहे हैं, मेरी घबराहट बढ़ती जा रही है। लेकिन मैं अपना दिमाग अच्छे प्रदर्शन पर ध्यान लगाए रखने पर लगा रही हूं।'

## प्रतिभाशाली सहरावत और अनुभवी दीपक देंगे चुनौती

# ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में कोटा की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ इस्तांबुल

प्रतिभाशाली अमन सहरावत और अनुभवी दीपक पूनिया गुरुवार से यहां शुरू होने वाले अंतिम विश्व कुश्ती क्वालीफायर्स में पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुषों के फ्री स्टाइल वर्ग में कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगे। पहलवानों के पास पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का यह अंतिम मौका होगा। विश्व अंडर 23 चैंपियन अमन से विश्व चैंपियनशिप या बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद थी लेकिन वह इन दोनों अवसरों पर नाकाम रहे ।

अमन (57 किग्रा) को बिश्केक में जहां गुलोमजोन अब्दुल्लाव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा वहीं विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक (86 किग्रा) और सुजीत कलकल (65 किग्रा) दोनों दुबई में फंसने के कारण समय पर बिश्केक नहीं पहुंच पाए थे। इस्तांबुल में अब भारतीय पहलवानों के लिए करो या मरो जैसी स्थिति बन गई है। यहां प्रत्येक वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाले दोनों खिलाड़ियों को कोटा मिलेगा। तीसरा कोटा कांस्य पदक के लिए होने वाले मुकाबले में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी को मिलेगा। इस चार दिवसीय टूर्नामेंट की शुरुआत ग्रीको रोमन शैली से होगी। इसके बाद महिला और फ्री स्टाइल प्रतियोगिताएं होंगी।



### किसी भी पुरुष पहलवान ने अभी तक नहीं जीता कोटा

भारत के किसी भी पुरुष पहलवान ने अभी तक पेरिस ओलंपिक में जगह नहीं बनाई है और अगर वह यहां भी कोटा हासिल करने में असफल रहते हैं तो यह भारतीय कुश्ती के लिए करारा झटका होगा जो पिछले कुछ समय से भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के कारण चर्चा में रही है। विरोध प्रदर्शन के कारण भारतीय पहलवान राष्ट्रीय शिविर और प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाए जिससे उनकी तैयारियां प्रभावित हुई। भारत को हालांकि अमन और दीपक से काफी उम्मीदें हैं।




# हाई कोर्ट ने जनजातीय व स्कूल शिक्षा विभाग को 15 दिन की मोहलत दी

# उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती की चयन प्रक्रिया की वस्तुस्थिति प्रस्तुत करें

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती-2018 की तहत चयन प्रक्रिया की वस्तुस्थिति प्रस्तुत करने के निर्देश जनजातीय विभाग व स्कूल शिक्षा विभाग को दिए हैं। न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने इसके लिए 15 दिन की मोहलत दी है।



याचिकाकर्ता छतरपुर निवासी निर्मल तलिया और अशोकनगर निवासी राजकुमार अहिरवार की ओर से अधिवक्ता अधिवक्ता धीरज तिवारी व अभिषेक दिलराज ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकर्ताओं के दस्तावेज सत्यापन कराए जाने के बाद भी नियुक्ति नहीं दी गई। बहुत से उम्मीदवार विगत चार वर्षों से नियुक्ति की बाट जोह रहे हैं। आयु सीमा को पार कर रहे हैं। विभाग द्वारा भर्ती प्रक्रिया अधूरी छोड़ दी गई है। हाई कोर्ट को अवगत कराया गया कि प्रवर्ग परिवर्तन व अमान्य प्रकरण के बाद पद स्कूल शिक्षा विभाग में कुल 5935 पद व जनजतीय कार्य विभाग में 77 पद रिक्त हैं। इन पदों को संयुक्त काउंसलिंग के बाद मापअप राउंड में भरा जाना था, ऐसा नहीं किया गया। वहीं राज्य शासन की ओर से बताया गया कि चयन प्रक्रिया पूरी हो गई है, लेकिन एक भी नियुक्ति नहीं दी गई है।

हाई कोर्ट ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में याचिकाकर्ता को किया स्वतंत्र

## मुख्य अभियंता के विरुद्ध छानबीन समिति के समक्ष करें शिकायत

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने धन्नालाल वर्मा मुख्य अभियंता, रानी अवंती लोधी परियोजना, बरगी हिल्स, जबलपुर पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र का लाभ लेने के आरोप संबंधी याचिका का निर्देश के साथ निराकरण कर दिया। इसके अंतर्गत याचिकाकर्ता को स्वतंत्र किया गया है कि वह अपनी शिकायत उच्च स्तरीय छानबीन समिति के समक्ष प्रस्तुत करे। जिस पर विचार कर समिति निष्पक्षतापूर्वक वैधानिक निर्णय लेगी। याचिकाकर्ता स्वयंसेवी संगठन में सदस्य पवन देवक शुभकारिये की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता ने प्रमुख सचिव, अनुसूचित जनजाति, छानबीन समिति, मप्र शासन, आयुक्त अनुसूचित जनजाति छानबीन समिति भोपाल, सचिव अनुसूचित जनजाति छानबीन समिति व संचालक आदिम जाति अनुसन्धान अनुसूचित जनजाति भोपाल को 10 नवंबर, 2021 को रजिस्ट्री के जरिये शिकायत भेजी थी। जिसमें आरोप लगाया था कि धन्नालाल वर्मा मुख्य अभियंता, रानी अवंती लोधी परियोजना ने फर्जी बिलाला जाति के प्रमाण पत्र का लाभ उठाया है। बिलाला जाति का प्रमाण पत्र नायब तहसीलदार, सिवनी मालवा से बनवाया गया है। जबकि नायब तहसीलदार को जाति प्रमाण पत्र जारी करने का अधिकार नहीं है। छह दिसंबर, 2016 को राज्य शासन के द्वारा जारी अनुसूचित जातियों की सूचि सीरियल क्रमांक-14 में जाति वर्णित है। 21 मार्च, 2003 को राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना में यह स्पष्ट निर्देश यही कि झूठे जाति प्रमाण पत्र के आधार पर सेवा में नियमित नहीं रखा जा सकता। आठ अक्टूबर, 2010 को राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना में भी यह आदेशित किया गया है कि झूठे जाति प्रमाण पत्र के आधार पर छानबीन समिति द्वारा झूठा प्रमाण पत्र पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही की जाए।

# मेडिकल कालेज में बड़ा हादसा टला

*देर रात प्लांट से ऑक्सीजन गैस लीक होने पर हड़कंप*

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज में गत देर रात बड़ी लापरवाही सामने आई। मेकिडल कालेज के ऑक्सीजन प्लांट में आई खराबी के चलते पूरे मेडिकल अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। गैस निकलने की तेज आवास सुनकर मरीज और परिजन सब भागने लगे। अस्पताल प्रबंधन ने किसी तरह प्लांट की खराबी ठीक की और स्थिति नियंत्रण में लिया। बताया जा रहा यदि स्थिति नियंत्रण में लेने में कुछ और देर होती तो आईसीयू में मरीजों की जान खतरे में आ जाती। अस्पताल प्रबंधन ने पूरे मामले में जांच के आदेश दिये हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात मेडिकल कालेज की पुरानी बिल्डिंग के सामने ऑक्सीजन प्लांट के बाहरी हिस्से की पाइप लाइन में एकदम से तेज रिसाव की आवाज आनी शुरु हो गई। कर्मचारियों ने देखा तो पता चला एक पाइप से तेज आवाज के साथ आक्सीजन का रिसाव हो रहा है। अंदर गए कर्मचारियों ने तत्काल ऑक्सीन सप्लाई को बंद किया और दूसरी वैकल्पिक पाइप लाइन को चालू किया। लेकिन आवाज इतनी तेज थी जहां तक पहुंची वहां भगदड़ मच गई। बताया जा रहा है कि मौके पर तैनात कर्मचारियों की समझदारी से बड़ा हादसा टल गया।



एक दिन में रेलवे ने की 25 लाख रूपये की रिकवरी

# टिकिट जांच अभियान:अनुचित यात्रियों को निकाला कोच से बाहर

**जबलपुर।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही रेलों में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने आरक्षित कोचों में यात्रियों की सुविधा बरक़रार रखने के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया है, जिसके तहत लंबी दूरी की यात्री गाडियों में अनुचित रूप से आरक्षित श्रेणी के डिब्बो में घुस कर यात्रा करने वालों को बाहर निकालने, अनुचित टिकिट पर यात्रा करने वालो पर दंडात्मक कार्यवाही के साथ ही ट्रेनों की साफ सफाई एवं उचित मूल्य पर गुणवत्ता पूर्ण खाद्य सामग्री आदि उपलब्ध करना प्रमुख है।

पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश एवं मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुए इस अभियान के तहत मई माह के प्रथम सप्ताह में 21 हजार से अधिक यात्रियों को पकड़ कर उनसे एक करोड़ 65 लाख रूपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया है। इस संबंध में सीनियर डी.सी.एम. विश्व रंजन ने बताया कि मई माह के पहले सप्ताह में चलाये गए उक्त अभियान से रिजर्व कोचों से अनाधिकृत यात्रियों को बहार निकालने से आरक्षित श्रेणी के यात्रियों विशेष लाभ मिला है। इसके साथ ही मंगलवार को दिन भर चले इस अभियान में भी 32 सौ यात्रियों को पकड़ कर उनसे 25 लाख रूपये की रिकवरी की गयी। इसके साथ ही ट्रेनों के कोचों में गेट के पास सामग्री भरकर उसे बंद करने से यात्रियों को होने वाली असुविधा को रोकने के लिए भी सामग्री को उतारकर जब्त करने, उच्च श्रेणी की पानी की बोतलों के नाम से मिलते जुलते नामों वाली पानी की बोतल बेचने वालो को भी पकड़ कर सामग्री को जब्त कराया गया है। रेलवे का यह अभियान पुरे ग्रीष्म काल में इसी तरह चलता रहेगा।

# सत्यापन के बगैर फ्यूल चार्ज तय करना गैरकानूनी

## उपभोक्ता मंच ने विद्युत नियामक आयोग को भेजी आपत्ति

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राजपत्र गत 17 मार्च 2023 में फ्यूल सरचार्ज से हरेक माह में बिजली दाम तय करने संबंधी जारी रेग्युलेशन के क्लॉज 9.9 में निर्देश है कि यदि वितरण कंपनियां फ्यूल सरचार्ज ज्यादा वसूलेगी तो यह राशि वितरण कंपनियों से वसूली जायेगी। विद्युत नियामक आयोग द्वारा फ्यूल सरचार्ज को आगे जारी रखने संबंधी निर्धारित कॉस्ट रेट से 1.20 गुना ज्यादा पेनाल्टी लगाकर सत्यापन के समय वसूली की जाएगी। वर्तमान में पावर मैनेजमेंट कंपनी ने फरवरी से 2 माह के बीच हुए फ्यूल तथा बिजली खरीदी के आधार पर गणना कर अप्रैल 2024 का फ्यूल सरचार्ज तय किया है, फ्यूल सरचार्ज मार्च में 4.72 प्रतिशत था, उसे अप्रैल में 5.24 प्रतिशत बढ़ाया गया है। इन माहों में फ्यूल तथा बिजली खरीदी में इतना फर्प कैसा? यह आपत्ति नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने बुधवार को मप्र विद्युत नियामक आयोग को भेजी है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि रेग्युलेशन के क्लॉज 9.8 में स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी आर्थिक वर्ष में फ्यूल सरचार्ज के जरिए हुई राजस्व वसूली का सत्यापन 30 जून तक होना अनिवार्य है। जब तक पुराने वसूली का सत्यापन नहीं होगा तब तक नए आर्थिक वर्ष अपैल 2024 से हुए फ्यूल तथा पावर परचेस के आधार पर नया फ्यूल सरचार्ज तय करना गैर कानूनी होगा। मंच ने बताया कि आयोग को सत्यापन की प्रक्रिया जारी करने के लिए संबंधितों को निर्देश जारी करना चाहिए।




हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240